# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : मंगलवार, 31 मार्च, 2026 | वर्ष -01 | अंक-44 | पृष्ठ-14 | मूल्य : 01 रु. | ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


संक्षिप्त खबरें

### कटिहार में 25 हजार का इनामी अपराधी गिरफ्तार

**कटिहार।** बिहार में कटिहार जिले के मनिहारी थाना पुलिस ने जमीन विवाद में पीड़ित पर जानलेवा हमले के मामले में 25 हजार के इनामी अपराधी जग्गा यादव को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक, कटिहार के निर्देश पर गठित एसआईटी टीम ने झारखंड के साहेबगंज से जग्गा यादव को पकड़ा। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पीड़ित कुंदन कुमार ने मनिहारी थाना में दर्ज कराई गई शिकायत में बताया था कि जमीन विवाद को लेकर जग्गा यादव और उनके सहयोगियों ने उन पर जानलेवा हमला किया था। इस हमले में कुंदन कुमार घायल हो गए थे।

### नालंदा विवि में आज दीक्षांत समारोह, राष्ट्रपति होंगी मुख्य अतिथि

**बिहारशरीफ ।** नालंदा विश्वविद्यालय में मंगलवार को द्वितीय दीक्षांत समारोह का आयोजन होगा, जिसमें द्रौपदी मुर्मु मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। इस विशेष अवसर पर विश्वविद्यालय ने पारंपरिक दीक्षांत परिधानों में महत्वपूर्ण बदलाव करते हुए भारतीयता और पर्यावरणीय स्थिरता को प्राथमिकता दी है। औपनिवेशिक दौर के भारी मखमली गाउन की जगह इस बार विद्यार्थियों के लिए खादी के परिधान तैयार किए गए हैं, जबकि विशिष्ट अतिथियों और आगंतुकों के लिए अहिंसा रेशम (पीस सिल्क) से बने वस्त्र तैयार किए गए हैं। इसमें बिहार का प्रसिद्ध भागलपुरी रेशम भी शामिल है।



### सोनिया के खिलाफ FIR दर्ज करने की संबंधी याचिका पर सुनवाई टली

**नई दिल्ली।** राऊज एवेन्यू कोर्ट के सेशंस कोर्ट में सोमवार को 1980 में वोटर लिस्ट में सोनिया गांधी का कथित रुप से नाम जुड़वाने पर एफआईआर दर्ज करने की मांग करने वाले याचिकाकर्ता ने अपनी दलीलें पूरी कर ली। सोनिया गांधी की ओर से आज दलीलें पूरी नहीं हो सकी। स्पेशल जज विशाल गोगने ने मामले की अगली सुनवाई 18 अप्रैल को करने का आदेश दिया।



### सुपौल में युवक की गला रेतकर हत्या

**सुपौल।** जिले के किशनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सिसौनी के पास रविवार को अज्ञात अपराधियों द्वारा एक युवक की गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान राजेश सूतिहार के रूप में की जा रही है। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सुपौल भेज दिया। (विस्तार से पेज-10)

# सीएम नीतीश का विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा

## विजय चौधरी व संजय गांधी इस्तीफा लेकर पहुंचे विधान परिषद



**पटना (एनएसबी)।** तमाम सियासी चचाओं और अटकलों पर विराम लगाते हुए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को बिहार विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। बताया गया कि उन्होंने सीएम आवास से ही बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह को इस्तीफा सौंपा है।

बिहार विधान परिषद ने इसकी अधिसूचना भी जारी कर दी है। नीतीश कुमार ने आखिरी बार 2004 में नालंदा से लोकसभा का चुनाव लड़ा था। उसके बाद से वे लगातार विधान परिषद के सदस्य रहे। गत 16 मार्च को राज्यसभा के लिए राज्यसभा का सदस्य चुने जाने के बाद संवैधानिक अनिवार्यता के तहत सोमवार को नीतीश कुमार ने बिहार विधान परिषद की सदस्यता से तो इस्तीफा दे दिया, लेकिन मुख्यमंत्री की कुर्सी छोड़ने पर अभी सस्पेंस बना हुआ है। मालूम हो कि एमएलसी पद से इस्तीफा देने के बाद भी नीतीश कुमार छह महीने तक मुख्यमंत्री रह सकते हैं, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि नीतीश कुमार के बाद राज्य का अगला सीएम कौन होगा। इसे लेकर बिहार में एक बार फिर राजनीति सरगर्मी शुरू हो गई है। नीतीश कुमार के विधान परिषद से इस्तीफा देने के साथ ही उनका सियासी उत्तराधिकारी चुनने की कवायद तेज हो जाएगी। सियासी गलियारों में अगले मुख्यमंत्री को लेकर तरह-तरह की चचाएं चल रही हैं। मौजूदा डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी समेत कई भाजपा नेताओं का नाम मुख्यमंत्री पद के दावेदारों के रूप में सामने आ रहे हैं। वहीं, जदयू की ओर से निशांत कुमार का नाम भी चर्चा में है।

**बिहार का अगला मुख्यमंत्री चुनने की कवायद हुई तेज**

### नितिन नवीन ने भी विधानसभा की सदस्यता से दिया इस्तीफा



**पटना (एनएसबी)।** राज्यसभा सदस्य चुने जाने के बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने भी सोमवार को बांकीपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से अपना इस्तीफा सौंप दिया। राज्यसभा के लिए निर्वाचित होने के बाद संवैधानिक नियमों के तहत यह जरूरी था। संसद के उच्च सदन में अपना नया सफर शुरू करने से पहले नितिन नवीन ने बांकीपुर की जनता के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। बिहार विधानसभा ने नितिन नवीन के विधानसभा के इस्तीफे की अधिसूचना भी सोमवार को जारी कर दी।

### इस्तीफे के बाद फफक कर रोए मंत्री अशोक चौधरी



**पटना (एनएसबी) ।** नीतीश कुमार के इस्तीफे के बाद मंत्री अशोक चौधरी भावुक नजर आए। वो फफक कर रोते दिखे। उन्होंने कहा कि लंबे समय से मैं उनके साथ हाउस में हूं। कोविड आया तो मैं उसने ज्यादा क्लोज हुआ। वो बड़े नेता हैं। सम्मानित व्यक्ति हैं। प्रदेश के अभिभावक हैं। उनके काम करने का तरीका, विरोधियों के प्रति भी सम्मान रखना, स्नेह रखना। उनके व्यक्तिगत काम की भी चिंता करना। इस देश में कोई दूसरा नीतीश कुमार नहीं हो सकता है। सदन में डांटना, फटकारना, कोई मंत्री फंस जाए तो बेल आउट करना। नीतीश की हर विभाग में पकड़ थी। नए से नए मंत्री को भी गाइड करते थे।

### बांकीपुर से रिश्ता हमेशा अटूट रहेगा

**पटना (एनएसबी)।** नितिन नवीन ने विधायक पद से इस्तीफा देने के बाद बिहार विधानसभा के बांकीपुर निर्वाचन क्षेत्र की जनता के नाम भावुक संदेश लिखा है। उन्होंने कहा कि मेरे कार्यकताओं और बिहार की जनता के साथ मेरा जो अटूट संबंध है, वह सदैव बना रहेगा और मुझे हमेशा नई ऊर्जा, प्रेरणा और मार्गदर्शन देता रहेगा। उन्होंने याद किया कि कैसे जनवरी 2006 में उनके पिता और वरिष्ठ नेता स्वर्गीय नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा के निधन के बाद, उन्होंने अप्रैल 2006 में पटना पश्चिम से उपचुनाव जीतकर अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत की थी। पिछले 20 वर्षों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा "पिताजी द्वारा सींचे गए इस क्षेत्र को मैंने हमेशा अपने परिवार की तरह समझा। बांकीपुर की देवतुल्य जनता ने मुझे लगातार 5 बार अपना प्रतिनिधि चुनकर जो स्नेह और आशीर्वाद दिया, वह मेरे लिए अमूल्य है।"

### नीतीश के इस्तीफे पर अवधेश नारायण सिंह हुए भावुक



**पटना (एनएसबी)।** बिहार विधान परिषद के अध्यक्ष अवधेश नारायण सिंह सोमवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विधायक पद से इस्तीफे के बाद भावुक हो गए। उन्होंने इसे न केवल व्यक्तिगत क्षति बल्कि पूरे राज्य के लिए शोक का क्षण बताया। श्री सिंह ने कहा कि उन्होंने दिन में पहले मुख्यमंत्री से मुलाकात की थी, जिसमें नीतीश कुमार ने स्पष्ट रूप से अपने इस्तीफे का निर्णय बता दिया था। इसके बाद, उनके प्रतिनिधि, एमएलसी संजय गांधी, परिषद पहुंचे और औपचारिकताएं पूरी करते हुए अपना इस्तीफा पत्र सौंप दिया। अध्यक्ष ने पुष्टि की कि उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है और सीट को रिक्त घोषित करने की आधिकारिक प्रक्रिया शुरू कर दी गई है तथा आगे की प्रक्रियागत कार्रवाई जारी है। उन्होंने यह भी बताया कि इस संबंध में संसदीय कार्य मंत्री को तलब किया गया है।

## जो हथियार उठाएगा, उसे कीमत चुकानी होगी : शाह



**वामपंथियों ने आदिवासियों को बहकाया, गरीबी ने नक्सलवाद नहीं, नक्सलवाद ने गरीबी फैलाई**

**नई दिल्ली (एजेंसी) ।** गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को लोकसभा में कहा कि भारत नक्सल-मुक्त हो गया है, ऐसा हम कह सकते हैं। अपनी डेढ़ घंटे स्पीच के दौरान शाह ने कहा- हमने 31 मार्च तक देश को नक्सल-मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा था। मैं पूरी व्यवस्था होने के बाद देश को भी सूचित करूंगा। शाह ने कहा- जो लोग पूरी व्यवस्था को नकार कर हथियार उठा लेते हैं, उन्हें इसकी कीमत चुकानी होगी। सालों से भोले-भाले आदिवासियों को अंधेरे में रखा गया। वामपंथियों ने अपनी विचारधारा को फैलाने के लिए आदिवासियों को बहकाया। शाह ने कहा- कांग्रेस ने 60 साल के दौरान आदिवासियों तक घर, स्कूल, मोबाइल टॉवर नहीं पहुंचने दिया और अब हिसाब मांग रहे हैं। अपने गिरेबान में झांककर देखिए। आदिवासी इलाकों में गरीबी के कारण नक्सलवाद नहीं फैला बल्कि नक्सलवाद के कारण सालों तक गरीबी रही। नक्सलवाद की जड़ें वैचारिक हैं। यह गरीबी और विकास से जुड़ी नहीं हैं। संसद में आज नक्सलवाद पर चर्चा सरकार की तरफ से दी गई डेडलाइन खत्म होने से एक दिन पहले हुई। शाह कई बार 31 मार्च, 2026 तक देश से नक्सलवाद पूरी तरह से खत्म करने की घोषणा कर चुके हैं।

### विपक्ष के हंगामे से लोकसभा की कार्यवाही स्थगित

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण में सोमवार को लोकसभा की कार्यवाही विपक्ष के हंगामे के चलते 12:30 बजे तक स्थगित कर दी गई। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन की कार्यवाही शुरू कराई और प्रश्नकाल में संबंधित मंत्रियों ने पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सदन के पटल पर रखे। इसके बाद विपक्ष ने पश्चिम एशिया संकट और एलपीजी संकट पर चर्चा की मांग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष को समझाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने वामपंथी कट्टरपंथ पर निर्णायक कदम उठाने की बात कही थी और आज इस पर गृहमंत्री जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि ऊर्जा संकट पर प्रधानमंत्री ने स्वतः संज्ञान लेते हुए विस्तृत वक्तव्य दिया है। बजट भाषण में भी एलपीजी मुद्दे पर चर्चा हुई है।

## निगरानी के हत्थे चढ़े तीन रिश्वतखोर

### हाजीपुर : केस निपटाने के बदले 15 हजार घूस लेते दारोगा गिरफ्तार



**हाजीपुर (एनएसबी) ।** निगरानी विभाग की टीम ने आज पातेपुर थाना के एक दरोगा का घूस की राशि के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया। पटना से आई टीम ने दरोगा को रंगे हाथ गिरफ्तार कर अपने साथ पटना ले गई। निगरानी विभाग के डीएसपी सत्येंद्र राम ने जानकारी दिया कि परिवादी चंदन कुमार ने लिखित शिकायत दर्ज कर आरोप लगाया गया था कि पातेपुर थाना में मामले के अनुसंधानकर्ता (आईओ) अखिलेश सिंह केस डायरी लिखने और मामले के निपटारे के बदले 15,000 की रिश्वत मांग रहे थे। शिकायत के सत्यापन के बाद आरोप सही पाए गए, जिसके बाद निगरानी विभाग ने एक विशेष टीम का गठन किया। डीएसपी सत्येंद्र राम के नेतृत्व में 10 सदस्यीय टीम ने सोमवार को जाल बिछाया और जैसे ही दारोगा ने परिवादी से रिश्वत की रकम ली, टीम ने मौके पर ही उन्हें दबोच लिया। कार्रवाई में सुनील कुमार सिंह, रवि कुमार और रितेश कुमार सिंह समेत अन्य अधिकारी भी शामिल थे।

### भागलपुर : 70 हजार रुपये रिश्वत लेते लिपिक व स्टेनो दबोचे गये



**भागलपुर (एनएसबी)।** भागलपुर के एसडीएम कार्यालय में सोमवार को निगरानी विभाग ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई हुए छापेमारी की। इस कार्रवाई में 70 हजार रुपये का रिश्वत लेते हुए लिपिक मयंक कुमार और स्टेनो प्रेम कुमार को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। बताया जा रहा है कि नाथनगर आपूर्ति कार्यालय में पदस्थापित अभिजीत कुमार से सेवा संपुष्टि के नाम पर 70 हजार रुपये की मांग की गई थी। परेशान होकर उन्होंने निगरानी विभाग में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पटना से डीएसपी के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम ने जाल बिछाकर एसडीएम कार्यालय छापा मारा और जैसे ही रिश्वत का लेन-देन हुआ, दोनों आरोपियों को मौके पर ही पकड़ लिया गया। गिरफ्तारी के बाद दोनों को पटना ले जाया गया है, जहां आगे की पूछताछ और कानूनी कार्रवाई की जाएगी। निगरानी विभाग की इस कार्रवाई के बाद प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है और भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त संदेश गया है।

### लश्कर-ए-तैयबा का आतंकी शब्बीर अहमद लोन गिरफ्तार



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राजधानी दिल्ली में बड़े आतंकी हमले की साजिश को नाकाम करते हुए दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े एक दुर्दान्त आतंकवादी शब्बीर अहमद लोन को गिरफ्तार किया है। जांच एजेंसियों के अनुसार, लोन इस पूरे मॉड्यूल का हैंडलर था और हाल ही में सामने आए मेट्रो पोस्टर मामले में पकड़े गए आतंकी नेटवर्क को संचालित कर रहा था। स्पेशल सेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि स्पेशल सेल की नई दिल्ली रेंज के पुलिस उपायुक्त प्रवीण त्रिपाठी की देखरेख मे आतंकी को रविवार देर रात गाजीपुर इलाके से गिरफ्तार किया है। स्पेशल सेल के अधिकारियों ने बताया कि शब्बीर अहमद लोन के कब्जे से करीब 2,300 बांग्लादेशी टका, 3,000 से 5,000 पाकिस्तानी मुद्रा (लगभग 3,000 भारतीय रुपये के बराबर) और एक नेपाली सिम कार्ड मिला है। इन सभी सामानों को जब्त कर लिया गया है और उनकी फॉरेंसिक जांच की जा रही है।

### मुजफ्फरपुर में दिनदहाड़े जमीन कारोबारी की हत्या

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में बेखौफ अपराधियों ने सोमवार को अहियापुर थाना क्षेत्र के व्यस्ततम बाजार समिति रोड पर बाइक सवार अपराधियों ने सरेआम गोलीबारी करते हुए जमीन कारोबारी प्रभाकर सिंह की हत्या कर दी। बताया गया कि प्रभाकर सिंह सड़क से गुजर रहे थे । (विस्तार पेज-6 पर)

## सूबे में जरूरत वस्तुओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करें : प्रत्यय अमृत

### मुख्य सचिव की अध्यक्षता में सीएमजी की पहली बैठक संपन्न

**पटना (एनएसबी)।** बिहार में आवश्यक वस्तुओं एवं सेवाओं की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा प्रवासी श्रमिकों के हितों की सुरक्षा के उद्देश्य से आज मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप (सीएमजी) की पहली उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई।

लगभग डेढ़ घंटे तक चली इस समीक्षा बैठक में विकास आयुक्त, अपर मुख्य सचिव (गृह), पुलिस महानिदेशक सहित कई विभागों के प्रधान सचिव व सचिव स्तर के अधिकारी उपस्थित रहे। सभी जिलों के प्रभारी सचिव, जिलाधिकारी, एसपी और प्रमंडलीय आयुक्त वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। इसके अतिरिक्त, प्रमुख तेल कंपनियों के



प्रतिनिधि भी बैठक में शामिल हुए। खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग को इस समूह (सीएमजी) का नोडल विभाग नामित किया गया है। मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि सीएमजी की बैठक अब प्रत्येक सोमवार को नियमित रूप से आयोजित की जाएगी। बैठक में निर्देश दिए गए कि पूरे बिहार में पीएनजी कनेक्शन के लिए 3,68,783 घरों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें से 2,30,939 घर कनेक्शन हेतु तैयार हैं और 31,458 घर चार्जिंग हेतु तैयार हैं। मुख्य सचिव ने इस बात पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की कि राज्य के 14 जिलों में पीएनजी कार्य की प्रगति शून्य है। उन्होंने इन जिलों के जिलाधिकारियों और एसपी को खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर तत्काल कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया। वहीं एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति में आ रहे बैकलॉग की गहन समीक्षा की गई। पश्चिम चंपारण, भोजपुर, गया, दरभंगा, नालंदा, रोहतास, मुजफ्फरपुर, सारण, वैशाली, बेगूसराय, भागलपुर, पूर्वी चंपारण, जहानाबाद और जमुई जिलों में अधिक बैकलॉग पाए जाने पर मुख्य सचिव ने वहां के जिलाधिकारियों और एसपी को इसे अविलंब कम करने के सख्त निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने स्पष्ट किया कि इस समय में जमाखोरी और कालाबाजारी की संभावना बढ़ जाती है, जिसे रोकना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। यदि कोई भी व्यक्ति या प्रतिष्ठान इसमें संलिप्त पाया जाता है, तो उस पर तत्काल प्राथमिकी दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। सीमावर्ती जिलों को विशेष रूप से सतर्क रहने की आवश्यकता है।

### लोकसभा ने दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक को दी मंजूरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा ने सोमवार को दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक को मंजूरी दे दी है। इसका उद्देश्य दिवालियापन प्रक्रिया में गई कंपनियों के मामलों का तेजी से समाधान करना है। इस विधेयक में कंपनी के डिफॉल्ट साबित हो जाने के बाद दिवालियापन के आवेदनों को स्वीकार करने के लिए 14 दिनों की अनिवार्य समय सीमा निर्धारित की गई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार ने दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक में 12 संशोधन प्रस्तावित किए हैं ताकि समाधान तंत्र को और मजबूत किया जा सके। सीतारमण ने कहा कि आईबीसी समाधान में देरी का मुख्य कारण व्यापक मुकदमेबाजी है, और आईबीसी विधेयक में प्रक्रिया के दुरुपयोग को रोकने के लिए दंड का प्रावधान है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए विधेयक पर लोकसभा में 27 मार्च को चर्चा हुई थी।

**दिवालियापन प्रक्रिया में आएगी तेजी**

यह विधेयक, जिसे पहले एक चयन समिति को भेजा गया था, कंपनी या व्यक्ति की दिवालियापन संबंधी मामलों के निपटारे में होने वाली देरी को दूर करने के लिए लाया गया है। वित्त मंत्री सीतारमण ने सदन में कहा कि दिवालियापन संहिता (आईबीसी) ने बैंकिंग क्षेत्र की स्थिति सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, साथ ही उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि इस कानून का उद्देश्य कभी भी ऋण वसूली तंत्र के रूप में कार्य करना नहीं था।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया पटना विवि के नवनिर्मित प्रशासनिक एवं शैक्षणिक भवन (कला संकाय) का उद्घाटन



पटना विवि में कला संकाय का नवनिर्मित प्रशासनिक एवं शैक्षणिक भवन।





नवनिर्मित प्रशासनिक एवं शैक्षणिक भवन का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार , साथ में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी व शिक्षा मंत्री सुनील कुमार।

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज 147.29 करोड़ रुपए की लागत से पटना विश्वविद्यालय, पटना के नवनिर्मित प्रशासनिक भवन एवं शैक्षणिक भवन (कला संकाय) का षिलापट्ट अनावरण कर एवं फीता काटकर उद्घाटन किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने पटना विश्वविद्यालय के नवनिर्मित प्रशासनिक एवं शैक्षणिक भवन (कला संकाय) का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं की जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्वविद्यालय के शैक्षणिक बुनियादी ढ़ांचे के मजबूत होने से यहां की षिक्षा प्रणाली को और बेहतर बनाने तथा प्रशासनिक कार्यों का सुव्यवस्थित ढंग से संचालन करने में सहूलियत होगी। साथ ही विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक माहौल और सुविधायें मिल सकेंगी।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा, उच्च शिक्षा, शिक्षा तथा विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ चन्द्रशेखर सिंह, उच्च शिक्षा विभाग के सचिव राजीव रौशन, पटना विष्वविद्यालय के कुलपति प्रो अजय कुमार सिंह, जिलाधिकारी डॉ त्यागराजन एसएम, बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड की प्रबंध निदेशक इनायत खान, वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी, अध्यापकगण एवं छात्र उपस्थित थे।

## रसोई गैस की किल्लत और बढ़ती महंगाई के खिलाफ आज हर जिले में कांग्रेस करेगी पीसी

**पटना (एनएसबी)।** रसोई गैस की भारी किल्लत, बढ़ती महंगाई और आम जनता की परेशानियों को लेकर कांग्रेस पार्टी ने राज्यव्यापी अभियान चलाने का निर्णय लिया है। इसी कड़ी में 31 मार्च को बिहार के सभी जिलों में कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएगी।

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम ने इसके लिए वरिष्ठ नेताओं का पैनल बनाया है, जो आवंटित जिलों में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर केंद्र सरकार की नीतियों के कारण उत्पन्न गैस संकट और महंगाई के मुद्दे को उठाएंगे तथा जनता के सामने सच्चाई रखेंगे। जिलों के लिए नामित नेताओं की सूची इस प्रकार है— पश्चिम चंपारण शैलेन्द्र शुक्ला, पूर्वी चंपारण मदन मोहन तिवारी (पूर्व विधायक), मुजफ्फरपुर बंटी चौधरी (पूर्व विधायक), सीतामढ़ी भावना झा (पूर्व विधायक), शिवहर कमलेश सिंह, वैशाली पूनम पासवान (पूर्व विधायक), दरभंगा तारानंद सदा, मधुबनी मिथिलेश चौधरी, समस्तीपुर प्रो. रूपम यादव, सहरसा राजीव कुमार (एमएलसी), सुपौल कृपानाथ पाठक (पूर्व मंत्री), मधेपुरा प्रमोद कुमार सिंह (पूर्व विधायक), अररिया मिन्नत रहमानी, पूर्णिया जय प्रकाश चौधरी, किशनगंज झ तौकीर आलम, कटिहार केसर सिंह, भागलपुर जितेन्द्र यादव, बांका प्रवीण सिंह कुशवाहा, गोपालगंज सरदार बग्गा सिंह, सीवान संजय सिंह यादव, सारण प्रतिमा कुमारी (पूर्व विधायक), बेगूसराय प्रो. अनीता शर्मा, मुंगेर अनामिका शर्मा, जमुई सिद्धार्थ प्रसाद, शेखपुरा प्रो. सुनील कुमार, लखीसराय यशवंत कुमार चमन, खगड़िया शिव प्रकाश गरीब दास, पटना शहरी सदाकत आश्रम में राजेश राम (अध्यक्ष), डॉ. मदन मोहन झा, डॉ. शकील अहमद खान, प्रेम चंद्र मिश्रा, नालंदा विनीता भगत, भोजपुर कुमार आशीष, रोहतास रामचंद्र सिंह यादव, बक्सर रीता सिंह, कैमूर संतोष मिश्रा (पूर्व विधायक), गया कपिल देव प्रसाद यादव, जहानाबाद डॉ. समीर कुमार सिंह (एमएलसी), औरंगाबाद चंद्र प्रकाश सिंह, अरवल शशिकांत तिवारी, नवादा ऋषि मिश्रा (पूर्व एमएलसी)।

प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम ने कहा है कि गैस की भारी किल्लत और लगातार बढ़ती महंगाई से आम जनता त्रस्त है, लेकिन केंद्र सरकार इस समस्या के के प्रति गंभीर नहीं दिख रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### खेल कूद में भाग लेना स्वस्थ शरीर के लिए जरूरी : सूर्यकांत कुमार

**पटना (एनएसबी)।** मेरा युवा भारत, पटना, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में पटना कॉलेज, पटना के खेल मैदान/परिसर में दो दिवसीय जिला स्तरीय खेलकूद कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया



पटना कॉलेज के खेल मैदान/परिसर में जिला स्तरीय खेलकूद कार्यक्रम।

गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। समूह वर्ग में आयोजित फुटबॉल (पुरुष वर्ग) प्रतियोगिता में मसौढ़ी की टीम विजेता रही, जबकि बिहटा की टीम उपविजेता रही। वहीं, महिला वर्ग में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में फतुहा के युवा क्लब ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजेता का स्थान प्राप्त किया, जबकि बिहटा के युवा क्लब ने उपविजेता स्थान हासिल किया। महिला वर्ग में आयोजित 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय तीनों स्थानों पर मसौढ़ी की युवतियों ने क्रमशः अंजली कुमारी, रानी कुमारी एवं प्रीति मेहता के रूप में अपना वर्चस्व स्थापित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य, पटना कॉलेज, पटना, राज्य निदेशक सूर्यकांत कुमार ने मेरा युवा भारत, पटना तथा प्रेम कुमार, संस्थापक, प्रेम युवा फाउंडेशन उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विजेता एवं उपविजेता टीमों तथा प्रतिभागी युवाओं को ट्रॉफी, मेडल एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में श्री केदारनाथ सिंह लेखा पदाधिकारी एवं मो. हमीद राजा पीएच.डी. शोधार्थी, पटना विश्वविद्यालय सहित मेरा युवा भारत के स्वयंसेवक अल्का राज, रजनी कुमारी एवं स नेहा शर्मा, अंजू कुमारी, सन्नी कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### इंस्पेक्टर ने किया थानों का निरीक्षण, लंबित कांडों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश

**दनियावां (एनएसबी)।** सोमवार को दनियावां एवं शाहजहांपुर थानों का निरीक्षण पुलिस निरीक्षक माया कुमारी ने किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर की व्यवस्था, अभिलेखों के रख-रखाव एवं लंबित मामलों की स्थिति की गहन समीक्षा की। इस क्रम में उन्होंने विभिन्न कांडों का पर्यवेक्षण करते हुए अनुसंधान में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने दनियावां थानाध्यक्ष अनील प्रसाद एवं शाहजहांपुर थानाध्यक्ष मुन्ना दास को लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा। पुलिस निरीक्षक ने स्पष्ट किया कि लंबित कांडों के निष्पादन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा सभी मामलों में समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने थाना स्तर पर आमजन की शिकायतों के त्वरित समाधान पर भी विशेष जोर दिया।

विधान परिषद से सीएम नीतीश कुमार के इस्तीफे के बाद नेता प्रतिपक्ष ने कसा भाजपा पर तंज

# बिहार में घूसखोरी और अनियंत्रित भ्रष्टाचार का अब अकल्पनीय दौर शुरू होगा : तेजस्वी

नव संदेश ब्यूरो

**पटना।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव का बिजली दर में वृद्धि को लेकर सूबे की एनडीए सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा है कि बिहार में पहले से ही बेकाबू रिश्वतखोरी, लूट और अनियंत्रित भ्रष्टाचार का अब अकल्पनीय दौर शुरू होगा। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि नीतीश-भाजपा ने फिर पलटी मारी। चुनावों के वक्त मुफ़्त 125 यूनिट फ़्री बिजली देने का वादा कर चीटर मीटर वाले महज 4 महीने में ही जनता को लूटने वाले अपने असल रंग में लौट आए।

अब बिहार में शाम 11 बजे तक सर्वाधिक खपत वाले 6 घंटे बिजली बिल 8.10 रुपए प्रति यूनिट, रात्रि 11 बजे से सुबह के 9 बजे तक यानि 10 घंटे तक 7.10 रुपए और फिर शेष 8 घंटे 5.94 प्रति यूनिट आपकी जेब से वसूलेंगे।

उन्होंने ने कहा कि 10 हजारिया के फेर में फौरी तौर पर खुश होकर वोट गिरवी रखने वालों को यह सरकार अभी इससे भी बुरे दिन दिखाएगी। नई सरकार के अभी 4 महीने ही हुए है, सरकार का खजाना एकदम खाली है और जो बचा-खुचा है उसे भ्रष्ट अधिकारी स्वयं समेट लेंगे। चुनाव आयोग की अनैतिकता, धूर्तता और निर्जल्लता के सानिध्य में मशीनी तंत्र के मार्फ़त जनतंत्र को खत्म करने के इरादे से लड़े गए इस चुनाव में भ्रष्ट भूंजा पार्टी एवं भ्रष्ट अधिकारियों के कार्टेल ने स्थापित लोकतांत्रिक मयार्दाओं, परंपराओं तथा लोकलाज को तार-तार करते हुए चुनाव के आखिरी



35 दिनों में (वोटिंग के समय तक भी) जो 41,000 हजार करोड़ रुपए नगद सरकारी खजाने का बांटा है अब आगामी पाँच साल तक उसकी जी भरकर वसूली करेंगे। तेजस्वी ने कहा कि थके-हारे जिस चेहरे को सोची समझी साजिश और षड्यंत्र के तहत मोहरा बनाया गया, अब उसी अचेत चेहरे को भ्रष्ट और डरपोक सिंडिकेट ने इकरारनामे के तहत दरकिनार कर ही दिया है। देर-सवेर यह लोकतांत्रिक कलंक और आसमानी वादों की विफलता भी उन्हीं के माथे मढ़ी जाएगी। पूर्व की मेरी कहे अन्य तमाम बातों की तरह यह भी सत्य साबित होगा।

### भाजपा की व्यूह रचना ने नीतीश कुमार को इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया : एजाज

**पटना (एनएसबी)।** नीतीश कुमार के द्वारा बिहार विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दिए जाने पर राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि अंततः भाजपा और भुंजा पार्टी की व्युह रचना में नीतीश कुमार को इस्तीफा देने के लिए मजबूर कर दिया गया। जबकि नीतीश कुमार नहीं चाहते थे कि वह बिहार की राजनीति और बिहार के लोगों से अलग हों, लेकिन नीतीश कुमार को बिहार से अलग करने की जो भी व्युह रचना अमित शाह ने चुनाव के पहले रची थी भुंजा पार्टी के माध्यम से उसको आज अंतिम मुकाम तक पहुंचाने का काम किया गया।

नीतीश को विधान परिषद के सदस्य के रूप में इस्तीफा देने के लिए जिस तरह से मजबूर कर दिया गया, उससे स्पष्ट हो गया कि भाजपा सत्ता के लिए किसी हद तक जा सकती है।

## तेजस्वी यादव का बयान भ्रम, हताशा व राजनीतिक निराशा का प्रतीक : प्रभाकर मिश्रा

**पटना (एनएसबी)।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर मिश्रा ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव द्वारा दिए गए बयान को पूरी तरह भ्रामक, तथ्यहीन और जनता को गुमराह करने का प्रयास बताया है।

प्रदेश प्रवक्ता श्री मिश्रा ने कहा कि तेजस्वी यादव आज जिस तरह से बिजली दरों और सरकार की नीतियों पर सवाल उठा रहे हैं, वह उनकी राजनीतिक हताशा को दशार्ता है। जिनके परिवार के शासनकाल में बिहार अंधकार, भ्रष्टाचार और बदहाल व्यवस्था का प्रतीक था, वे आज विकास और सुशासन पर सवाल उठा रहे हैं, यह अत्यंत हास्यास्पद है।

वास्तविकता यह है कि ठऊ्अ सरकार बिहार में पारदर्शिता, सुशासन और जनकल्याण के संकल्प के साथ काम कर रही है। बिजली व्यवस्था में सुधार, आपूर्ति में वृद्धि और आधारभूत संरचना के विकास के कारण आज बिहार की स्थिति पहले से कहीं बेहतर हुई है। श्री मिश्रा ने कहा कि तेजस्वी यादव द्वारा चुनाव आयोग और लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर लगाए गए आरोप भी पूरी तरह निराधार और लोकतंत्र का अपमान हैं। जनता ने उनके झूठे वादों, परिवारवाद और अवसरवादी राजनीति को पहले ही नकार दिया है, इसलिए वे अनर्गल बयानबाजी कर अपनी राजनीतिक जमीन बचाने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा स्पष्ट करना चाहती है कि सरकार जनता के हितों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और विकास की गति को और तेज किया जाएगा। बिहार की जनता सब कुछ देख और समझ रही है, और आने वाले समय में ऐसे भ्रामक प्रचार का करारा जवाब देगी।

## पटना के दो केंद्रों पर मध्यमा परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन प्रारंभ

**पटना (एनएसबी)।** बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित मध्यमा परीक्षा-2026 की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य राजधानी पटना के दो निर्धारित केंद्रों शास्त्रीनगर एवं मैनपुरा पर विधिवत प्रारंभ हो गया है। इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया में प्रदेश के विभिन्न जिलों से संस्कृत सहित अन्य आधुनिक विषयों के अनुभवी शिक्षकों को परीक्षक के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया है।



मूल्यांकन कार्य को सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से बोर्ड ने विशेष दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसी क्रम में बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार झा ने मूल्यांकन केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षकों से उत्तरपुस्तिकाओं का निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से मूल्यांकन करने का निर्देश दिया। अध्यक्ष ने कहा कि छात्रों के भविष्य से जुड़े इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी परीक्षकों को उत्तरपुस्तिकाओं की सूक्ष्म जाँच करते हुए निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित करने की बात कही। साथ ही मूल्यांकन कार्य में गोपनीयता बनाए रखने और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का भी निर्देश दिया गया। बोर्ड के परीक्षा नियंत्रक उपेंद्र कुमार के अनुसार, मूल्यांकन कार्य को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि परिणाम अप्रैल माह के द्वितीय सप्ताह में प्रकाशित किया जा सके। इसके लिए केंद्रों पर आवश्यक संसाधन एवं व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई हैं। मूल्यांकन कार्य प्रारंभ होने से परीक्षार्थियों में भी परिणाम को लेकर उत्सुकता बढ़ गई है। बोर्ड ने संकेत दिया है कि निर्धारित प्रक्रिया पूरी होने के बाद शीघ्र ही मध्यमा परीक्षा का परिणाम घोषित किया जाएगा।

फतुहा के सोनारू में स्थानीय पत्रकार के बंद घर को चोरों ने बनाया निशाना

# लाखों की संपत्ति पर किया हाथ साफ

**फतुहा (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के सोनारू स्थित एक स्थानीय पत्रकार के बंद घर को निशाना बनाते हुए बेखौफ चोरों ने नकदी और जेवरात समेत करीब तीन लाख रुपये की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया है। इस दुस्साहसिक चोरी की घटना के संदर्भ में पीड़ित गृहस्वामी सह पत्रकार सुधीर कुमार सिंह ने सोमवार को अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। मिली जानकारी के अनुसार वारदात उस वक्त हुई जब घर के सभी सदस्य ताला बंद कर पूजा करने के लिए बाहर गए हुए थे।



सुधीर रविवार की रात जब घर लौटे तो थकान के कारण अपने कमरे में जाकर सो गए और उन्हें घटना की भनक तक नहीं लगी। सोमवार की सुबह जब उन्होंने बगल के कमरे में जाने का प्रयास किया तो दरवाजा अंदर से बंद मिला जिससे उन्हें अनहोनी की आशंका हुई। इसके बाद जब वे खिड़की के रास्ते कमरे के भीतर दाखिल हुए तो वहां का नजारा देख उनके होश उड़ गए। कमरे के भीतर सारा सामान बिखरा पड़ा था और गोदरेज का लॉक टूटा हुआ था।

पीड़ित के मुताबिक चोरों ने घर में रखे सोने की चेन, मंगलसूत्र, जियुतिया, झुमका, टॉप्स, लॉकेट और चांदी के पायल समेत करीब बीस हजार रुपये नकद चोरी कर लिए हैं। चोरी गई कुल संपत्ति का आकलन लगभग तीन लाख रुपये किया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू की। गंभीरता को देखते हुए एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया जिसने घटनास्थल से वैज्ञानिक साक्ष्य और फिंगरप्रिंट के नमूने एकत्र किए हैं। वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए फतुहा थाना के अपर थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की गहनता से तफ्तीश कर रही है। उन्होंने कहा कि घटनास्थल के आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज को खंगाला जा रहा है ताकि अपराधियों की पहचान की जा सके। पुलिस तकनीकी सर्विलांस और अन्य सूत्रों के माध्यम से छानबीन को आगे बढ़ा रही है और जल्द ही इस मामले का उद्भेदन कर अपराधियों को सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा।

# भोजपुर में 4 एकड़ में लगेगी कार्डबोर्ड बॉक्स की निर्माण इकाई, 38 करोड़ का निवेश करेगी कंपनी

**पटना (एनएसबी)।** बिहार का औद्योगिक परिदृश्य तेजी से गति पकड़ रहा है, जहां नए निवेश सीधे तौर पर बुनियादी ढांचे के निर्माण, रोजगार सृजन और क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों में परिवर्तित हो रहे हैं। माननीय उद्योग मंत्री डॉ दिलीप कुमार जायसवाल के निर्देशानुसार परियोजना स्वीकृति समिति (पीसीसी) के हालिया निर्णय इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं, जिनके तहत इशिका पेपर एंड पैकेजिंग प्रा0 लि0 की परियोजना को भूमि आवंटन के माध्यम से 38 करोड़ से भी अधिक का निवेश हो रहा है।

उद्योग मंत्री डॉ दिलीप कुमार जायसवाल ने इस अवसर पर कहा कि भोजपुर में इस इकाई का निवेश बिहार के तेजी से विकसित हो रहे औद्योगिक परिदृश्य का स्पष्ट संकेत है। 38 करोड़ से अधिक के इस निवेश से न केवल स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे, बल्कि पैकेजिंग एवं विनिर्माण क्षेत्र को भी नई गति मिलेगी। बियाडा के माध्यम से त्वरित भूमि आवंटन और अनुमोदन की प्रक्रिया ने राज्य को निवेश के लिए एक आकर्षक गंतव्य बना दिया है।




उद्योग विभाग के सचिव सह बियाडा एवं आईडा के प्रबंध निदेशक श्री कुंदन कुमार ने कहा कि बिहार सरकार उद्योगों के लिए अनुकूल एवं निवेशक-हितैषी वातावरण विकसित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि बियाडा के माध्यम से निवेशकों को पारदर्शी, सरल एवं त्वरित प्रक्रियाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे उद्योग स्थापना में तेजी आ रही है।

उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रकार की परियोजनाएं राज्य में बढ़ती औद्योगिक गतिविधियों को दशार्ती हैं और बिहार विभिन्न क्षेत्रों में निवेश आकर्षित कर रहा है। सरकार का उद्देश्य औद्योगिक विकास के माध्यम से बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन करना तथा राज्य के समग्र आर्थिक विकास को नई दिशा देना है।

बैठक में इशिका पेपर एंड पैकेजिंग प्रा0 लि0 द्वारा भोजपुर जिले के बिहिया में प्रस्तावित कॉरुगेटेड बॉक्स (कार्डबोर्ड बॉक्स) निर्माण इकाई को स्वीकृति प्रदान की गई। यह परियोजना राज्य में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रस्तावित इकाई लगभग 3.28 एकड़ (142860 वर्गफुट) क्षेत्र में स्थापित की जाएगी, जिसमें कुल 38.01 करोड़ का निवेश प्रस्तावित है। इससे न केवल स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा, बल्कि क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्राप्त होगी।

यह स्वीकृति बिहार को एक उभरते औद्योगिक एवं विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## संक्षिप्त खबरें

### सांसद ने राष्ट्रपति से दरभंगा आने का किया अनुरोध

**दरभंगा।** महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा आयोजित कार्यक्रम में दरभंगा सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने भाग लिया तथा इस अवसर पर महामहिम राष्ट्रपति को मिथिला की हृदयस्थली दरभंगा पधारने हेतु सादर आमंत्रण भी दिया गया।

### लेंग्वेज लैब, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व रोबोटिक लैब बहुत जल्द ही सिलेबस में जुड़ेगा : तलत आरा बेबम




**दरभंगा।** न्यू होराइजन पब्लिक स्कूल कादिराबाद दरभंगा का वार्षिक अकादमिक रिजल्ट प्रकाशित किया गया । सभी बच्चों के माता पिता ने पूर्णतः हिस्सा लिया और रिजल्ट मिलने के बाद अपनी भावना को व्यक्त किया। सभी सब्जेक्ट शिक्षकों ने अभिभावक एवं माता पिता को उनके बच्चों द्वारा प्राप्त अंक को रिपोर्ट कार्ड के माध्यम से अवगत कराया। सभी ने अपना रिपोर्ट कार्ड प्राप्त कर विषय के शिक्षक एवं कक्षा शिक्षक के साथ वार्ता कर पूरी संतुष्टि हासिल किया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक तलत आरा बेगम ने अपने स्कूल के सभी अभिभावकगण का हर्षोल्लास के साथ स्वागत किया। उन्होंने कहा कि छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए उन्हें नई तकनीक जैसे के लेंग्वेज लैब, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं रोबोटिक लैब की जरूरत को बहुत जल्द ही सिलेबस में जोड़ा जाएगा। जिससे आधुनिक तकनीक एवं भविष्य हेतु जरूरी है। अभिभावकों का स्वागत किया गया एवं टपर्स बच्चों को सम्मानित किया गया।

### चित्रगुप्त पूजा समिति बंगरहटा ने आयोजित की प्रवेश परीक्षा




**गौराबौराम।** प्रखंड स्थित बंगरहटा गांव में श्री श्री 108 श्री चित्रगुप्त पूजा समिति बंगरहटा के द्वारा राजकीय मध्य विद्यालय बंगरहटा में प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। संस्था के उपाध्यक्ष मुरारी कुमार ने कहा प्रखंड के विभिन्न स्थानों से दसवीं के छात्र छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए हैं। जिसका परिणाम पांच अप्रैल को घोषित होगा। विक्रम कुमार ने कहा उत्ष्ट प्रदर्शन करने वाले ग्यारह छात्र को निःशुल्क शिक्षा प्रदान किया जाएगा। आगामी छह अप्रैल से वर्ग का संचालन शुरू कर दिया जाएगा। विकाश नायक, दीपक कुमार तथा सुशील कुमार के संरक्षण में परीक्षा विधिपूर्वक संपन्न कराया गया है। संस्था के अध्यक्ष अमरेश कुमार ने अपने संस्था के सभी सदस्यों को इस नेक काम में बढ़ चढ़ के हिस्सा लेने के लिए सहृदय धन्यवाद दिया है। मौके पर अभय रंजन दास, अनील,सचिन, मो अंसार,मयंक, अनुराग, अल्ताज, अमन, आनंद समेत पूजा समिति के सभी सदस्य मौजूद थे।

### दिव्यांग जागरूकता एवं निरूशुल्क सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन



**दरभंगा।** दरभंगा जिले के तारडीह प्रखंड अंतर्गत पोखर भिंडा पंचायत भवन मे सोमवार को सीआरसी पटना, जीविका एवं अलीमको के संयुक्त तत्वावधान मे जागरूकता और संवेदीकरण कार्यक्रम सह दिव्यांगजनों हेतु निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी, तारडीह ने किया। कार्यक्रम का संचालन जीविका प्रबंधक तारडीह के द्वारा किया गया। मौके पर उपस्थित दिव्यांगजनों के सहायक उपकरण मे व्हीलचेयर -13, अलबो छड़ी -10, स्मार्टकने -2 वितरण किया गया। शिविर आयोजन मे प्रीति कुमारी प्रखंड विकास पदाधिकारी,तारडीह, दरभंगा, प्रदीप कुमार रय, बीपीएम जीविका तारडीह, राकेश कुमार गुप्ता एरिया कोर्डिनेटर, तारडीह, प्रमोद महतो, पंचायत प्रतिनिधि, सीआरसी पटना से ड विद्याभूषण, ड शांतनु सिंह,मिस सुमन, ड नंदन कुमार अलीमको पटना, द्वारा किया गया। आयोजन के सफल बनाने मे स्पास्टिक सोसाइटी इन ट्रस्ट ब्रांच दरभंगा के अध्यक्ष गोविन्द कुमार सहनी, सचिव जीतेन्द्र कुमार व चन्दन कुमार का योगदान रहा। मौके पर रौशन प्रकाश, काउंसलर एवं मनोवैज्ञानिक समेत सैकड़ो दिव्यांगजन उपस्थित थे।

### सरकारी रास्ता को घेरने के विवाद में मारपीट, महिला की मौत

**मधुबनी।** पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि देवधा थाना क्षेत्र अंतर्गत दो पक्षों के बीच उत्पन्न विवाद अभियुक्त पक्ष द्वारा सरकारी रास्ता को घेरने को लेकर एक महिला (पीड़ित पक्ष) के साथ मारपीट की घटना घटित हुई, जिसमें वह महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना प्राप्त होते हीं देवधा थाना कि पुलिस टीम द्वारा त्वरीत कार्रवाई करते हुए घटना स्थल पर पहुँचकर घायल अवस्था में उक्त महिला को तत्काल सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ चिकित्सकों द्वारा उपचार के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस द्वारा विधि विज्ञान प्रयोगशाला कि टीम को बुलाया गया एवं शव निरीक्षण उपरांत शव को पोस्टमार्टम के लिये सदर अस्पताल, मधुबनी भेज दिया गया है। उक्त घटना के संबंध में देवधा थाना कांड सं0-47\26,-29 मार्च को सुसंगत धाराओं में दर्ज कर थानाध्यक्ष, देवधा थाना द्वारा त्वरित एवं सख्त कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त रामेश्वर सहनी, पे-युगेश्वर सहनी सा-उसराही, थाना-देवधा को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य संलिप्त अभियुक्तों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी हेतु लगातार छापेमारी की जा रही है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जयनगर द्वारा भी घटना स्थल का निरीक्षण किया गया है। घटना की सभी पहलुओं से गहन अनुसंधान जारी है।

### ग्रामीण चिकित्सक हत्याकांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**बिथान।** सोहमा गांव में ग्रामीण चिकित्सक ललित साह हत्याकांड के मुख्य अभियुक्त जगनारायण साह उर्फ जघनिया को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त पिस्टल भी बरामद कर लिया है। इस बाबत संवाददाताओं से बात करते हुए रोसड़ा डीएसपी संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि, गिरफ्तार अभियुक्त ने गहन पूछताछ में अपराध स्वीकार कर लिया है। जिसमें उसने हत्या के पीछे की वजह का खुलासा करते हुए बताया कि मृतक के भांजी का कथित अश्लील वीडियो फेसबुक पर प्रसारित कर उसे प्रताड़ित किया जा रहा था। इस मामले को लेकर गांव में पंचायत बुलाई गई थी। पंचायत में आरोपित युवक के पिता को दंडस्वरूप 11 डंडे मारने का फैसला सुनाया गया था। आरोपी ने पुलिस को बताया कि अपने पिता को पंचायत में अपमानित और दंडित किए जाने की घटना के प्रतिशोध में उसने हत्या की साजिश रची।

## दरभंगा एयरपोर्ट के नए एयरलाइंस कार्यालय से यात्री सुविधाओं में होगी बढ़ोतरी : डॉ. गोपाल जी ठाकुर



केंद्रीय नागर विमानन मंत्री राममोहन नायडू से मिलते सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर।

**दरभंगा (एनएसबी)।** सड़क, रेलवे तथा हवाई कनेक्टिविटी के क्षेत्र में दरभंगा को मुख्य केंद्रबिंदु बनाने के लिए केंद्र की मोदी सरकार संवेदनशील है।

केंद्र और राज्य सरकार के सहयोग से दरभंगा एयरपोर्ट के विकास में लगातार नए आयाम स्थपित किए जा रहे हैं। केंद्रीय नागर विमानन मंत्री राममोहन नायडू के द्वारा रविवार की देर संध्या वर्चुअल मोड में विमानन मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के साथ दरभंगा एयरलाइंस कार्यालय सहित अन्य यात्री सुविधाओं का उद्घाटन किया जाना इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। स्थानीय सांसद सह दरभंगा एयरपोर्ट सलाहकार समिति के चेयरमैन ड गोपाल जी ठाकुर ने नागर विमानन मंत्री श्री राममोहन नायडू से भेंट कर इसके लिए आभार प्रकट करने के बाद उपरोक्तबातें कही। सांसद डा ठाकुर ने सोमवार को नागर विमानन मंत्रालय स्थित कार्यालय कक्ष में मंत्री नायडू से भेंट की तथा दरभंगा एयरपोर्ट के विकास के लिए केंद्र सरकार एवं विमानन मंत्रालय के द्वारा लगातार किए जा प्रयासों के लिए आभार प्रकट करते हुए मंत्री श्री नायडू को सम्मानित किया तथा दरभंगा एयरपोर्ट के विकास से संबंधित विभिन्न विषयों को लेकर पत्र भी सौंपा। विमानन मंत्री श्री नायडू के द्वारा दरभंगा एयरलाइंस के कार्यालय भवन, निःशुल्क वाईफाई सुविधा सहित अन्य यात्री सुविधाओं का उद्घाटन किया जाना दरभंगा के हवाई कनेक्टिविटी के वरदान साबित होगा क्योंकि इस एयरपोर्ट ने देश स्तर पर राजस्व संग्रह तथा उड़ान भरने वाले यात्रियों की संख्या के मुद्दे पर एक रिकर्ड स्थापित किया है जिसके लिए यात्री सुविधाओं में बढ़ोतरी किया जाना आवश्यक है।सांसद डा ठाकुर ने मंत्री श्री नायडू को चर्चा के क्रम में इस एयरपोर्ट से होने वाले नाइट लैंडिंग उड़ान के लिए शीघ्र पहल करने का आग्रह करते हुए कहा कि कैट 2 के तहत आई लेस सिस्टम म्यूआर, इंस्टमेट लाइटिंग आदि के निर्माण कार्य को पूरा कर लिए जाने के बाद इस हवाई अड्डे की सूरत बदल जाएगी तथा नाइट लैंडिंग की व्यवस्था होने के बाद उड़ान भरने वाले विमानों की संख्या में और यात्रियों के हवाई सफर में सहूलियत होगी।

## सीओ की हड़ताल का खूब फायदा उठा रहे हैं सदर अंचल के कर्मी

**दरभंगा (एनएसबी)।** सदर अंचल कार्यालय के कर्मचारियों की अनुपस्थिति से आम जनता को परेशानी हो रही है। सीओ की हड़ताल के दौरान भी कार्यालय का कामकाज सुचारू रूप से नहीं हो पा रहा है, जिससे लोगों को दिक्कतें हो रही हैं। सोमवार को सुबह ग्यारह बजे अंचल कार्यालय में लिपिक राज किशोर ठाकुर, आलम, डाटा अपरेटर मजहर इमाम, बिट्टू कुमार एवं कार्यालय सहायिका मीरा झा के अनुपस्थित रहने के कारण आम जनता इधर-उधर भटते नजर आए। इस दौरान अंचल के मुख्य द्वार पर एक युवक को सांड के हमले से बुरी तरह घायल हो गया जिसको इलाज के लिए दरभंगा डीएमसीएच भेजा गया। वहीं प्रभारी सीओ व प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. रवि रंजन ने कर्मी के अनुपस्थिति पर बताया कि सभी पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं राज किशोर ठाकुर ने लिपिक के बिना सूचना दिए ही कई दिन से कार्यालय से अनुपस्थित होने पर कार्रवाई करने की बात कही। सीओ के हड़ताल पर जाने से कर्मियों में भारी लापरवाही देखी जा रही है कार्यालय समय पर नहीं आना समय से पहले चले जाना आम सी बात हो गई है। जिसके कारण लोगों में काफी परेशानियां का सामना करना पड़ रहा है।



खाली पड़ी सदर अंचल कार्यालय की कुर्सियां।

# दरभंगा में बनी फिल्म रक्तबीज को मुंबई में मिला बेस्ट फिल्म का अवार्ड

नवसंदेश ब्यूरो

**दरभंगा।** इंडियन पैनोरमा इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में ब्लड डोनेशन ,ब्लड की कालाबाजारी पर बनी फिल्म रक्तबीज को बेस्ट इनफर्मेटिव सिनेमा इन 2026 के अवार्ड से नवाजा गया। दरभंगा ही नहीं बिहार में बनी पहली फिल्म है जिसे इतनी बड़ी फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट फिल्म के रूप में अवार्ड दिया गया है। इस फिल्म के लेखक , निर्देशक एवं मुख्य एक्टर रोहित कुमार सिंह है एवं इस फिल्म के प्रोड्यूसर विजय कुमार जूमनानी है। इस फिल्म का निर्माण दीपक तिजोरी ने दिया। फिल्म के निर्देशक रोहित कुमार सिंह ने कहा कि फिल्म को मुंबई में बेस्ट फिल्म का अवार्ड मिलना हमारी पूरी टीम के लिए बहुत बड़ी सफलता है। इस सफलता में पूरी टीम का योगदान है एक एक्टर के रूप में

### खून डोनेशन और इसकी कालाबाजारी पर बनी है फिल्म



बेस्ट फिल्म का अवार्ड प्राप्त करते रोहित कुमार सिंह।

**बिहार रंगमंच की जानी-मानी अभिनेत्री जया अग्रवाल और भारती नारायण ने बेहतरीन अभिनय से लोगों का मन मोह लिया जबकि बिहार रंगमंच के पुराने सधे हुए अभिनेता नवीन कुमार अमूल ने अपने अभिनय से कैरेक्टर में जान डाल दी**

दरभंगा के जाने-माने डॉ. मृदुल कुमार शुक्ला ने भी शानदार अभिनय किया है। बिहार रंगमंच की जानी-मानी अभिनेत्री जया अग्रवाल एवं भारती नारायण ने बेहतरीन अभिनय से लोगों का मन मोह लिया एवं बिहार रंगमंच के पुराने सधे हुए अभिनेता नवीन कुमार अमूल ने अपने अभिनय से कैरेक्टर में जान डाल दी। बाल कलाकार के रूप में ईरा विंदवार, साथ ही विवेक कुमार चौधरी ने ब्लड बैंक मैनेजर का किरदार इतना बेहतरीन अदा किया है। इंडियन पैनोरमा इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में रक्तबीज में जिस डिटेलिंग में काम हुआ है उसको लेकर काफी तारीफ दीपक तिजौरी ने किया। पैनोरमा फिल्म फेस्टिवल के शो डायरेक्टर विक्रांत ने कहा कि रक्तबीज एक ऐसी फिल्म है जो न सिर्फ लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित करती है बल्कि इस फिल्म में जितने बेहतर तरीके से मेडिकल साइंस के टर्म को दिखाया गया है वह किसी भी इंसान के लिए एजूकेट करने वाली होगी। फिल्म के प्रोड्यूसर विजय कुमार जुमनानी ने कहा कि दरभंगा में पूरी फिल्म हमने सूट की।

## 10वीं की परीक्षा में गुरुकुल क्लासेस का फिर रहा जलवा

**बिरौल (एनएसबी)।** सुपौल बाजार, डुमरी रोड स्थित गुरुकुल क्लासेस ने बिहार बोर्ड 10वीं परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता का परचम लहराया है। पिछले 13 वर्षों से ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहा यह संस्थान इस वर्ष भी शानदार परिणाम देकर चर्चा में रहा। इस मौके पर भाजपा के महामंत्री संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह, प्रथम हॉस्पिटल के संस्थापक डॉ. राजेश झा, श्री कृष्णा आइडियल पब्लिक स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर नवलेश चौधरी, दिल्ली पब्लिक स्कूल कुशेश्वरस्थान के निदेशक शमीम हैदर ने संस्थान के बच्चों की सफलता पर उन्हें बधाई दी। मेधावी छात्र हरिओम कुमार झा ने 468 अंक प्राप्त कर संस्थान में प्रथम स्थान हासिल किया तथा दरभंगा जिले में आठवां स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया। वे बिरौल के समहौती गांव के निवासी हैं। उनके पिता मुकेश झा साधारण किसान एवं माता रानी देवी गृहिणी हैं। गौरतलब है कि संस्थान का परिणाम पूर्व में भी उल्लेखनीय रहा है। इससे पहले शिवम कुमार ने 470 अंक प्राप्त कर बिहार में 13वां स्थान प्राप्त किया था, वहीं वर्ष 2025 में गौतम कुमार राम ने भी 470 अंक हासिल कर संस्थान का गौरव बढ़ाया था। संस्थान द्वारा 11वीं कक्षा (साइंस) की नई बैच आगामी 10 अप्रैल से प्रारंभ की जा रही है। यह बैच विशेष रूप से मैथ एवं बायोलजी नीट एवं इंजीनियरिंग फोकस पर आधारित होगी, जिसमें विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। इस उत्कृष्ट परिणाम ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सही मार्गदर्शन से ग्रामीण प्रतिभाएं भी नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकती हैं।



## आज के छात्र ही कल के राष्ट्र निर्माता : पप्पू



**अलीनगर (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के नरमा स्थित सक्सेस प्वाइंट एजुकेशन ने सोमवार को 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में सफल हुए विद्यार्थियों के लिए एक सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दरभंगा पूर्वी जिला महामंत्री संजय सिंह उर्फ पप्पू सिंह उपस्थित रहे। उनके साथ नवीन सिंह, सरपंच शंकर झा, दिनेश प्रसाद सिंह, अरुण सिंह,रामभजन पासवान और राम देव प्रसाद यादव सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद थे।

**सक्सेस प्वाइंट एजुकेशन के 10वीं-12वीं की परीक्षा के सफल छात्र सम्मानित**

**10वीं और 12वीं के सफल छात्रों को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार प्रदान कर की गयी उनकी कड़ी मेहनत की सराहना**

मुख्य अतिथि संजय सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने कहा कि आज के छात्र ही कल के राष्ट्र निर्माता हैं। सक्सेस प्वाइंट एजुकेशन के विद्यार्थियों ने जो मेहनत और लगन दिखाई है, वह निश्चित रूप से प्रेरणादायक है। सीमित संसाधनों के बावजूद इतने उत्कृष्ट परिणाम हासिल करना इस बात का प्रमाण है कि अगर लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत सच्ची हो, तो सफलता जरूर मिलती है। मैं सभी सफल विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और शिक्षकों को हृदय से बधाई देता हूँ। साथ ही जो विद्यार्थी इस बार अपेक्षित सफलता नहीं पा सके, वे निराश न हों, बल्कि और अधिक मेहनत कर आगे बढ़ें। आने वाला समय आप सभी का है।संस्थान के निदेशक गौतम सिंह ने बताया कि सक्सेस प्वाइंट एजुकेशन पिछले दस वर्षो से क्षेत्र में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहा है।

समारोह के दौरान, 10वीं और 12वीं के सफल छात्रों को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार प्रदान कर उनकी कड़ी मेहनत और उत्कृष्टता की सराहना की गई।इस वर्ष 12वीं की परीक्षा में प्रिया झा ने 409 अंक, चन्दा दास ने 400 अंक, मनीषा झा ने 376 अंक, काजल झा ने 374 अंक, स्वीटी झा ने 366 अंक, खुशी झा ने 365 अंक, यादवी झा ने 352 अंक, चाँदनी यादव ने 351 अंक और सीमा झा ने 348 अंक प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया। इसी तरह, 10वीं की परीक्षा में आकाश कुमार ने 364 अंक, रमण कुमार ने 352 अंक, सोहन कुमार ने 352 अंक, पूनम कुमारी ने 330 अंक, गौरी कुमारी ने 312 अंक, कारो कुमारी ने 302 अंक और संतोषी कुमारी ने 312 अंक प्राप्त किए। इन छात्रों सहित अन्य कई विद्यार्थियों ने भी संस्थान का नाम रोशन किया।

## गोसवा गांव में श्रीराम जन्म उत्सव पर निकला भव्य विसर्जन जुलूस

**अलीनगर (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के गोसवा गांव में श्री राम जन्म उत्सव के अवसर पर आयोजित पूजा के चौथे दिन सोमवार को भव्य विसर्जन जुलूस निकाला गया। गोसवा स्थित राम-जानकी मंदिर से शुरू हुए इस विशाल जुलूस में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पूरे क्षेत्र में भक्ति का माहौल बना रहा। विसर्जन जुलूस राम-जानकी मंदिर से निकलकर किरतपुर गांव, पकरी चौक और मिल्की कटहा गांव होते हुए पुनः गोसवा गांव पहुंचा। इसके बाद गांव के पोखर में सभी प्रतिमाओं का विधि-विधान के साथ शांतिपूर्ण विसर्जन किया गया।

गौरतलब है कि गोसवा गांव में हर वर्ष श्री राम जन्म उत्सव के अवसर पर भव्य विसर्जन जुलूस निकाला जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। इस वर्ष भी आयोजन को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए अलीनगर थाना पुलिस की भारी संख्या में तैनाती की गई थी।

अलीनगर थानाध्यक्ष रंजीत शर्मा ने बताया कि जुलूस को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था। पूरे क्षेत्र में जुलूस शांतिपूर्ण माहौल में भ्रमण करते हुए संपन्न हुआ और विसर्जन भी शांति के साथ कराया गया।इस अवसर पर पूजा समिति के अध्यक्ष प्रभु पासवान, भाजपा दरभंगा पूर्वी के जिला महामंत्री संजय सिंह उर्फ पप्पू सिंह, अलीनगर प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि राजीव कुमार यादव सहित कुलदीप यादव, अशोक यादव, विनोद पंडित, शंभू पंडित और आसपास के कई गांवों के सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।



श्रीराम जन्मोत्सव के विसर्जन जुलूस में शामिल श्रद्धालु।

## बेनीपुर नप का 260 करोड़ का लाभकारी बजट पारित

**बेनीपुर (एनएसबी)।** बेनीपुर नगर परिषद कार्यालय में सोमवार को मुख्य पार्षद इकबाल की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2026-27 का वार्षिक बजट बैठक आयोजित की गई। मुख्य पार्षद ने 260 करोड़ 31 लाख 21 हजार 223 रुपये का बजट पेश किया, जिसे सभी सदस्यों ने ध्वनिमत से पारित कर दिया। इस बजट में 215 करोड़ 44 लाख 65 हजार 715 रुपये के अनुमानित व्यय के मुकाबले 44 करोड़ 86 लाख 55 हजार 517 रुपये का लाभ दिखाया गया है। मुख्य पार्षद ने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस बार बजट में 33 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। राजस्व मद से 20 करोड़ 46 लाख 44 हजार 214 रुपये और पूंजीगत आय से 172 करोड़ 12 लाख 20 हजार 372 रुपये प्राप्त होने का अनुमान है। पार्षदों ने बजट की सराहना करते हुए इसे जन-उपयोगी, समावेशी और विकासोन्मुख बताया। उन्होंने कहा कि इससे नगर परिषद के सभी वार्डों का समान विकास होगा।

बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी प्रथमा पुष्पांकर, योजना विकास पदाधिकारी कुमार संभव, स्वच्छता पदाधिकारी इंद्रजीत पाल, नगर प्रबंधक डॉ. अंजली कुमारी, उपमुख्य पार्षद राजीव कुमार ठाकुर, पार्षद राजीवलोचन ठाकुर, देवकी नंदन ठाकुर, आनंद कुमार झा, रंजू देवी, इन्दु देवी ,नित्यानंद मल्लिक, सरीता दास, छोटी देवी, संतोष झा, भगवान बाबू राय आदि उपस्थित थे।

**215 करोड़ 44 लाख 65 हजार 715 रुपये के अनुमानित व्यय के मुकाबले 44 करोड़ 86 लाख 55 हजार 517 रुपये का लाभ दिखाया गया है**

**बजट में प्रमुख व्यय (रुपए में)**

| | |
|---|---|
| नल-जल योजना | 29 करोड़ |
| सड़क निर्माण | 26.50 करोड़ |
| नाली-गली | 15.50 करोड़ |
| सफाई | 7 करोड़ |
| आवास मद | 23.77 करोड़ |
| रैन बसेरा, सामुदायिक भवन, शौचालय, वृद्धाश्रम आदि | 7.34 करोड़ |

## संक्षिप्त खबरें

### शांतिपूर्ण माहौल में प्रतिमा विसर्जन के साथ चैती दुर्गा पूजा सम्पन्न

**बिथान (एनएसबी)।** स्थानीय बिथान बाजार में चैती दुर्गा पूजा के समापन के बाद माँ दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन सोमवार को श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु और बाजारवासी शामिल हुए। विसर्जन जुलूस पूजा स्थल से प्रारंभ होकर बिथान बाजार के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए नगर भ्रमण किया। पूरे रास्ते भक्तों द्वारा जय माता दी के जयकारे लगाए जा रहे थे, जिससे वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों के साथ माता की विदाई में भावुक नजर आए। विसर्जन को लेकर प्रशासन की ओर से विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी।

### एनसीसी कैडेट्स ने किया वृक्षारोपण

**दलसिंहसराय (एनएसबी)।** 12 बिहार बटालियन, एनसीसी समस्तीपुर के तत्वावधान में भारत सरकार की पहल एक पेड़ माँ के नाम एवं एनसीसी के एक कैडेट, एक पेड़ अभियान के अंतर्गत आर.बी. कॉलेज के प्रांगण में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. बी.के. चौधरी की अध्यक्षता में एवं एनसीसी पदाधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. धीरज कुमार पाण्डेय के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज के लोगों को भूमि क्षरण को रोकने, सूखे के प्रति लचीलापन बढ़ाने तथा मरुस्थलीकरण जैसी आपदाओं को नियंत्रित करने हेतु जागरूक करना था। अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्रधानाचार्य ने वृक्षों के महत्व पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन के अभिन्न अंग हैं और अत्यंत उपयोगी हैं। वृक्षों के बिना मानव जीवन संभव नहीं है। अंत में राष्ट्रगान के साथ वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान डॉ. अपूर्व सारस्वत, डॉ. सुनील कुमार सिंह, डॉ. राजकिशोर, डॉ. हरीश सांवरिया, डॉ. अभिषेक बंदोपाध्याय, कामिनी कुमारी, सपना कुमारी, अमरनाथ शर्मा, कैडेट्स सार्जेंट श्वेता कुमारी, सार्जेंट प्रीति कुमारी, सार्जेंट आशीष, सार्जेंट धीरज कुमार और इनके साथ दर्जनों अन्य कैडेट भी उपस्थित रहे।

### शिक्षकों के स्थानांतरण पर सम्मान सह विदाई समारोह आयोजित

**विद्यापतिनगर/एनएसबी।** प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय सुभानीपुर के परिसर में शिक्षकों के स्थानांतरण होने पर सम्मान सह विदाई समारोह आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता मौजी प्रसाद यादव ने किया। जिसमें स्थान्तरित होने वाले शिक्षके राकेश कुमार, स्मिता कुमारी, मंजूर आलम, मो. इकराम हुसैन के साथ शिक्षक नेता रमेश रजक, जयराज पासवान, मौजी प्रसाद यादव, नरेश पासवान एवं विद्यालय सचिव मीरा देवी, रामप्रवेश राय को पाग चादर, माला, कलम डायरी से एचएम मनोज कुमार ने सम्मानित किया। इस अवसर पर शिक्षक नेता रमेश रजक ने कहा कि शिक्षक दिप की तरह जलकर रौशनी फैलाने का काम करते हैं। प्राथमिक शिक्षक संघ के सचिव जयराज पासवान ने कहा कि शिक्षक समाज व बच्चों के भविष्य के निमार्ता होते हैं। मौके पर राजीव रंजन, अलखदेव राय, जमाल उद्दीन, राकेश कुमार दास, पंकज कुमार, हरिकेश्वर चंदन आदि उपस्थित रहे।



### लगातार 5वीं बार पूसा प्रखंड सचिव बने अमित

**पूसा (एनएसबी)।** भाकपा-माले का 9वां प्रखंड सम्मेलन प्रखंड के मोरसंड पंचायत के गोखुला में रविवार को संपन्न हुआ। सम्मेलन में बतौर पर्यवेक्षक भाकपा-माले जिला स्थायी समिति सदस्य दिनेश कुमार मौजूद थे। सम्मेलन की शुरूआत झंडोत्तोलन करके की गई। माले जिला कमिटी सदस्य सह वरिष्ठ नेता किशोर कुमार राय ने झंडोत्तोलन के पश्चात प्रखंड सम्मेलन का उद्घाटन किया। माले प्रखंड सचिव अमित कुमार ने प्रतिनिधियों के समक्ष विगत सम्मेलन से अब तक की गतिविधियों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। इसके बाद भाकपा-माले जिला स्थायी समिति के सदस्य कॉ. दिनेश कुमार के पर्यवेक्षण में कुल 11सदस्यीय प्रखंड कमिटी का गठन किया गया। जिसमें कमेटी सदस्यों ने सर्वसम्मति से अमित कुमार को पांचवी बार प्रखंड सचिव चुना। 11 सदस्यीय प्रखण्ड कमिटी में राजाराम सिंह, रविंद्र सिंह, मो. आले, दिनेश राय, जितेंद्र राय, उषा सहनी, रेखा देवी, अखिलेश सिंह, निरसन सिंह आदि शामिल थे। वहीं, रिकॉर्ड 5वीं बार सचिव बनने पर अमित कुमार ने कमिटी व पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, सहित गरीब गुरबों के शोषण व दमन और सांप्रदायिक फासीवादी ताकतों के खिलाफ संघर्ष को नई योजना के साथ नए मुकाम पर पहुंचाया जाएगा।



### तिथि भोज का हुआ आयोजन

**ताजपुर (एनएसबी)** ताजपुर प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय फतेहपुरबाला डीह पश्चिम टोला में वार्षिक परीक्षाफल प्रकाशन सह तिथि भोजन का आयोजन किया गया। जिसमें वर्ग 5 के छात्रों की विदाई समारोह के उपलक्ष्य में विद्यालय परिवार की ओर से तिथि भोजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुखिया विश्वनाथ सिंह राकेश, मवि फतेहपुरबाला के प्रधानाध्यापक चंदेश्वर पासवान, विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक सरिता कुमारी, शिक्षक राहुल कुमार सिंह, अभिनव कुमार, रजनी कुमारी, नजराना प्रवीण, आशा कुमारी आदि सभी शिक्षक, व अभिभावक मौजूद थे।

### नाई एकता विकास मंच की प्रखंड स्तरीय बैठक सम्पन्न

**ताजपुर (एनएसबी)** ताजपुर में नाई एकता विकास मंच की प्रखंड स्तरीय बैठक हुई। अध्यक्षता रामसागर ठाकुर ने की। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर कई निर्णय लिए गए। जिसमें संगठन का विस्तार एवं मजबूती, संगठन के नाम से खाता खोलना, प्रत्येक महीना के अंतिम मंगलवार को दुकान को बंद रखना आदि निर्णय शामिल हैं। बैठक में संस्थापक आदित्य ठाकुर, युवा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश ठाकुर, प्रखंड महासचिव बैजू ठाकुर, गणेश ठाकुर, अनिल ठाकुर, जीतेन्द्र ठाकुर, विकास कुमार, अमरेंद्र कुमार ठाकुर आदि मौजूद रहे।

### टॉप 10 में शामिल किसान की बेटी अदिति को जिले में 7वां स्थान

**ताजपुर (एनएसबी)।** प्रखंड के मुरादपुर बंगरा निवासी किसान राजीव कुमार उर्फ राजू व गृहणी किरण कुमारी की पुत्री आदीती हर्ष ने हालिया संपन्न बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के मैट्रिक परिक्षा में 481 अंक के साथ राज्य स्तर पर 10 वां एवं जिला स्तर पर 07 वां स्थान हासिल कर राम प्रताप उच्च विद्यालय कुबौलीराम माता-पिता के साथझसाथ पंचायत, प्रखंड, जिला, राज्य व कुशवाहा समाज का नाम रौशन किया है। इस उपलक्ष्य में पर रंजीत कुमार ने उसे चादर से सम्मानित कर उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ बधाई व शुभकामनाएं दी। सुश्री हर्ष को बधाई देने वालो में भूतपूर्व मुखिया महेश्वर महतो, मुखिया पति विनय कुमार उर्फ बब्लू, परमेश्वर महतो,पूर्व मुखिया प्रत्याशी अर्चना भारती, रजनीश रंजन, प्रदीप कुमार शिक्षक, किशन कुमार शिक्षक, रामबाबू कुमार शिक्षक उप मुखिया सुजीत शर्मा, पूर्व पंचायत समिति सदस्य मनोज राम, इन्द्रजीत कुमार शिक्षक, मनोज मेहता, शशि कुमार इत्यादी सैकड़ो लोगों ने दी।



### शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी आयोजित

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** एस.सी.ई.आर.टी. पटना के आदेशानुसार समस्तीपुर प्रखंड के मध्य विद्यालय बेला पचरुखी में प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार के नेतृत्व में प्रवेश से प्रगति तक शिक्षक अभिभावक साथ साथ कार्यक्रम के तहत अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का समारोह पूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर वार्षिक परीक्षा 2026 के परिणाम की घोषणा, छात्र-छात्राओं के प्रगति पत्र पर चर्चा, अभिभावक शिक्षक संवाद एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण निर्माण के लिए सुझाव प्राप्त किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों ने अभिभावकों से अपने-अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य को संवारने में विद्यालय के साथ सक्रिय सहभागिता करने की अपील की। मौके पर विद्यालय शिक्षा समिति की सचिव कंचन देवी, वर्ग शिक्षक इंदिरा कुमारी, विभा कुमारी, रूचि कुमारी, खुशबू कुमारी, विमला कुमारी, दिवाकर कुमार सिंह, विमल कुमार साह, विनय सिंह आदि ने सहयोग किया।

# मखाना उत्पादन एवं प्रसंस्करण तकनीक विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न


मखाना उत्पादन तकनीक का प्रत्यक्षण करते प्रशिक्षु।

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** डॉ राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के अधीनस्थ कृषि विज्ञान केन्द्र बिरौली द्वारा विश्वविद्यालय के मखाना अनुसंधान एवं विकास उत्कृष्टता केंद्र के तत्वावधान में ह्लमखाना उत्पादन एवं प्रसंस्करण तकनीकह्न विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। सर्वप्रथम कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रमुख डॉ. आर.के. तिवारी एवं मखाना अनुसंधान एवं विकास उत्कृष्टता केंद्र की नोडल पदाधिकारी डॉ. पुष्पा सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर उपस्थित किसानों एवं प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए डॉ पुष्पा सिंह ने मखाना फसल के बढ़ते महत्व, इसके पोषण मूल्य तथा बिहार विशेषकर समस्तीपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में इसके व्यापक विस्तार की संभावनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि मखाना न केवल किसानों की आय बढ़ाने का सशक्त माध्यम है, बल्कि यह निर्यात की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण फसल बनती जा रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ आर.के. तिवारी ने कहा कि, कृषि विज्ञान केन्द्र बिरौली द्वारा मखाना उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए किसानों के खेतों पर प्रत्यक्षण (डेमो) एवं नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि वैज्ञानिक तकनीकों को सीधे किसानों तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि समस्तीपुर सहित पूरे क्षेत्र में मखाना की खेती को एक संगठित एवं व्यावसायिक रूप देने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जाएंगे, जिससे किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि संभव हो सके। प्रशिक्षण के दौरान तकनीकी सत्र में कृषि विज्ञान केन्द्र के उद्यान विशेषज्ञ डॉ धीरु कुमार तिवारी ने मखाना उत्पादन की उन्नत तकनीकों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने तालाब आधारित मखाना उत्पादन एवं खेत में मखाना की खेती के विभिन्न तरीकों को चरणबद्ध तरीके से समझाया। साथ ही उन्होंने नर्सरी प्रबंधन, पौध रोपण विधि, कीट एवं रोग प्रबंधन तथा संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि वैज्ञानिक विधियों को अपनाकर मखाना की उत्पादकता एवं गुणवत्ता दोनों में सुधार किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, सहायक प्राध्यापक डॉ अभिषेक उपाध्याय ने मखाना खेती में उपयोग होने वाले विभिन्न आधुनिक यंत्रों एवं मशीनों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यंत्रीकरण से श्रम लागत में कमी आती है, फसल की गुणवत्ता और उत्पादन में सुधार होता है और कार्य दक्षता में वृद्धि होती है। सहायक प्राध्यापक डॉ. कुलविंदर कौर ने मखाना प्रसंस्करण की विभिन्न विधियों पर प्रकाश डालते हुए इसके मूल्य संवर्धन की संभावनाओं को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि मखाना से विभिन्न प्रकार के उत्पाद तैयार कर किसानों की आय को कई गुना बढ़ाया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान ई. विनिता कश्यप ने मखाना उत्पादन में ड्रोन तकनीक के उपयोग पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ड्रोन के माध्यम से फसल की निगरानी, पोषक तत्वों का एवं कीटनाशकों का सटीक छिड़काव संभव है, जिससे समय एवं लागत दोनों की बचत होती है और उत्पादन में वृद्धि होती है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में केवीके की कर्मी निशा रानी सहित अन्य वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। साथ ही, विभिन्न प्रखंडों से आए बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लेकर मखाना उत्पादन एवं प्रसंस्करण की नवीनतम तकनीकों की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने इस प्रकार के प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की अपेक्षा व्यक्त की।

# नल-जल योजना को लेकर पंचायत समिति बैठक में हंगामा, पानी आपूर्ति बाधित होने पर भड़के जनप्रतिनिधि

**कनीय अभियंता की अनुपस्थिति पर भी उठे सवाल**


बैठक में शामिल प्रखण्ड प्रमुख व अन्य।

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचायत समिति भवन के सभागार में सोमवार को आयोजित पंचायत समिति की सामान्य बैठक हंगामेदार रही। प्रखंड प्रमुख कृष्णा देवी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक का संचालन प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी राजीव कुमार ने किया। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न विकास योजनाओं पर चर्चा की, जिसमें नल-जल योजना के तहत पेयजल आपूर्ति में अनियमितता का मुद्दा प्रमुखता से छाया रहा। प्रखंड के कई पंचायतों में पानी की आपूर्ति नियमित नहीं होने पर जनप्रतिनिधियों ने नाराजगी जताते हुए जमकर हंगामा किया।

इस क्रम में बाजितपुर पंचायत के मुखिया मुकेश कुमार ने कहा कि उनके पंचायत के कई हिस्सों में नल-जल योजना सुचारू रूप से नहीं चल रहा है। इस संबंध में विभाग के अधिकारियों को कई बार शिकायत दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के कनीय अभियंता (जेई) लगातार बैठकों से अनुपस्थित रहते हैं, जिससे समस्याओं का समाधान प्रभावित हो रहा है। बैठक के दौरान कनीय अभियंता की अनुपस्थिति को लेकर भी सदस्यों ने कड़ी आपत्ति जताई और इस पर कार्रवाई की मांग की। प्रतिनिधियों का कहना था कि बार-बार अनुपस्थित रहने के बावजूद संबंधित अधिकारी पर कोई कार्रवाई नहीं होना प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़ा करता है। वहीं वाजिदपुर पंचायत में स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय वाजिदपुर के जर्जर भवन का जिक्र करते हुए मुखिया मुकेश कुमार ने कहा कि यह भवन बड़ी दुर्घटना को दावत दे रहा है, जबकि विभाग इस पर कोई संज्ञान नहीं ले रहा है। इसके अलावा बैठक में सोलर स्ट्रीट लाइट, बिजली, शिक्षा, सड़क और मनरेगा जैसी योजनाओं पर भी चर्चा की गई। बैठक में शामिल होने के लिए प्रखंड के सभी मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्यों को आमंत्रित किया गया था, लेकिन बैठक के दौरान अधिकांश जनप्रतिनिधि के गायब रहने के कारण जरूरी एवं जनहित से जुड़ी विकास योजनाओं पर चर्चा नहीं हो सकीं। वहीं कुछ विभागों के अधिकारी भी बैठक से गायब रहे। वहीं प्रभारी बीडीओ के निर्देश पर महिला जनप्रतिनिधियों के पति या उनके प्रतिनिधि को प्रवेश नहीं दिया गया। मौके पर प्रभारी अंचल अधिकारी अरुण कुमार शर्मा, बीपीआरओ बंटी कुमारी, थाना प्रभारी सूरज कुमार, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ. प्रभात रंजन, कार्यक्रम पदाधिकारी भूषण मिश्रा, सीडीपीओ सिमा कुमारी, एजीएम नंदनी कुमारी, सहित अन्य विभागों के अधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

## इत्र वर्षा, चंग धमाल फूलों की होली व महाभण्डारे के साथ तीन दिवसीय 59वां श्री श्याम महोत्सव संपन्न



**समस्तीपुर/एनएसबी।** खाटू श्याम बिहारी मंदिर में चल रहा तीन दिवसीय 59वां श्री श्याम महोत्सव इत्र वर्षा, चंग धमाल, फूलों की होली और महाभण्डारे के साथ तीसरे दिन सोमवार को हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हो गया। समापन के पूर्व भजन गायकों की टोली ने श्रद्धालुओं को बाबा श्याम के भक्ति पर आधारित भजन और गीत की प्रस्तुति से भक्ति के सागर में गोते भी लगवाये। जिसमें राजस्थान के अलवर से पधारी जस्सी सैनी, सूरजगढ़ के संजय सेन और कानपुर के श्रेष्ठ दीक्षित आदि कलाकारों की टोली द्वारा गए भजनों व गीतों की धुन पर उपस्थित पुरुष व महिला श्रद्धालु झूमते, नाचते, गाते तालियां बजाते रहे। बीच बीच में इत्र की वर्षा होती रही। वहीं फूलों की होली के दौरान श्रद्धालुओं ने एक दूसरे पर जमकर फूल बरसाए। जिससे पूरे हॉल में फूल ही उड़ते दिख रहे थे। पूरा हॉल फूलों से पट गया। इस दौरान बच्चों में अलग ही मस्ती का सुरूर छाया रहा। दोपहर एक बजे से शुरू हुआ भंडारा देर शाम तक जारी रहा। वहीं प्रसाद ग्रहण करने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही। आयोजन समिति के मीडिया प्रभारी भोला अग्रवाल ने बताया इस वर्ष महाभण्डारे में रिकॉर्ड दस हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा का प्रसाद ग्रहण किया। फूलों की होली व महाभंडारा सहित समापन समारोह में अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, सचिव सुनील अग्रवाल, मीडिया प्रभारी भोला अग्रवाल, बसंत संथालिया, श्याम भूत, दीपू मोदी, राजेश अग्रवाल, जय प्रकाश भूत, रूपेश सोनी, निकेत अग्रवाल, माधव संथालिया, राकेश अग्रवाल, दिनेश केडिया, नयन सर्राफ, रितेश अग्रवाल, राधे बोहरा, सुमीत खंडेलवाल आदि प्रमुख रूप से शामिल थे। कार्यक्रम सुचारू रूप से सम्पन्न होने पर सभी ने श्रद्धालुओं के साथ साथ प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, प्रशासन की टीम सहित कार्यक्रम में सहयोग करने वाले सदस्यों व अन्य लोगों को आभार सहित बधाई दी।

# विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार के तहत समस्तीपुर मंडल को 12 शील्ड

**रेल सप्ताह 2025 के अवसर पर महाप्रबंधक ने किया सम्मानित**

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** पूर्व मध्य रेलवे द्वारा 70वें रेल सप्ताह के अवसर पर आयोजित समारोह में समस्तीपुर मंडल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार 2025 के तहत विभिन्न क्षेत्र में कुल 12 शील्ड प्राप्त किए। जिन्हें मंडल रेल प्रबंधक ज्योति प्रकाश मिश्रा ने संबंधित शाखाधिकारी के साथ संयुक्त रूप से ग्रहण किया। यह अपने आप में टीम भावना और सामूहिक नेतृत्व का परिचायक है। समस्तीपुर मंडल रेल प्रबंधक ज्योति प्रकाश मिश्रा ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि, यह उपलब्धि मंडल के विभिन्न विभागों के कर्मियों की दक्षता, समर्पण, कड़ी मेहनत एवं टीम वर्क का प्रत्यक्ष प्रमाण है। इन उपलब्धियों से रेलवे के विभिन्न क्षेत्रों में समग्र विकास का स्पष्ट संकेत मिलता है। समस्तीपुर मंडल आगे भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यात्रियों को बेहतर सेवाएँ प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।ह्न उन्होंने कहा कि, ह्लयह उपलब्धि न केवल मंडल बल्कि संपूर्ण पूर्व मध्य रेलवे के लिए गर्व का विषय है, जो निरंतर उत्कृष्टता की दिशा में अग्रसर है।


शील्ड प्राप्त करते पदाधिकारी।

**समस्तीपुर मंडल को प्राप्त शील्ड की सूची :**

# वाणिज्यिक दक्षता शील्ड एवं बेस्ट परफॉर्मेंस इन बिजनेस डेवलपमेंट शील्ड -वाणिज्य विभाग, वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनन्या स्मृति।

# राजभाषा अन्तर डिविजिनल दक्षता शील्ड झ राजभाषा विभाग, अपर मंडल रेल प्रबंधक, सन्नी सिन्हा के साथ राजभाषा अधिकारी।

# इंजीनियरिंग दक्षता शील्ड झ इंजीनियरिंग विभाग, वरीय मंडल इंजीनियर (समन्वय) संजय कुमार।

# स्क्रैप निस्तारण शील्ड झ भंडार विभाग, वरीय मंडल सामग्री प्रबंधक गौरव कुमार सिंह।

# चिकित्सा दक्षता शील्ड झ चिकित्सा विभाग, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, डॉ. सुनील कुमार।

# दूरसंचार दक्षता शील्ड - सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग, वरीय मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर, पंकज कुमार।

# बेस्ट कोचिंग डिपो शील्ड झ यांत्रिक विभाग, वरीय मंडल यांत्रिक इंजीनियर, दुर्गेश कुमार सिंह को सोनपुर के साथ संयुक्त रूप से,

# बेस्ट डीजल शेड शील्ड - यांत्रिक विभाग, वरीय मंडल यांत्रिक इंजीनियर, (लोको) अरविन्द कुमार।

# समग्र दक्षता शील्ड - परिचालन विभाग, वरीय मंडल परिचालन प्रबंधक विजय प्रकाश।

# स्टेशन साफसफाई शील्ड (छोटा स्टेशन) झ सलौना यांत्रिक विभाग, वरीय मंडल यांत्रिक इंजीनियर, दुर्गेश कुमार सिंह।

# बेस्ट रनिंग रूम शील्ड - नरकटियागंज, विद्युत (ओपी) विभाग, वरीय मंडल विद्युत इंजीनियर,(ओपी), संजय कुमार।

इसके साथ ही महाप्रबंधक द्वारा मंडल के कुछ अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी उनके उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन के लिए विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया जिसमें गौरव कुमार सिंह वरीय मंडल सामग्री प्रबंधक, उत्कर्ष कुमार वरीय मंडल इंजीनियर-3, त्रिलोकनाथ वर्मा सहायक कार्मिक अधिकारी, देवाशीष कुमार एसएसओ अकाउंट्स, पुनेश्वर कुमार काजी जूनियर अकाउंट्स असिस्टेंट, चंद्रकांत कुमार सीएलए, दीपक कुमार, टीएम 3, टुनटुन राय टीटीई, मदन मोहन कुमार टेक्निशियन ग्रेड 3, गुड्डू कुमार, प्वांइट्समैन- बी, गोकुलेश पाठक, सब इंस्पेक्टर तथा मोहम्मद एहतेशाम अशरफ, टेक ग्रेड 1 शामिल हैं।

# विद्यालयों में अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी आयोजित कर दिया गया प्रगति-पत्रक


प्रगति पत्रक प्रदान करते प्रधानाध्यापक।

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** सोठगामा पंचायत स्थित राजकीय प्राथमिक मकतब कबई नयाटोल में अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी प्रधान शिक्षक मो. मेराज की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसका संचालन शिक्षक मो. इकराम हुसैन ने किया। "प्रवेश से प्रगति तक, विद्यालय और अभिभावक साथ-साथ" थीम से आयोजित इस संगोष्ठी में अभिभावकों एवं बच्चों के साथ वार्षिक परीक्षा परिणाम साझा किया गया। इस संगोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रधान शिक्षक ने कहा कि अपने बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन सरकारी विद्यालयों में करवाएं, हम गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस दौरान वर्ग एक से पांच के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया। मेडल पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। अभिभावक भी खुश दिखे। वही उत्क्रमित मध्य विद्यालय महादेव स्थान में एचएम रमेश रजक की अध्यक्षता में बच्चों को वार्षिक मूल्यांकन का प्रगति-पत्रक दिया गया। समारोह में मौजूद अभिभावकों को एक ओर विद्यालय से जुड़ी जानकारी दी गई तो दूसरी ओर उन्हें बच्चों की प्रगति के बारे में बताया गया। साथ ही उत्क्रमित मध्य विद्यालय बामौरा में यह आयोजन हेडमास्टर अभिमन्यु कुमार सिंह की देखरेख में हुआ। जहाँ अभिभावकों को उत्तर-पुस्तिकाएं भी दिखाई गई। आठवीं कक्षा के छात्रों को स्थानांतरण प्रमाण पत्र भी दिया किया गया। प्राथमिक मकतब बभन गामा में भी कार्यक्रम आयोजित की गई। इन छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें नौवीं कक्षा में अनिवार्य रूप से नामांकन करा लेने की सलाह दी गई। प्राथमिक विद्यालय सुभानीपुर में प्रभारी प्रधानाध्यापक मनोज कुमार के द्वारा अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों के बीच प्रगति पत्रक वितरण किया गया। मध्य विद्यालय मऊ धनेशपुर में इस वर्ष परिणाम घोषणा के दिन ही विद्यार्थियों को प्रगति पत्र वितरित कर एक नई पहल की गई। विद्यालय प्रशासन द्वारा आयोजित इस विशेष मेगा पीटीएम और पुरस्कार वितरण समारोह में शिक्षा के प्रति उत्साह और नवाचार का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक जयराज पासवान द्वारा विद्यार्थियों को प्रगति पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर अभिभावकों की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही, जिससे समारोह का महत्व और बढ़ गया। विद्यालय के इस कदम की सराहना करते हुए अतिथियों ने इसे छात्रों के भविष्य के लिए एक सकारात्मक शुरूआत बताया। समारोह के दौरान सभी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी पारितोषिक प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। एचएम द्वारा कहा गया कि पढ़ाई को लगातार जारी रखना है। उन्हें पढ़ाई से जुड़े टिप्स भी दिए गए। इस मौके पर शिक्षक मौके पर नकहत सबा, अरविंद कुमार, सुषमा कुमारी, मृत्युंजय कुमार, मंजूर आलम, मो० इकराम हुसैन, विजय कुमार, असगरी खातुन, मनोज कुमार एवं बहुत सारे अभिभावकगण मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### मधुबनी में 41 हजार 960 एलपीजी गैस का स्टॉक उपलब्ध

**मधुबनी/एनएसबी।** जिले में -30 मार्च तक 41 हजार 960 एलपीजी गैस सिलिंडर का स्टॉक उपलब्ध है। अब तक कुल बुकिंग 4 लाख 5 हजार 388 है। जिले में एलपीजी गैस वितरण सामान्य ढ़ंग से हो रही है। जिले के विभिन्न कंपनियों के सभी एलपीजी वितरकों के द्वारा होम डिलीवरी के द्वारा होम डिलीवरी की सुविधा दी जा रही है। उपभोक्ताओं को गैस एजेंसी एवं गोदाम पर अनावश्यक भीड़ लगाने से बचने की आवश्यकता है।प्रशासन द्वारा गैस उपभोक्ताओं को सुगमतापूर्वक गैस की आपूर्ति करने के लिए कई प्रयास किए जा रहे है। साथ ही उपभोक्ताओं की समस्याओं का भी त्वरित गति से निराकरण किया जा रहा है।सभी उपभोक्ताओं को अफवाह पर ध्यान देने की आवश्यकता नही है। अनावश्यक गैस एजेंसियों पर भीड़ नही लगाए एवं अपनी बारी का प्रतीक्षा करते हुए होम डिलीवरी से गैस प्राप्त करें। व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को जिला द्वारा उपलब्ध कराये गए लिंक पर अपने आवश्यकतानुसार डिमांड करने का निदेश दिया गया है, ताकि वस्तुस्थिति का आकलन करते हुए प्राथमिकता के आधार पर उनको व्यवसायिक गैस सिलिंडर उपलब्ध कराने हेतु अग्रेत्तर कार्रवाई की जा रही है। साथ ही जिला प्रशासन द्वारा गुगल लिंक एवं विभिन्न सोशल मीडिया यथा-फेसबुक, ट्विटर आदि से प्राप्त शिकायतों का नियमित रूप से निपटारा किया जा रहा है एवं कृत कार्रवाई को जिला प्रशासन के फेसबुक पेज पर भी अपलोड किया जा रहा है।



### उपभोक्ताओं को समय पर गैस आपूर्ति सुनिश्चित किया जाए : एसडीएम

**बेनीपट्टी/एनएसबी।** अनुमंडल पदाधिकारी बेनीपट्टी के कार्यालय प्रकोष्ठ में अनुमंडल स्तरीय निगरानी सह अनुश्रवण समिति की बैठक सोमवार को अनुमंडल पदाधिकारी बेनीपट्टी शारंग पाणि पांडेय की अध्यक्षता में आहूत की गयी। बैठक में सदस्यों द्वारा गैस आपूर्ति तथा गैस एजेंसी के संबंध विस्तृत चर्चा की गयी। इस पर अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा सभी गैस एजेंसी को सख्त हिदायतें दी गयी उपभोक्ताओं को समय पर गैस आपूर्ति हो यह सुनिश्चित किया जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित हो कि उपभोक्ता का ई-केवाईसी भी हो जाए इसके लिए व्यवस्था किया जाए। आनंद कुमार झा और बचनू मंडल के द्वारा बताया गया कि गैस एजेंसी द्वारा उपभोक्ता का फोन नहीं उठाया जाता है। इस पर अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा सभी गैस एजेंसी को फोन उठाने का आदेश किया गया। लक्ष्मी कुमारी द्वारा गैस एजेंसी साहरघाट और मधवापुर के संबंध में तथा नसीमा खातुन द्वारा लडुगामा गैस एजेंसी को वितरण व्यवस्था में सुधार लाने की मांग की गयी। जय सुंदर मिश्र के द्वारा जानकारी मांगी गयी कि कि गुणवत्तापूर्ण पेट्रोल के लिए डेनसीटी क्या होनी चाहिए । इस पर सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी राज कुमार झा द्वारा सदस्यों को जानकारी दी। विजय कुमार यादव द्वारा मांग की गयी कि सदस्यों का एक टीम बना कर गैस एजेंसी पर भेजा जाए। बैठक में उपस्थित गैस एजेंसी के प्रतिनिधि प्रदीप कुमार झा, सुनील कुमार झा द्वारा गैस एजेंसी से संबंधित समस्याओं को भी सदस्यों के बीच रखा गया।बैठक में एडीएसओ राज कुमार झा, जय सुंदर मिश्र,अजय भगत,राजीव चौधरी, विजय कुमार यादव, बचनू मंडल, आनंद कुमार झा, लक्ष्मी कुमारी, रीना देवी, सुजीत कुमार झा, प्रदीप कुमार झा, सुनील झा, सहित सभी के प्रखंड के एम ओ एवं सहायक गोदाम प्रबंधक उपस्थित थे।



### स्कूलों में अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का किया गया आयोजन

**बिस्फी/एनएसबी।** प्रखंड क्षेत्र के सभी प्रारंभिक विद्यालयों में सोमवार को अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया. संगोष्ठी का विषय था. प्रवेश से प्रगति तक, विद्यालय और अभिभावक साथ-साथ. संगोष्ठी में प्रवेशोत्सव, पौष्टिक आहार भोजन सहित कई बिंदुओं पर चर्चा की गई. इस दौरान कक्षा एक से आठवीं तक वार्षिक मूल्यांकन परीक्षा 2026 का परिणाम भी जारी किये गये. अभिभावक के समक्ष उनके बच्चों का वार्षिक परीक्षा का प्रगति रिपोर्ट दी गई. संगोष्ठी के दौरान अभिभावकों से तीन सवाल भी पूछे गये.जिसमे आपका बच्चा रोज स्कूल आने के लिए उत्साहित रहता है. दूसरा आपका बच्चा स्कूल के बारे में आपको कौन-कौन सी बात करता है. और तीसरा सवाल था क्या आपका बच्चा घर पर पढ़ने लिखने की कोशिश करता है. सभी प्रश्नों का जवाब अभिभावक ने दिया. बीपीआरओ सह बीईओ शेखर कुमार व महेश पासवान ने कई विद्यालयों पर संगोष्ठी में भाग लेते हुए कहा कि शत-प्रतिशत नामांकन, बच्चों की प्रगति और पढ़ाई के नियमित अभ्यास से जोड़ने को लेकर अभिभावकों को समझाया गया है ताकि नियमित अध्ययन, बिना दबाव अध्ययन के साथ बच्चों को आत्मविश्वास मैं प्रगति हो. इस मौके पर विद्यालय प्रधान मो शमीम, क्रांति किसलय, देवनारायण चौधरी, मनोज मंडल, सुशील साह, मनोज कुमार, ललिता कुमारी, संतोष कुमार शर्मा, उमेश चक्रवर्ती, महाराणा प्रताप, अमरेश ठाकुर, हेमंत कुमार मिश्र, कमोद साफी विभा कुमारी, महेश प्रसाद शाह सहित कई लोग उपस्थित थे.



### बकाये वेतन भुगतान को लेकर दिया ज्ञापन

**मधुबनी/एनएसबी।** जिला अंतर्गत पंडौल औद्योगिक क्षेत्र में सावी ग्लोबल फैशन गार्मेंट्स का उद्घाटन बिहार सरकार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी जी द्वारा किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम के उपरांत पूर्व में उसी जगह पर स्थापित सूत मिल के कर्मचारियों द्वारा उनके बकाये वेतन भुगतान को लेकर पूर्व विधानसभा प्रत्याशी 36 मधुबनी विधानसभा मिथिला वाहिनी के संस्थापक सह मुख्य संरक्षक मिहिर कुमार झा महादेव के नेतृत्व में एक मांग पत्र सह आवेदन बिहार सरकार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी जी को सौंपा गया और उनसे आग्रह किया गया कि वे अपने स्तर से इस पर संज्ञान लेते हुए कर्मचारियों के लंबित वेतन अंशदानों के भुगतान की पहल करे उस आवेदन पत्र के साथ संबंधित कागजों को भी संलग्न कर माननीय उप मुख्यमंत्री जी को दिया गया। इसमें मुख्य रूप से गंगाराम पासवान, अमरनाथ झा,सतन राय, मुक्तिनाथ यादव, राजेंद्र राय, विनोद झा,परमानंद झा सहित अन्य सूत मिल में कार्यरत कर्मचारी शामिल थे।

### लोडेड देसी कट्टा सहित तीन जिन्दा कारतूस के साथ एक अपराधी गिरफ्तार

**लदनियां /एनएसबी।** पुलिस ने रविवार को दोपहर में सूचना पर कविलासा बजरंग चौक पर एक अपराधी को एक लोडेड देसी कट्टा सहित तीन जिंदा कारतूस के साथ पकड़े जाने की संसनी खबर प्रकाश में आया है।ए एस आई श्रवण कुमार ने पकड़ा गया अपराधी का नाम रमन कुमार यादव पिता दिनेश यादव बताया ।रविंद्र यादव उर्फ टमाटर यादव पिता राम सुफल यादव। दोनों चौपाइर गांव का रहने वाला है । तीसरा को नाम नहीं बताया ।इस बाबत पूछने पर बताया एएसआई श्रवण कुमार दिवा गस्ती में तेनुआही चौक पर वाहन चेकिंग में था ।सूचना सत्यापन के लिए तेनुआही से सिधपकला की ओर दल बल के साथ प्रस्थान किया ।कविलासा चौक पर मोटर साईकिल लगा कर खड़ा था ।पुलिस गाड़ी देख कर भागने लगा । पुलिस खदेर कर एक अपराधी पकड़ा गया । उन्होंने कहा कि ए एस आई श्रवण कुमार के आवेदन के अलोक में कांड संख्या - 127/ 026 दर्जकर किया गया ।

### मैट्रिक परीक्षा में ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों का रहा जलवा

**बिस्फी/एनएसबी।** मैट्रिक परीक्षा 2026 में इस वर्ष ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों का जलवा देखने को मिल रहा है. अधिकांश बेटियो ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने-अपने विद्यालयों में उच्च अंक प्राप्त कर अपने माता-पिता का नाम रोशन करते हुए विद्यालय एवं प्रखंड का नाम रोशन किया है. मिल रही जानकारी के अनुसार छात्रों की तुलना में छात्राओ का प्रदर्शन अच्छा रहा है. सिमरी गांव निवासी शत्रुघन शाह व कविता कुमारी के पुत्री नम्रता कुमारी ने 412, मनोज यादव के पुत्री चांदनी कुमारी 428, काजी टोला चपरिया गांव निवासी मो रेहान व गुंचा परवीन के पुत्री सारा यूनुस 373, अलिया बानो 413, सारिया बानो 358, कहकशॉं परवीन 358, परसौनी गांव निवासी कन्हैया शाह के पुत्र योगीराज कुमार 435, गौतम कुमार यादव 432, राम दुलार मुखिया के पुत्री प्रीती कुमारी 369, नीरज कुमार 384, अजय यादव के पुत्री सोनी कुमारी 364, परसौनी गांव निवासी राकेश साफी के पुत्र अंकित सफी 425, संतोष कुमार के पुत्र शिव शंकर कुमार 400,वही बिस्फी गोला टोल निवासी नथूनी शाह के पुत्र ओमप्रकाश साह 451, भोगेंद्र कुमार सहनी के पुत्र जिगर राज 432 अंक प्राप्त किया है. अभिभावकों ने हर्ष व्यक्ति करते हुए और बेहतर करने के लिए उत्साह बढ़ाया और बधाई एवं शुभकामना देते हुए मिठाई खिलाई.'

# सेवा-संवाद-समाधान अनुश्रवण प्रणाली के तहत आमजनों की समस्याएं सुनीं डीएम

**मधुबनी/एनएसबी।** जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने समाहरणालय परिसर में सेवा-संवाद-समाधान अनुश्रवण प्रणाली के तहत 'सबका सम्मान-जीवन आसान' कार्यक्रम के तहत अपने कार्यालय कक्ष में आमजनों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।इस जनसंवाद कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों को सरकारी कार्यालयों से संबंधित कार्यों में होने वाली कठिनाइयों को दूर करना तथा प्रशासन और जनता के बीच बेहतर संवाद स्थापित करना है। कार्यक्रम के दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए दर्जनों लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं, जिनके समाधान के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।इसी क्रम में मधुबनी निवासी बीपेश कुमार सिंह के द्वारा निजी जमीन पर विपक्षियों द्वारा घर बनाने से रोकने के संबंध में आवेदन दिया।प्रखंड बासोपट्टी पंचायत छतौनी के शंभू नाथ ने



समस्या सुनते जिला अधिकारी।

धान अधिप्राप्ति से संबंधित समस्या को लेकर आवेदन दिया।परिवादी शुभ चंद्र झा ग्राम पोस्ट रांटी पंचवटी चौक के द्वारा पैत्रिक घडारी जमीन पर उनके अनुपस्थिति में पड़ोसी द्वारा नाजायज रूप से कब्जा कर घर का निर्माण कर लिए जाने के संबंध में शिकायत किया। अंचल बाबूबरही के शिव शंकर चौधरी ने भू माफिया द्वारा जबरन जमीन कब्जा कर लेने के संबंध में शिकायत किया। विष्णु देव कुमार राम ने लघु उद्योग लगाने में समस्या होने से संबंधित आवेदन दिया।प्रखंड बेनीपट्टी ग्राम अंधरी जिला मधुबनी के रिंकू कुमारी सफाई कर्मी के द्वारा मानदेय भुगतान नहीं देने से संबंधित शिकायत किया।ग्राम द्वालख प्रखंड मधेपुर अनुमंडल झंझारपुर जिला मधुबनी के अनिल कामत, सुधीर कामत, सुशील कामत एवं विनोद कामत के द्वारा सन 1987 में भयंकर बाढ़ की चपेट में आने के कारण जमीन भूतिहीबलान में कट जाने के कारण वासगृह पर्चा निर्गत करवाने के संबंध में आवेदन दिया। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम के तहत विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों ने भी अपने-अपने कक्षों में उपस्थित होकर जिले भर से आए लोगों की समस्याएं सुनीं तथा उनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए।उल्लेखनीय है कि सेवा-संवाद-समाधान अनुश्रवण प्रणाली के तहत 'सबका सम्मान-जीवन आसान' कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को सम्मानपूर्वक उनकी समस्याओं का समाधान उपलब्ध कराना तथा प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक जन-हितैषी, पारदर्शी एवं उत्तरदायी बनाना है।जिलाधिकारी ने इस अवसर पर कहा कि प्रशासन आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए ताकि आम नागरिकों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और उन्हें बेहतर प्रशासनिक सेवा प्राप्त हो सके। कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों द्वारा बारी-बारी से सभी आवेदकों की शिकायतें सुनी गई तथा उनके त्वरित समाधान के लिए अग्रेतर कार्रवाई शुरू कर दी गई।

## विद्यालय में वार्षिकोत्सव सह अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी का आयोजन, मेधावी छात्र हुए सम्मानित

**खजौली/एनएसबी।** प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेता ककरघट्टी परिसर में सोमवार को बिहार सरकार के निदेर्शानुसार वार्षिकोत्सव समारोह सह अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी एवं वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषणा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं मंच संचालन विद्यालय के प्रधानाध्यापक सतीश कुमार ने किया।




कार्यक्रम को उद्घाटन करते।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख कुमारी उषा, बीडीओ लवली कुमारी, प्रभारी बीईओ मधुकांत प्रसाद, सरपंच रामानंद ठाकुर, संकुल समन्वयक उपेंद्र प्रसाद सिंह एवं समाजसेवी सुरेंद्र झा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर सभी अतिथियों को विद्यालय परिवार की ओर से पाग एवं दोपट्टा देकर सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा परियोजना कार्य, विज्ञान, गणित,स्वास्थ्य एवं स्वच्छता,कला-संगीत तथा खेलकूद से संबंधित प्रदर्शनी स्टॉल लगाए गए, जहां बच्चों ने अभिभावकों एवं अतिथियों को विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। वहीं वार्षिक परीक्षा 2026 में कक्षा 1 से 8 तक प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं तथा मैट्रिक परीक्षा में 400 से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने जल-जीवन-हरियाली एवं सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव पर नृत्य एवं नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर जागरूकता का संदेश दिया। दरभंगा डांस एकेडमी से आए कलाकारों ने झिझिया, छठ पर्व एवं जरजटीन लोकगीत प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया।बीडीओ लवली कुमारी ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ कला और संस्कृति में भागीदारी बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। वहीं प्रखंड प्रमुख कुमारी उषा ने छात्रों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए सोशल मीडिया से सावधान रहने का संदेश दिया। प्रभारी बीईओ मधुकांत प्रसाद ने बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर शिक्षक मो. कलामुद्दीन, रंजित यादव, मो. हमफूज, मो. तनवीर, संतोष कुमार, अर्जुन दास, शिक्षिका सुनीता कुमारी, दुर्गी देवी, कामना ठाकुर सहित बड़ी संख्या में अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## नेपाल बॉर्डर पर बड़ी कार्रवाई: 13.04 लाख नेपाली करेंसी के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



**जयनगर/एनएसबी।** जिले के भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में तैनात सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 48वीं वाहिनी ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए अवैध नेपाली करेंसी के साथ दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई जयनगर के समीप भारत-नेपाल सीमा पर की गई, जहां सुरक्षा बलों की सतर्कता से एक संभावित बड़े तस्करी नेटवर्क का पदार्फाश होने की उम्मीद जताई जा रही है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, एसएसबी 48वीं वाहिनी मुख्यालय जयनगर के कमांडेंट गोविंद सिंह भंडारी के निर्देश पर सहायक कमांडेंट पारस राठी के नेतृत्व में जवानों की एक टीम गठित की गई थी। टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि नेपाल से भारत की ओर अवैध रूप से बड़ी मात्रा में नेपाली करेंसी लाई जा रही है। सूचना के आधार पर जवानों ने सीमा स्तंभ संख्या-277 के पास सघन निगरानी शुरू कर दी।रविवार की देर शाम एक संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार को नेपाल से भारत की ओर प्रवेश करते देखा गया। जवानों ने जब उन्हें रोकने का प्रयास किया तो दोनों व्यक्ति एसएसबी को देखकर वापस नेपाल की ओर भागने लगे। हालांकि, सतर्क जवानों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए पीछा कर दोनों को मोटरसाइकिल समेत पकड़ लिया।तलाशी के दौरान एसएसबी को उनके पास से कुल ₹13,04,000 (तेरह लाख चार हजार) नेपाली करेंसी बरामद हुई। इसके अलावा उनके पास से एक हीरो ग्लैमर मोटरसाइकिल भी जब्त की गई, जिसका उपयोग वे इस अवैध कार्य में कर रहे थे।गिरफ्तार दोनों आरोपियों की पहचान हरलाखी थाना क्षेत्र के मोहनपुर उमगांव निवासी रामवृक्ष यादव के 35 वर्षीय पुत्र मनीष कुमार यादव उर्फ राकेश तथा सोठगांव निवासी श्याम किशोर पाण्डेय के 43 वर्षीय पुत्र सितेश कुमार पाण्डेय के रूप में हुई है। दोनों के खिलाफ बासोपट्टी थाना में मामला दर्ज कर लिया गया है।

एसएसबी अधिकारियों के अनुसार, यह मामला केवल करेंसी तस्करी तक सीमित नहीं हो सकता, बल्कि इसके पीछे किसी बड़े अंतरराष्ट्रीय गिरोह के जुड़े होने की आशंका भी जताई जा रही है। बरामद रकम और गिरफ्तारी से मिले सुरागों के आधार पर जांच एजेंसियां पूरे नेटवर्क की छानबीन में जुट गई हैं।कार्रवाई के बाद दोनों आरोपियों को बासोपट्टी थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में मधुबनी भेज दिया गया है। वहीं, जब्त नेपाली करेंसी को आगे की कानूनी प्रक्रिया के लिए सीमा शुल्क अधीक्षक कार्यालय जयनगर के निरीक्षक दीपक कुमार को सौंप दिया गया है।सीमा क्षेत्र में इस तरह की कार्रवाई से स्पष्ट होता है कि एसएसबी के जवान पूरी मुस्तैदी के साथ सीमा की सुरक्षा में लगे हुए हैं। उनकी सतर्कता और त्वरित कार्रवाई के चलते न केवल अवैध गतिविधियों पर रोक लग रही है, बल्कि बड़े आपराधिक नेटवर्क का भी खुलासा हो रहा है।स्थानीय लोगों ने भी इस कार्रवाई की सराहना की है और उम्मीद जताई है कि भविष्य में भी इस तरह की मुहिम जारी रहेगी, जिससे सीमा क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनी रहे।

## अनुश्रवण समिति की बैठक, गैस सिलेंडर व अनाज वितरण में गड़बड़ी पर हुई चर्चा

**जयनगर/एनएसबी।** अनुमंडल मुख्यालय में अनुश्रवण समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक अनुमंडल पदाधिकारी दीपक कुमार की अनुपस्थिति में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जनवितरण प्रणाली से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। खासकर गैस सिलेंडर की आपूर्ति में अनियमितता तथा लाभुकों को निर्धारित मात्रा से कम अनाज दिए जाने की शिकायतें प्रमुख रूप से उठाई गईं।बैठक में उपस्थित सदस्यों ने बताया कि कई जगहों पर उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। इसके कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र महतो ने आरोप लगाया कि गैस एजेंसियों द्वारा मनमानी की जा रही है, और उपभोक्ताओं को तय समय सीमा के भीतर डिलीवरी नहीं दी जा रही है। इस पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने संबंधित एजेंसियों को निर्देश देने की बात कही, ताकि आपूर्ति व्यवस्था में सुधार हो सके।इसके अलावा बैठक में जनवितरण प्रणाली के तहत 5 किलो अनाज के बदले मात्र 4 किलो अनाज दिए जाने की शिकायत भी जोर-शोर से उठी। समिति के सदस्यों ने इसे गंभीर अनियमितता बताते हुए इसकी जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि यह सीधे तौर पर गरीब लाभुकों के हक पर डाका है और इसमें संलिप्त दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि यदि कहीं भी अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित डीलरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने लाभुकों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की सूचना तुरंत विभाग को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।बैठक में समिति के अन्य सदस्यों ने भी अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं को रखा और समाधान के लिए सुझाव दिए। बैठक में मुख्य पार्षद कैलाश पासवान, माले नेता भूषण सिंह, सूर्यनाथ यादव,कुमार राणा प्रताप, उद्धव कुंवर, राजकुमार सिंह साबिर अली एवं गैस एजेंसी के प्रतिनिधि मौजूद रहे।अंत में यह निर्णय लिया गया कि जनवितरण प्रणाली गैस की होम डिलीवरी को पारदर्शी और सुचारु बनाने के लिए नियमित रूप से अनुश्रवण किया जाएगा तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।



## रामनवमी शोभायात्रा के सफल आयोजन के बाद जयनगर में समीक्षा बैठक आयोजित

**जयनगर/एनएसबी।** जिले के जयनगर में रामनवमी शोभायात्रा के सफल, भव्य एवं शांतिपूर्ण आयोजन के उपरांत सोमवार को एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। यह बैठक बजरंग अखाड़ा जयनगर के तत्वावधान में स्थानीय शहीद चौक स्थित अनुसूचित जाति-जनजाति कार्यालय परिसर में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य संयोजक सह मुख्य पार्षद कैलाश पासवान ने की, जबकि इसमें बड़ी संख्या में अखाड़ा समितियों के पदाधिकारी, सदस्य एवं स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।बैठक का मुख्य उद्देश्य हाल ही में संपन्न रामनवमी शोभायात्रा के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा करना और भविष्य के आयोजनों को और अधिक बेहतर बनाने के लिए सुझावों पर विचार-विमर्श करना था। इस दौरान उपस्थित सदस्यों ने शोभायात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं की भागीदारी, आकर्षक झांकियों की प्रस्तुति तथा अनुशासित ढंग से निकाली गई रैली की सराहना की।



बैठक करते ।

समीक्षा बैठक में विशेष रूप से शोभायात्रा के दौरान की गई सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने प्रशासन द्वारा किए गए पुख्ता इंतजामों की प्रशंसा करते हुए कहा कि पुलिस बल की सक्रियता और सतर्कता के कारण पूरा आयोजन शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो सका। साथ ही अखाड़ा समितियों के कार्यकताओं की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताया गया, जिन्होंने आयोजन को सफल बनाने में अहम योगदान दिया।हालांकि, बैठक में कुछ कमियों की ओर भी ध्यान आकृष्ट किया गया। बजरंग अखाड़ा के सदस्यों ने सुझाव दिया कि भविष्य में भीड़ प्रबंधन, यातायात नियंत्रण और झांकियों के समन्वय में और सुधार की आवश्यकता है। कुछ स्थानों पर व्यवस्था में आई छोटी-मोटी त्रुटियों को चिन्हित करते हुए उन्हें अगले वर्ष सुधारने का संकल्प लिया गया।अध्यक्षता कर रहे मुख्य संयोजक सह मुख्य पार्षद कैलाश पासवान ने अपने संबोधन में सभी अखाड़ा समितियों, ग्रामीणों, नगरवासियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं सहयोग करने वाले दाताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष की रामनवमी शोभायात्रा ऐतिहासिक रही, जिसमें समाज के सभी वर्गों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यह आयोजन सामाजिक एकता, आस्था और भाईचारे का प्रतीक बनकर उभरा है।

उन्होंने आगे कहा कि किसी भी बड़े आयोजन में कुछ कमियां रह जाना स्वाभाविक है, लेकिन उन कमियों से सीख लेकर आगामी वर्ष के आयोजन को और भी बेहतर बनाया जाएगा। उन्होंने सभी से अपील की कि इसी तरह एकजुट होकर भविष्य में भी धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों को सफल बनाएं।बैठक में बजरंग अखाड़ा के सचिव रंजीत पासवान, शिवशंकर ठाकुर, उद्धव कुंवर, गणेश पासवान, गुड्डा मंडल, रंजीत गुप्ता, विजय महतो, रामबाबू पासवान, दीपक गुप्ता, सुधीर गुप्ता, शिक्षक कैलाश पासवान, संतोष साह, छद्दू पासवान, अरविंद कुमार सहित कई अन्य सदस्य एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अंत में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि अगले वर्ष रामनवमी शोभायात्रा को और अधिक भव्य, सुव्यवस्थित एवं आकर्षक बनाने के लिए अभी से तैयारी शुरू की जाएगी। बैठक का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### बाइक सवार अपराधी ने सरेशाम महिला के सिर में गोली मारकर की हत्या, लोगों में मची भगदड़

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** सदर थाना क्षेत्र के भगवानपुर सब्जी मंडी के समीप स्थित हनुमान मंदिर के पास सोमवार शाम अपराधियों ने एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी। सिर में गोली लगने के साथ ही महिला की मौके पर मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के साथ ही बाइक सवार अपराधी मौके से फरार हो गए। वहीं फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास मौजूद लोगों में भगदड़ मच गई और लोग इधर उधर भागने लगे। वहीं घटना की सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल की जांच पड़ताल करने के पश्चात शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मंदिर के पास घटना के समय मौजूद कुछ लोगों ने बताया कि महिला मन्दिर के पास चापाकल पर गई थी, तभी वहां एक युवक आया और महिला को गोली मारकर फरार हो गया। मृतका की पहचान नहीं हो सकी है। अपराधी की पहचान के लिए पुलिस आसपास लगाए गए सीसीटीवी। कैमरे के फुटेज खंगाल रही है। फिलहाल, हत्या के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। इस मामले में सीटी एसपी मोहिबुल्लाह अंसारी ने बताया कि घटनास्थल से महिला का टूटा हुआ मोबाइल बरामद किया गया है। मृतका की पहचान नहीं हो ढकी है। सदर थाना पुलिस व एफएसएल की टीम पूरे मामले की जांच कर रही है। प्रथम दृष्ट्या मामला प्रेम-प्रसंग का प्रतीत होता है। पुलिस सभी बिंदुओं को केंद्र में रखकर जांच कर रही है।

### एमआईटी एवं इन्फो इरा सॉफ्टवेर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड पटना के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हुआ हस्ताक्षर

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** एमआईटी मुजफ्फरपुर एवं इन्फो इरा सॉफ्टवेर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड पटना के बीच सोमवार को एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर कंपनी की ओर से सीईओ राहुल राज एवं एचआर मैनेजर अंजलि सिन्हा की उपस्थिति में सत्र 2022-26 के इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी इलेक्ट्रॉनिकस एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग तथा बायो मेडिकल एन्ड रोबोटिक्स इंजीनियरिंग के छात्रों के लिए एक वर्कशॉप आयोजित की गई।




इस वर्कशॉप में एचआर मैनेजर अंजलि सिन्हा ने कंपनी की कार्यप्रणाली, करियर अवसरों एवं इंडस्ट्री की आवश्यकताओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसके उपरांत सीईओ राहुल राज ने छात्रों को आधुनिक तकनीकों जैसे मशीन लर्निंग एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बारे में जानकारी देते हुए उनके भविष्य एवं करियर संभावनाओं पर प्रकाश डाला। साथ ही यह भी बताया गया कि शीघ्र ही कंपनी द्वारा संस्थान में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य डॉ मिथलेश कुमार झा ने कंपनी से आए अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह एमओयू संस्थान एवं उद्योग के बीच सहयोग को और अधिक सुदृढ़ करेगा तथा छात्रों के लिए प्रशिक्षण, इंटर्नशिप एवं प्लेसमेंट के नए अवसर प्रदान करेगा। कार्यक्रम में संस्थान के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के प्रभारी दीपक कुमार चौधरी, प्रो विजय कुमार सहित अन्य संकाय सदस्य भी उपस्थित थे।

### कपरपुरा रेलवे गुमटी खोलने व कचरा प्रोसेसिंग शुरू कराने को लेकर विधायक ने की डीएम के साथ बैठक

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** कपरपुरा रेलवे गुमटी खोलने तथा रौतनियां कचरा डंपिंग यार्ड में कचरा प्रोसेसिंग कार्य शीघ्र शुरू कराने को लेकर सोमवार को जन प्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी के साथ बैठक की। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने दोनों मुद्दों को जनहित से जुड़ा मामला बताते हुए त्वरित कार्रवाई की मांग की। जिलाधिकारी ने अबतक की प्रगति से सभी को अवगत कराते हुए बताया कि इस संबंध में समस्तीपुर के डीआरएम तथा बिहार सरकार के नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव से शीघ्र संपर्क कर पत्राचार किया जाएगा।



उन्होंने भरोसा दिलाया कि दोनों समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासनिक स्तर पर आवश्यक पहल की जाएगी। विधायक ई अजीत कुमार ने कहा कि कपरपुरा रेलवे गुमटी बंद रहने से आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं रौतनियां डंपिंग यार्ड में कचरा प्रोसेसिंग शुरू नहीं होने से पर्यावरण एवं स्वास्थ्य संबंधी खतरे बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि जल्द ही वे विधान परिषद सदस्य दिनेश प्रसाद सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ समस्तीपुर के डीआरएम एवं नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव से मिलकर इस दिशा में ठोस कार्रवाई की मांग करेंगे। यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आम जनता के साथ बैठक कर आगे की रणनीति तय की जाएगी। वहीं विधायक अजीत कुमार ने शहबाजपुर गोलीकांड को लेकर वरीय पुलिस अधीक्षक से भी मुलाकात की। उन्होंने घटना में शामिल अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी तथा क्षेत्र में व्याप्त भय के माहौल को समाप्त करने के लिए पुलिस गश्त बढ़ाने को कहा। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी ने अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी और गश्त तेज करने का आश्वासन दिया। साथ ही चांदनी चौक से छपरा काली मंदिर एवं शहबाजपुर क्षेत्र में दो पुलिस पोस्ट खोलने के प्रस्ताव पर अप्रैल माह में कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

### जनसेवा भावना के साथ आरडीजेएम मेडिकल कॉलेज के अधिकारियों व छात्र छात्राओं ने शिविर लगाकर किया रक्तदान

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** तुर्की स्थित आर डी जे एम मेडिकल कॉलेज में सोमवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह संस्थान क्षेत्र का एक प्रमुख चिकित्सा केंद्र है, जहाँ आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध हैं और यह जनसेवा के लिए समर्पित है। आमलोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करने तथा अस्पताल में आने वाले जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित इस रक्तदान शिविर का उद् घाटन करते हुए महाविद्यालय के संस्थापक डॉ मनोज कुमार ने कहा कि रक्तदान शिविर समाज सेवा का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।



जिससे मानवता और सहयोग की भावना को बढ़ा वा मिलता है। इस तरह के आयोजन से छात्र छात्राओं में समाज सेवा तथा मानवता सेवा की भावना बनती है। इस अवसर का प्रबंध निदेशक राजीव कुमार शर्मा ने कहा कि रक्तदान महादान है। स्तदान कर आप सभी लोग मानवता की सेवा कर रहे है। उन्होंने कहा कि रक्तदान से बढ़कर न कोई धर्म है और न हीं कोई सेवा। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रचार्य डॉ प्रो आभा रानी सिन्हा ने कहा कि एक यूनिट रक्त से कई लोगों की जान बचाई जा सकती है। इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय समय पर रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान शिविर में पैथोलॉजी विभाग की डॉ नेहा सिंह एवम कॉलेज के प्रशासनिक पदाधिकारी मनीष कुमार ने रक्तदान कर शिविर का शुभारंभ किया। रक्तदान में एमबीबीएस सत्र 22,23,24 एवम 25 के 40 छात्र छात्राओं ने भी रक्तदान किया। मौके पर चिकित्सा शिक्षा निर्देशक डॉ उदय कुमार, अपर चिकित्सा अधिक्षक डॉ मणीभूषण शर्मा, मेडिसिन विभागाध्यक्ष प्रो डॉ रमाकांत प्रसाद, डॉ प्राची सिंह, डॉ प्रभात कुमार, डॉ के भी सौरभ, डॉ गौतम सिंहा, डॉ प्रज्ञा, डॉ प्रीति आदि मुख्य रूप से उपस्थिस थे। इस अवसर पर दिशा कदम, अनुप्रास इसी, विपुल, सोहम ठाकरे आदि ने भी रक्तदान किया। जबकि शिविर के आयोजन में अभिनव गौतम, स्वतंत्र शर्मा, अमृत राज, निशांत भारद्वाज, अश्मित आर्यन, हर्ष तिवारी ने प्रमुख भूमिका निभाई।

### मासिक कवि गोष्ठी में गूंजे काव्य के स्वर

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** शहर के छोटी सरैयागंज स्थित नवयुवक समिति ट्रस्ट के सभागार में श्री नटवर साहित्य परिषद् के तत्वाधान में मासिक कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भोजपुरी के वरिष्ठ कवि सतेंद्र कुमार सत्येन ने की, जबकि संचालन सुमन कुमार मिश्रा ने किया। कवि गोष्ठी का शुभारंभ युवा कवि उमेश राज की रचना ह्लअति सुंदर मोहक छवि, नयन है तेरे कजरारेह्व से हुआ। इसके बाद एक से बढ़कर एक कवियों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। अध्यक्ष सतेंद्र कुमार सत्येन ने अपनी भोजपुरी रचना ह्लगोकुल के तजि श्याम, कहां जात बानीह्व प्रस्तुत की।

# मुजफ्फरपुर में दिनदहाड़े बाइक सवार अपराधियों ने गिट्टी बालू कारोबारी की गोली मारकर की हत्या, घटना को लेकर व्यवसायियों में आक्रोश

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** अहियापुर थाना क्षेत्र के व्यस्ततम बाजार समिति रोड पर सोमवार को बाइक सवार अपराधियों ने सरेआम गिट्टी-बालू कारोबारी 45 वर्षीय प्रभाकर सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी। इस सनसनीखेज वारदात से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया और स्थानीय लोगों के बीच दहशत का माहौल व्याप्त है। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए। दिनदहाड़े हुई इस घटना को लेकर आसपास के लोगों में अफरा तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही अहियापुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल प्रभाकर सिंह को आनन-फानन में नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान मूल रूप से गायघाट थाना क्षेत्र के बेरुआ गांव निवासी प्रभाकर सिंह के रूप में हुई है। अहियापुर में भी उनका मकान है, जहां वे परिवार के साथ रहते हुए लंबे समय से गिट्टी बालू के साथ साथ जमीन का भी कारोबार करते थे। घटना के संबंध में बताया गया है कि प्रभाकर सिंह सड़क से


मृतक कारोबारी प्रभाकर सिंह की फाइल फोटो।


घटनास्थल पर जमा लोगों की लगी भीड़ ।


घटनास्थल पर पत्रकारों को घटना के संबंध में जानकारी देते एसएसपी।

गुजर रहे थे, तभी घात लगाए बाइक सवार अपराधियों ने उन्हें ओवरटेक किया। इससे पहले कि प्रभाकर सिंह कुछ समझ पाते, अपराधियों ने पीछे से उन्हें गोली मार दी। गोली लगने के बाद प्रभाकर सिंह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़े। जबकि घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी हथियार लहराते हुए मौके से फरार हो गए। घटना के संबंध में एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने बताया कि पुलिस की टीमें घटनास्थल पर पहुंचकर बारीकी से जांच कर रही हैं। अपराधियों की पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी कैमरे के फुटेज को खंगाला जा रहा है, ताकि अपराधियों के भागने के रूट का भी पता लगाया जा सके। दिनदहाड़े शहर के इतने व्यस्त इलाके में हुई इस हत्या को लेकर व्यवसायियों में दहशत व आक्रोश व्याप्त है। फिलहाल पुलिस आपसी रंजिश और व्यवसायिक विवाद समेत तमाम पहलुओं को केंद्र में रखकर मामले की जांच कर रही है। वहीं इलाके में तनाव को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है।

एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने बताया कि एक बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों के द्वारा गोली मारकर हत्या की गई है। मृतक प्रभाकर सिंह गिट्टी बालू के व्यवसाय के साथ-साथ जमीन का भी कारोबार करते थे। तीन गोली लगने की बात सामने आई है। मामले की जांच के लिए विशेष टीम का गठन किया गया है। वहीं एफएसएल की टीम को भी जांच में लगाया गया है। साथ हीं घटना की गंभीरता को देखते हुए मृतक कारोबारी के गायघाट के बेरुआ, अहियापुर सहित अन्य सभी जगह पर पुलिस की टीम विभिन्न पहलुओं पर जांच पड़ताल करेगी।

## अर्धनग्न हालत में खेत से मिला युवती का शव, दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** सकरा थाना क्षेत्र के बेझा स्थित बैंक ऑफ इंडिया के पीछे एक मकई के खेत में सोमवार की सुबह युवती का अर्धनग्न अवस्था में शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। यह खबर फैलते ही घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। घटना की गम्भीरता को देखते हुए स्थानीय ग्रामीणों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही सकरा थाना पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुँची और मामले की छानबीन शुरू की। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हालांकि, घंटों बीत जाने के बाद भी मृतका की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के गाँवों और थानों में युवती की तस्वीर भेजकर शव की पहचान की कोशिश कर रही है। शव की स्थिति को देखकर युवती की दुष्कर्म के बाद हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कुछ ग्रामीण सुबह अपने खेत की ओर गए थे, इसी दौरान खेत में महिला का अर्धनग्न शव पड़ा देख ग्रामीण सहम गए और शोर मचाना शुरू कर दिया। ग्रामीणों द्वारा हल्ला किए जाने पर वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने शव की स्थिति के आधार पर आशंका व्यक्त करते हुए बताया कि युवती का अर्धनग्नावस्था क्षत विक्षत शव देखकर प्रतीत हो रहा है कि दुष्कर्म के बाद युवती की हत्या कहीं और की गई है और साक्ष्य छूपाने के उद्देश्य से शव को मक्के के खेत में फेंक दिया गया है। इस मामले में डीएसपी पूर्वी मनोज कुमार सिंह ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि प्रथम दृष्टया मामला हत्या कर शव फेंके जाने का प्रतीत होता है। युवती के गले में दुपट्टा मिला है, यह आशंका है कि दुपट्टा से गर्दन कसकर उसकी हत्या की गई है। पुलिस की टीम सभी वैज्ञानिक और तकनीकी बिंदुओं पर गहराई से जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों और दुष्कर्म जैसी आशंकाओं की पुष्टि हो सकेगी।


घटनास्थल पर लगी भीड़ और मामले की जांच करती पुलिस टीम।

## 34वें शहादत दिवस पर याद किए गए युवाओं के हृदय सम्राट रहे स्व हेमंत शाही


श्रद्धांजलि सभा में मंचासीन अतिथिगण।

### एसकेजे लॉ कॉलेज में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर लोगों ने दी श्रद्धांजलि और किया रक्तदान

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** समाजवादी विचारधारा के सशक्त प्रतिनिधि व युवाओं के प्रेरणाश्रोत रहे स्व हेमंत शाही के 34वें शहादत दिवस पर सोमवार को गन्नीपुर स्थित एस के जे लॉ कॉलेज के सेमिनार हॉल में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा से पूर्व कार्यक्रम में शामिल सभी अतिथियों तथा कॉलेज के अधिकारियों शिक्षकों ने उनकी प्रतिमा पर फूल माला अर्पित कर उन्हें याद करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। ततपश्चात सेमिनार हॉल में आयोजित सभा को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए मुजफ्फरपुर के नगर विधायक रंजन कुमार ने स्व हेमंत शाही को अपना राजनीतिक गुरु बताते हुए कहा कि हेमंत शाही के सानिध्य में ही उन्होंने जनसेवा की प्रेरणा प्राप्त की। उन्होंने कहा कि शाही जी की लोकप्रियता वैशाली ही नहीं, बल्कि पूरे बिहार में उनके उदार हृदय, सेवाभाव व समर्पण के कारण थी। वही विशिष्ट अतिथि रुन्नी सैदपुर विधायक पंकज कुमार मिश्रा ने स्व हेमंत शाही को गरीबों का सच्चा मसीहा बताते हुए कहा कि उनकी कार्यशैली, तत्परता एवं जनसमस्याओं के समाधान के प्रति समर्पण आज के जनप्रतिनिधियों के लिए अनुकरणीय है। कॉलेज के निदेशक जयंत कुमार ने स्व हेमंत शाही के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे समाजवादी सिद्धान्तों को मानने वाले सशक्त प्रतिनिधि, धरतीपुत्र एवं युवाओं के प्रेरणास्रोत थे। उन्होंने अपने अल्पकालीन जीवन में जनसेवा, सामाजिक न्याय और जनहित के कार्यों के माध्यम से जन मानस के बीच अमिट छाप छोड़ी। कॉलेज के प्राचार्य डॉ के के एन तिवारी ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि स्व हेमंत शाही ने अपने राजनीतिक एवं सामाजिक जीवन में बिहार के विकास एवं वंचित वर्गों के उत्थान के लिए उल्लेखनीय योगदान दिया, जिसे सदैव स्मरण किया जाएगा। लंबे समय तक हेमंत शाही के साथ रहे वरिष्ठ कांग्रेसी नेता तथा हेमंत शाही विचार मंच के अध्यक्ष अरविन्द कुमार सिंह ने उन्हें जन-जन के नेता एवं युवाओं के प्रेरणास्रोत के रूप में याद किया। उन्होंने कहा कि हेमंत शाही उस समय के युवाओं के हृदय की धड़कन थे। उनके साथ के लोग वर्तमान में भी उनके आदर्शों को अपनाकर जीवन यापन कर रहे हैं। वहीं सचिव प्रो बी एम आजाद ने उनके साथ बिताए गए क्षणों को स्मरण करते हुए उनके संघर्षपूर्ण जीवन एवं सामाजिक योगदान पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। मौके पर हॉल में ही रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन दोनों विधायक अतिथियों ने फीता काटकर किया।

## लोजपा के पूर्व गायघाट प्रखंड अध्यक्ष की हत्या पर पार्टी के जिलाध्यक्ष ने जताया रोष, मुख्यमंत्री से बढ़ते अपराध के मामले पर हस्तक्षेप की मांग

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के जिला अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने मुजफ्फरपुर में अपराधियों के बढ़ते मनोबल और जिले में बढ़ रहे अपराध के ग्राफ पर चिंता व्यक्त किया है। सोमवार को दिनदहाड़े लोक जनशक्ति पार्टी के पूर्व गायघाट प्रखंड अध्यक्ष प्रभाकर कुमार सिंह की अपराधियों द्वारा गोली मारकर की गई हत्या की घोर निंदा करते हुए अजय कुमार सिंह ने कहा है कि मुजफ्फरपुर में अपराधियों का बढ़ रहे मनोबल के खिलाफ लोक जनशक्ति पार्टी निंदा प्रस्ताव पास करते हुए मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की मांग करती है। उन्होंने कहा कि मुजफ्फरपुर में आए दिन प्रतिदिन कहीं ना कहीं कोई घटना हो रही है, अपराधी बेलगाम हो खुलेआम अपराध कर फरार हो जा रहे हैं। इसलिए अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए लोक जनशक्ति पार्टी द्वारा व्यापक आंदोलन की तैयारी पर विचार विमर्श करेंगे। पार्टी के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष की हत्या की निंदा करने वालों में पप्पू सिंह, शशि कुमार सिंह, भोला साहनी, हरि नारायण साहनी, मोहम्मद मंटू, राजेश पासवान, चुन्नू तिवारी, प्रमोद दास आदि मुख्य है।

## गैस आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप की हुई बैठक में अवैध भंडारण व कालाबाजारी पर सख्ती के निर्देश

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिलों में रसोई गैस की सुचारू आपूर्ति, पारदर्शी वितरण व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा अवैध भंडारण एवं कालाबाजारी पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से सोमवार को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप की राज्यस्तरीय उच्चस्तरीय बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई। बैठक में विधि-व्यवस्था बनाये रखते हुए जरूरतमंद उपभोक्ताओं एवं आवश्यक सेवाओं की नियमित और निर्वाध गैस आपूर्ति सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। बैठक में मुजफ्फरपुर जिले से जिलाधिकारी, वरीय पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त सहित खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, आपदा, विधि व्यवस्था, पुलिस सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने वर्तमान आपूर्ति व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा करते हुए

स्पष्ट रूप से कहा कि घरेलू गैस उपभोक्ताओं को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। किसी भी स्तर पर लापरवाही, अनियमितता या मनमानी बर्दाश्त नहीं करें। उन्होंने जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने जिलों में गैस एजेंसियों की कार्यप्रणाली की नियमित मॉनिटरिंग करें और वितरण प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करें। बैठक में अवैध भंडारण और कालाबाजारी पर नियंत्रण के लिए नियमित निरीक्षण एवं निगरानी करने को कहा। मुख्य सचिव ने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को संयुक्त रूप से छापेमारी अभियान चलाने का निर्देश देते हुए कहा कि ऐसे मामलों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में आम जनता को कृत्रिम संकट का सामना नहीं करना पड़े, इसके लिए सतत निगरानी आवश्यक है। इसके अलावा आवश्यक सेवाओं जैसे होटल, अस्पताल, सामुदायिक रसोई एवं अन्य संस्थानों को प्राथमिकता के आधार पर गैस आपूर्ति सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। मुख्य सचिव ने कहा कि आपूर्ति श्रृंखला में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो तथा आम जनजीवन प्रभावित न हो। बैठक के पश्चात जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में गैस आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था को पूरी तरह व्यवस्थित रखा जाये। उन्होंने सभी एजेंसियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर उपभोक्ताओं तक गैस पहुंचाने तथा अधिकारियों को नियमित प्रभावी मॉनिटरिंग करने तथा शिकायत मिलने पर त्वरित कार्रवाई करने को कहा।

जिलाधिकारी ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे गैस की कालाबाजारी या अवैध भंडारण से संबंधित किसी भी सूचना को तुरंत संबंधित अधिकारियों को दें, ताकि समय रहते त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। बैठक में एजेंसियो और संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति को बिना किसी बाधा के गैस की उपलब्धता सुनिश्चित हो और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो।


गैस आपूर्ति के मामले को लेकर आयोजित क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप की बैठक में शामिल डीएम व एसएसपी।

# मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से एलपीजी को लेकर की बैठक, दिए कई निर्देश



मुख्य सचिव के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में शामिल सीतामढ़ी के डीएम-एसपी व अन्य।

**सीतामढ़ी(एनएसबी)।** बिहार सरकार मुख्य सचिव, द्वारा सोमवार को शाम 5:00 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रमंडलीय आयुक्त, सभी जिलाधिकारी एवं सभी पुलिस अधीक्षक के साथ एलपीजी से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। बताया गया की एलपीजी की उपलब्धता में कोई कमी नहीं है। एलपीजी एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता प्रचुर मात्रा में है। पेट्रोलियम पदार्थ एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं की जमाखोरी/ कालाबाजारी एवं तस्करी में जो भी सम्मिलित पाए जाएंगे उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई जिला प्रशासन के द्वारा की जाएगी। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जिला पदाधिकारी सीतामढ़ी, पुलिस अधीक्षक एवं जिले के अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# "सबका सम्मान-जीवन आसान" कार्यक्रम में डीएम ने सुनीं जनसमस्याएं

**सीतामढ़ी(एनएसबी)।** बिहार सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम सात निश्चय-3 अंतर्गत सातवें निश्चय सबका सम्मान-जीवन आसान के तहत सोमवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जिला पदाधिकारी रिची पांडेय ने आमजनों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी शिकायतें सीधे जिलाधिकारी के समक्ष रखीं। जहां बारी-बारी से सभी परिवाद सुने गए एवं उसके समाधान की दिशा में आवश्यक निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई के दौरान भूमि विवाद, राजस्व संबंधी मामले, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना,आई सी डी एस, विद्युत आपूर्ति, पेयजल, सड़क, राशन कार्ड,अतिक्रमण, सहित विभिन्न विभागों से जुड़ी परिवाद प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने प्रत्येक मामले की बारीकी से समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल एवं प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी श्री पांडेय ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनसमस्याओं के निष्पादन में जिले के सभी पदाधिकारी पूरी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक


आमजनों की समस्याओं को सुनते जिला पदाधिकारी रिची पांडेय व अन्य।

शिकायत काजिले में आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं पारदर्शी समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल समाधान निर्धारित समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम जनता को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी ने कहा कि सेवा-संवाद-समाधान कार्यक्रम के माध्यम से प्रशासन और आम जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित हुआ है। इससे न केवल समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया तेज हुई है, बल्कि प्रशासन के प्रति आम लोगों का भरोसा भी और अधिक मजबूत हुआ है।

## सरकारी स्कूलों में पीटीएम का असर, रिपोर्ट कार्ड पर अभिभावकों संग हुआ मंथन

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** सरकारी विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक सकारात्मक बदलाव देखने को मिला, जब जिले के सभी प्रारंभिक स्कूलों में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी (पीटीएम) आयोजित की गई। इस दौरान बच्चों के प्रगति पत्रक अभिभावकों के साथ साझा किए गए और उनके प्रदर्शन पर विस्तार से चर्चा हुई।

डीईओ के निर्देश पर बीईओ के माध्यम से वार्षिक कैलेंडर के अनुसार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस बार थीम प्रवेश से प्रगति तक, विद्यालय और अभिभावक साथ रखी गई, जिसके तहत शत-प्रतिशत नामांकन और बच्चों के समग्र विकास में अभिभावकों की भागीदारी पर जोर दिया गया।

शिक्षकों ने अभिभावकों को बच्चों के अधिगम, अनुशासन, स्वास्थ्य और नियमित उपस्थिति में घर और स्कूल की साझा जिम्मेदारी के प्रति जागरूक किया। साथ ही छह वर्ष की आयु पूरी कर चुके बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करने के लिए भी संवाद किया गया।

### सुप्पी प्रखंड में शौचालय निर्माण के भुगतान में अनियमितता पर गिरी गाज

# तत्कालीन बीडीओ सहित कर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी का निर्देश

नवसंदेश ब्यूरो

**सीतामढ़ी।** ग्राम पंचायत राज मोहनी मंडल प्रखंड सुप्पी में एलएसबीए के तहत शौचालय निर्माण हेतु भुगतान में अनियमितता प्रमाणित होने पर तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक एवं कार्यपालक सहायक के विरुद्ध कड़ी करवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक संबंधित पंचायत में शौचालय निर्माण हेतु किए गए भुगतान में अनियमितता के संबंध में शिकायत दर्ज कराई गई थी। मामला 2024 का है। यह आरोप लगाया गया था कि संबंधित पंचायत में 36 लोगों का नाम पर शौचालय का निर्माण हेतु भुगतान किया गया है जबकि उक्त लाभुक वास्तविक रूप से इस वार्ड के निवासी नहीं है।

संबंधित मामले की जांच जिलाधिकारी के निर्देश पर डीआरडीए डायरेक्टर द्वारा की गई। निदेशक डीआरडीए के द्वारा जांच के क्रम में अभिलेखों का गहन अवलोकन एवं संबंधित कर्मियों से पूछ करते हुए स्थलीय जांच की गई। जांच के क्रम में पाया गया कि उक्त सभी आवेदन कार्यालय में उपलब्ध नहीं है जो कि अत्यंत गंभीर बात मानी गई। साथ ही जांच के क्रम में वर्तमान प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि स्वयं उनके द्वारा भी संबंधित

**संबंधित पंचायत में 36 लोगों का नाम पर शौचालय का निर्माण हेतु भुगतान किया गया है जबकि उक्त लाभुक वास्तविक रूप से इस वार्ड के निवासी नहीं**

वार्ड में जांच की गई।जांच के क्रम में उक्त वार्ड में प्रश्नगत कोई लाभार्थी उपलब्ध नहीं पाए गए। साथ ही कई अन्य बिंदुओं की जांच पूरी सूक्ष्मता से की गई।निदेशक डीआरडीए के द्वारा की गई जांच एवं वर्तमान प्रखंड विकास पदाधिकारी से प्राप्त मंतव्य के आधार पर जांच में अनियमितता प्रमाणित हुई है। फलस्वरुप तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी, वर्तमान प्रखंड समन्वयक एवं कार्यपालक सहायक (एलएसबीए) दोषी पाए गए हैं। इस आलोक में तत्कालीन बीडीओ सुप्पी एवं प्रखंड समन्वयक तथा कार्यपालक सहायक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने एवं नीलाम पत्रवाद तैयार दायर करने का निर्देश दिया गया है।

साथ ही तत्कालीन वीडियो सुप्पी के विरुद्ध प्रपत्र क दायर कर ग्रामीण विकास विभाग को प्रेषित करने का निर्देश दिया गया है और प्रखंड समन्वय एवं कार्यपालक सहायक को चयन मुक्त करने हेतु आवश्यक नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस अधीक्षक ने एससी/एसटी एवं महिला थाना का किया वार्षिक निरीक्षण

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** पुलिस अधीक्षक अमित रंजन ने सोमवार को एससी/एसटी थाना एवं महिला थाना का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लंबित कांडों की समीक्षा करते हुए केस डायरी का अवलोकन किया तथा अभिलेखों के रख-रखाव का गहन मूल्यांकन किया। निरीक्षण के क्रम में महिला संबंधित मामलों के त्वरित निष्पादन तथा पीड़ितों के साथ संवेदनशील व्यवहार सुनिश्चित करने को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने अनुसंधान की गुणवत्ता में सुधार लाने और लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन पर विशेष जोर दिया। इसके अलावा, थाने की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था एवं समग्र कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए, ताकि आमजन को त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण न्याय मिल सके।



### प्रधानाध्यापक उपेंद्र साह के सेवानिवृत्ति पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन

**सीतामढ़ी(एनएसबी)।** मध्य विद्यालय गाढ़ा रुन्नीसैदपुर के प्रधानाध्यापक सह संयुक्त सचिव अंचल रून्नीसैदपुर उपेंद्र साह के सेवा निवृत्ति पर उन्हें विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन कर सम्मानित किया गया। श्री साह वर्ष 1994 में



बीपीएससी से चयनित होकर अपनी सेवा निर्बाध रूप से दे रहे थे। मौके पर उपस्थित वक्ताओं में जिला प्राथमिक शिक्षक संघ सीतामढ़ी के प्रधान सचिव दीनानाथ सिंह राठौड़ ने कहा कि श्री साह काफी ऊजार्वान कर्तव्य निष्ट एवं समयनिष्ट शिक्षक के रूप में जाने जाते हैं। शिक्षक के रूप में उनका चरित्र आम शिक्षकों के लिए अनुकरणीय रहा है। जिला प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष सत्येंद्र नारायण मिश्र ने कहा कि सरकारी नियमानुसार 60 वर्ष पूर्ण होने पर सभी सरकारी कर्मी को सेवा निवृत्ति होना पड़ता है। लेकिन शिक्षक ऐसा पेशा है जिसे सरकार चाहे तो शिक्षकों की उम्र 65 वर्ष कर बच्चों को उनके अनुभव का अधिक से अधिक लाभ दिलवाया जा सकता है। मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ के संयुक्त प्रधान सचिव रामेश्वर कुशवाहा, अभिषेक कुमार, धर्मवीर कुमार, सुभाषिनी कुमारी, रंजना कुमारी, चंदा झा, राजरानी गुप्ता, राधेश्याम सिंह, शिशिर कुमार समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### मधुबन हाई स्कूल में मैट्रिक परिणाम पर जश्न लक्ष्मी ने 441 अंक लाकर लहराया परचम

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिला मुख्यालय डुमरा स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय, मधुबन में मैट्रिक परीक्षा परिणाम घोषित होते ही जश्न का माहौल बन गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया है। विद्यालय की छात्रा लक्ष्मी कुमारी ने बिहार बोर्ड द्वारा जारी मैट्रिक परीक्षा परिणाम में 441 अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की। साधारण परिवार से आने वाली लक्ष्मी ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन, माता-पिता के सहयोग एवं अपनी कड़ी मेहनत को दिया। इसके अलावा दिव्य राज ने 434, ओमजी कुमार ने 404, मुशर्रत खातून ने 402, स्वेता रानी ने 383, आयुष कुमार ने 381, रौशनी खातून ने 353 एवं प्रिंस कुमार ने 323 अंक प्राप्त किए। अन्य छात्रों ने भी अच्छे अंक हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। प्रधानाध्यापक डॉ. मनीष कुमार ने सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर शिक्षक मो. परवेज आलम, अंगिका श्री, सुप्रिया रानी सहित अन्य शिक्षक एवं अभिभावक मौजूद रहे।




# आईटीआई सीएटी-2026 : जिले में 880 सीटों पर नामांकन का मौका

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** तकनीकी क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक युवाओं के लिए सुनहरा अवसर है। जिले के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में नामांकन के लिए आईटीआई सीएटी-2026 हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार अभ्यर्थी 16 मार्च से आवेदन कर सकते हैं, जबकि अंतिम तिथि 14 अप्रैल निर्धारित की गई है।

पर्षद के अनुसार आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन होगी। अभ्यर्थियों को आधिकारिक वेबसाइट पर पंजीकरण कर ईमेल आईडी व मोबाइल नंबर दर्ज करना अनिवार्य होगा। इसके बाद लॉग-इन कर व्यक्तिगत, शैक्षणिक व संपर्क संबंधी जानकारी भरनी होगी। साथ ही फोटो और हस्ताक्षर अपलोड करना जरूरी है। आवेदन पत्र जमा करने से पूर्व प्रीव्यू की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। आईटीआई सीएटी के माध्यम से इलेक्ट्रिशियन, फिटर, वेल्डर, प्लंबर, मोटर व्हीकल मैकेनिक व इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक

**14 अप्रैल तक करें आवेदन**

जैसे ट्रेडों में प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिनकी उद्योगों में लगातार मांग बनी रहती है और रोजगार के अवसर भी अधिक होते हैं।

जिले के चार आईटीआई संस्थानों में कुल 880 सीटों पर नामांकन लिया जाएगा। इनमें राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सीतामढ़ी में 388 सीट, राजकीय महिला आईटीआई, सीतामढ़ी में 92 सीट, आईटीआई पुपरी में 224 सीट तथा आईटीआई बेलसंड में 176 सीटें निर्धारित हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आवेदन की अंतिम तिथि 14 अप्रैल, शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि 15 अप्रैल, आवेदन में सुधार 16 व 17 अप्रैल, प्रवेश पत्र जारी होने की तिथि 8 मई तथा परीक्षा 17 मई को आयोजित की जाएगी। परीक्षा ऑफलाइन मोड में ओएमआर शीट पर बहुविकल्पीय प्रश्नों के आधार पर होगी और मेरिट के अनुसार नामांकन किया जाएगा।

आवेदन शुल्क सामान्य, पिछड़ा व अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लिए 750 रुपये, अनुसूचित जाति व जनजाति के लिए 100 रुपये तथा दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए 430 रुपये निर्धारित किया गया है। आरक्षण के तहत विभिन्न वर्गों के लिए निर्धारित प्रतिशत के अनुसार सीटों का आवंटन किया जाएगा। अभ्यर्थियों को समय रहते आवेदन कर इस अवसर का लाभ उठाने की सलाह दी गई।

## मेधावी छात्र पवन कुमार को किया सम्मानित



**सीतामढ़ी(एनएसबी)।** कला -संगम एवं पं. चंद्रशेखर धर शुक्ल साहित्यिक व सांस्कृतिक संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को मानिक चौक पश्चिमी पंचायत के वार्ड संख्या -09 में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षाविद् राम बाबू सिंह वनगांव ने की. संचालन गीतकार गीतेश ने किया। समारोह में मैट्रिक परीक्षा में राज्य में आठवां व जिला में पहला स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र पवन कुमार को संस्था द्वारा अंग वस्त्र, प्रशस्ति-पत्र, पुष्प गुच्छ एवं ग्यारह सौ की नकद राशि देकर सम्मानित किया गया।

मौके पर पिता शिवेश पंडित एवं माता सुनीता देवी को भी अंग वस्त्र तथा पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया. संस्था के सदस्यों ने होनहार पवन को मदद का भरोसा दिया और कहा कि आगे की बेहतर पढ़ाई में पैसा व्यवधान नहीं बनेगा। संस्था सहयोग के लिए हर क्षण खड़ी रहेगी. गीतकार गीतेश ने अपनी रचना ' वक्त के कैनवास पर कुछ खास दिखना है, अपने दम पर एक नया इतिहास लिखना है ' के माध्यम से हौसला अफजाई की। मौके पर डॉ. सुनील सुमन, समाजसेवी सुरेश सिंह, युवा कवि कृष्णनंदन लक्ष्य, राम बाबू सिंह वनगांव एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे। पवन ने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं गुरू जनों को दिया. साथ ही भविष्य में और भी बेहतर करने का संकल्प लिया।

## दिव्यांगता को हराकर आकाश ने रचा इतिहास, मैट्रिक परीक्षा में पाई सफलता

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिले के बथनाहा प्रखंड के उच्च विद्यालय, योगीवाना बाजार के छात्र आकाश कुमार ने अपनी शारीरिक दिव्यांगता को मात देते हुए बिहार बोर्ड की मैट्रिक परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। सेरेब्रल पाल्सी से प्रभावित आकाश ने विषम परिस्थितियों के बावजूद अपने अटूट संकल्प और लगातार मेहनत के बल पर यह उपलब्धि हासिल की।

आकाश की इस सफलता में आरोग्या फाउंडेशन द्वारा संचालित दिव्यांगजन केंद्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने नेशनल ट्रस्ट के दिशा एवं विकास केंद्र के अंतर्गत नियमित फिजियोथेरेपी प्राप्त की, जिसके माध्यम से उन्होंने चलना सीखा और आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया।

इस उपलब्धि पर आरोग्या फाउंडेशन की ओर से आकाश कुमार एवं उनकी माता को सम्मानित किया

**आरोग्या फाउंडेशन ने किया सम्मानित, डॉ. राजेश सुमन ने दिया स्मार्टफोन**

गया। साथ ही, संस्था के डॉ. राजेश कुमार सुमन ने आकाश को एक स्मार्टफोन भेंट किया, ताकि वह डिजिटल शिक्षा और ऑनलाइन गतिविधियों से जुड़कर आगे भी अपनी पढ़ाई जारी रख सके। इस अवसर पर डॉ. राजेश कुमार सुमन ने कहा कि दिव्यांगता शरीर में होती है, मन में नहीं। यदि इच्छाशक्ति मजबूत हो और सही मार्गदर्शन मिले, तो कोई भी बाधा सफलता के मार्ग में रुकावट नहीं बन सकती। उन्होंने आकाश की सफलता को सभी बच्चों के लिए प्रेरणास्रोत बताया। कार्यक्रम में बिहार के स्टेट नोडल ऑफिसर राहुल रंजन एवं मधुरिमा रानी भी उपस्थित रहीं। उन्होंने आकाश की उपलब्धि को समाज के लिए प्रेरणादायक बताते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



सेरेब्रल पाल्सी से प्रभावित आकाश को सम्मानित करते डॉ. राजेश सुमन व अन्य।

# बिहार में पहली मिसालः सीतामढ़ी सदर अस्पताल ने 78 वर्षीय महिला के स्टेज-4 हार्ट अटैक का सफल इलाज कर रचा इतिहास

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिले के सदर अस्पताल ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं का परिचय देते हुए चिकित्सा क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। डुमरा प्रखंड की 78 वर्षीय महिला, श्रीमती अन्नपूर्णा मिश्रा, जो एनवाईएचए स्टेज-4 हृदय विफलता और एलवीईएफ 30 प्रतिशत जैसी गंभीर स्थिति में थीं, का सफल उपचार कर अस्पताल ने एक मिसाल कायम की है।

जानकारी के अनुसार, 25 मार्च की रात लगभग 1 बजे महिला को गंभीर हार्ट अटैक आया। स्थिति अत्यंत नाजुक होने के कारण शहर के कई निजी क्लीनिकों ने उन्हें भर्ती करने से इनकार कर दिया। इसके बाद मरीज के दामाद एवं पत्रकार मनीष कुमार ने अस्पताल प्रबंधक विजय झा से संपर्क किया, जिसके बाद तत्काल उन्हें सदर अस्पताल के आईसीयु में भर्ती कराया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए आईसीयु प्रभारी डॉ. मृत्युंजय कुमार (एमबीबीएस, एमडी क्रिटिकल केयर मेडिसिन) तुरंत अस्पताल पहुंचे और इलाज शुरू किया। उन्होंने अपने अनुभव और कुशलता से टीम के साथ मिलकर मरीज को जीवनदान देने का कार्य किया। उपचार के दौरान डाययूरेटिक्स, हेपरिन थेरेपी और नॉन-इनवेसिव वेंटिलेशन (एनआईवी) जैसे आधुनिक चिकित्सा उपायों का उपयोग किया गया।

लगातार 24/7 निगरानी, विशेषज्ञों की टीमवर्क और समर्पित प्रयासों के परिणामस्वरूप मात्र 5 दिनों में मरीज की


मरीज के साथ चिकित्सक, अस्पताल प्रबंधक व अन्य।

स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ। धीरे-धीरे मरीज को एनआईवी सपोर्ट से हटाकर सामान्य ऑक्सीजन स्तर पर लाया गया और अंततः पूरी तरह स्वस्थ होने के बाद उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। यह सफल उपचार न केवल सदर अस्पताल की तत्परता और कुशल प्रबंधन का प्रमाण है, बल्कि यह दशार्ता है कि जिला स्तर पर भी गंभीर से गंभीर बीमारियों का प्रभावी इलाज संभव है। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि समय पर सही इलाज, आधुनिक संसाधनों का उपयोग और टीम वर्क के बल पर मरीजों की जान बचाई जा सकती है। सदर अस्पताल लगातार आम जनता को बेहतर, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# भारत-नेपाल आर्थिक सहयोग पर बीरगंज में संगोष्ठी, व्यापार विस्तार के नए अवसरों पर मंथन

**रक्सौल(एनएसबी)।** भारत के महावाणिज्य दूतावास, बीरगंज (नेपाल) द्वारा बीरगंज उद्योग वाणिज्य संघ के सहयोग से भारत नेपाल आर्थिक सहयोग के तहत अन लकिंग ट्रेड पोटेंशियल विषय पर एक महत्वपूर्ण संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नेपाल तथा भारतीय राज्य बिहार के विभिन्न चेंबर अफ कमर्स और उद्योग संगठनों के प्रतिनिधियों व पदाधिकारियों की उल्लेखनीय भागीदारी रही।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीरगंज स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास के महावाणिज्यदूत डीएस मीना ने भारत और नेपाल के बीच गहरे आर्थिक संबंधों पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि दोनों पड़ोसी देशों के बीच व्यापारिक रिश्तों को और मजबूत बनाने के लिए काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास और बीरगंज स्थित महावाणिज्य दूतावास लगातार सक्रिय प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक सहयोग का संक्षिप्त अवलोकन प्रस्तुत करते


कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

हुए बताया कि भारत ने विभिन्न आर्थिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है, जिसका लाभ नेपाली उद्यमी भारतीय कंपनियों के साथ साझेदारी कर उठा सकते हैं।महावाणिज्यदूत ने यह भी बताया कि एकीत जांच चौकी, ड्राई पोर्ट, रेलवे और डिजिटल कनेक्टिविटी जैसे बुनियादी ढांचे के विकास के माध्यम से भारत सरकार दोनों देशों के आर्थिक संबंधों को और सुढ़ करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने स्टार्टअप, आईसीटी, पर्यटन और षि-प्रसंस्करण जैसे क्षेत्रों में संयुक्त उद्यम स्थापित करने की अपार संभावनाओं पर भी प्रकाश डाला और नए विचारों को अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर विशिष्ट वक्ताओं में माधव राजपाल, सुभाष कुमार पटवारी, मनीष कुमार, अशोक वैद्य, ओम प्रकाश शर्मा तथा रिपु रमन सहित कई प्रमुख हस्तियां शामिल रहींस संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य भारत और नेपाल के बीच आर्थिक संबंधों को और मजबूत करना तथा पारस्परिक लाभ के लिए नए अवसरों की तलाश करना था।

कार्यक्रम के दौरान दोनों देशों के प्रतिनिधियों के बीच सकारात्मक संवाद हुआ और द्विपक्षीय व्यापार को विस्तार देने के विभिन्न उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही व्यापारिक गतिविधियों में आ रही चुनौतियों को भी साझा किया गया।अंत में महावाणिज्यदूत ने भरोसा दिलाया कि द्विपक्षीय व्यापार को सुगम बनाने के लिए महावाणिज्य दूतावास हर संभव सहयोग प्रदान करेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### रक्सौल से तिरुपति जाने वालों के लिए अब मिलेगी नियमित गाड़ी

**रक्सौल।** सीमावर्ती लोगों के लिए रेल मंत्रालय खास तोहफा दिया है।अब रक्सौल से तिरुपति जाने वाली स्पेशल गाड़ी को रेल मंत्रालय ने नियमित गाड़ी बना दिया है।रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसकी आधिकारिक घोषणा कर दी है। अब यह गाड़ी हमेशा के लिए नियमित सेवा के रूप में चलेगी, जिससे यात्रियों को सफर की बेहतर सुविधा मिलेगी।ट्रेन नंबर 17434 रक्सौल से तिरुपति के लिए जाएगी एवं वही गाड़ी तिरुपति पहुंचने के बाद तिरुपति से गाड़ी नंबर 17433 बनकर रक्सौल आयेगी।बता दे कि पहले यह गाड़ी नंबर 07052/07051 स्पेशल नंबर से चलती थी, लेकिन अब इसे स्थायी गाड़ी का दर्जा रेल मंत्रालय से मिल गया है।किन-किन जगहों से गुजरेगी ट्रेन यह गाड़ी बिहार, झारखंड और कई बड़े शहरों को जोड़ते हुए तिरुपति तक जाएगी।इसके रास्ते में प्रमुख स्टेशन होंगे सीतामढ़ी, दरभंगा, समस्तीपुर, बरौनी, किऊल, झाझा, जसीडीह, धनबाद, बोकारो, रांची, हटिया, बिलासपुर, रायपुर, नागपुर और विजयवाड़ा होते हुए चलेगी।अब यात्रियों को स्पेशल किराया नहीं, सामान्य किराया लगेगा।साथ ही श्रद्धालुओं के लिए तिरुपति बालाजी के दर्शन आसान हो जाएंगेस बहुत लंबे समय से लोग इस गाड़ी को नियमित करने की मांग कर रहे थे। जिसे अब रेल मंत्रालय ने मंजूरी दे दी है।

### पकड़ीदयाल जिला निर्माण हेतु फेनहारा प्रखंड के आईबी भवन में बैठक

**पकड़ीदयाल।** जिला निर्माण समिति कि बैठक सामुदायिक भवन फेनहारा में प्रखंड प्रमुख की अध्यक्षता में रविवार को संपन्न हुई। बैठक का संचालन ड आलोक कुमार सिंह ने किया।बैठक को संबोधित करते हुए संरक्षक पूर्व मुखिया अशोक कुमार सिंह ने बताया कि पकड़ीदयाल जिला निर्माण के लिए सभी शर्तो को पूरा करता है।समिति के अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह में बताया कि पकड़ीदयाल का भौगोलिक बनावट भी सभी ष्टिकोण से उपयुक्त है।संयोजक ड मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि जिला निर्माण हेतु पंचायत वार संगठन आवश्यक है।बैठक को बच्चा प्रसाद यादव ,चंद्रभूषण सिंह आलोक वर्मा सुजीत कुमार सिंह ड गणेश प्रसाद बबलू कुमार सिंह,राजीव सिंह मुखिया बलिंद्र राम समेत दर्जनों वक्ताओं ने संबोधित किया।इस अवसर पर प्रखंड स्तरीय संघर्ष समिति का गठन किया गया।उक्त समिति के अध्यक्ष राजीव कुमार सिंह मुखिया सचिव आकाश कुमार सिंह कोषाध्यक्ष पंकज कुमार उपाध्यक्ष गणेश प्रसाद ,मनीष कुमार विद्वान बबलू सिंह पंचायत समिति सदस्य अविनाश कुमार सिंह उप सचिव दिलीप सिंह मुशर्रफ जिया संयोजक ड आलोक कुमार सह संयोजक बलिंद्र राम पूर्व मुखिया चंदन सिंह ड रामबली पासवान रमेश चंद्र तिवारी फुल मोहम्मद सरपंच मो सलाउद्दीन संगठन सचिव संतोष ओझा रंजन तिवारी उमेश साह संरक्षक के रूप राधेश्याम सिंह प्रखंड प्रमुख रविंद्र तिवारी हाजी मो अकिलुर रहमान प्रो शुभनारायण प्रसाद एवं मीडिया सेल सदस्य के रूप में मो नसीफुर रहमान जुगनू धीरेंद्र कुमार सिंह निर्भय कुमार सिंह गुलशन सिंह बनाए गए ।बैठक में संगठन का पंचायत स्तर पर विस्तारित करने एवं जगह जगह जागरूकता हेतु नुक्कड़ सभा करने का निर्णय लिया गया।

# पीपराकोठी में दीक्षांत समारोह, विज्ञान-बाल मेला आयोजित

**पीपराकोठी ।** राजकीय बुनियादी विद्यालय में सोमवार को दीक्षांत समारोह सह विज्ञान एवं बाल मेला का आयोजन किया गया। जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य अनुराग प्रसाद, विद्यालय के प्राध्यापक पंकज कुमार शर्मा और सुनील पटेल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर इसका उद्घाटन किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी वर्गो में उत्ष्ट प्रदर्शन करने वाले शीर्ष तीन-तीन छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया।

सम्मान पाकर बच्चों के चेहरे पर खुशी दिखी और उनके अभिभावकों में भी गर्व की भावना स्पष्ट झलक रही थी। कार्यक्रम के दौरान आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र रही। बच्चों ने अपने-अपने मडल के माध्यम से विज्ञान के विभिन्न सिद्धांतों को सरल और रोचक तरीके से प्रस्तुत किया। किसी ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तो किसी ने तकनीकी नवाचार को प्रदर्शित किया। इन मडलों ने उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों को काफी प्रभावित किया। वहीं, बाल मेले में बच्चों द्वारा लगाए गए विभिन्न व्यंजनों के स्टल ने कार्यक्रम में उत्साह भर दिया। छात्रों ने स्वयं तैयार किए गए पकवानों को सजाकर प्रस्तुत किया, जिसका सभी ने भरपूर आनंद



समारोह में उपस्थित लोग।

लिया। मेले का उद्देश्य बच्चों में आत्मनिर्भरता, रचनात्मकता और सहयोग की भावना का विकास करना था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने बच्चों के प्रयासों की सराहना की और उन्हें निरंतर मेहनत कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस मौके पर शंभू महतो, रंजन गुप्ता, शोभा देवी के साथ शिक्षक नीलम देवी, शशि राज, विनय ष्णा, जीनत कौसर, नीरज गिरी, अनिता कुमारी सहित कई अभिभावक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# इंडो-यूरोपियन संसदीय फ्रेंडशिप ग्रुप की बैठक में भारत-यूरोप संबंधों पर चर्चा

### राधामोहन सिंह बने इंडो-यूरोपियन संसदीय फ्रेंडशिप ग्रुप का सदस्य

**मोतिहारी(एन एस बी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं लोकसभा अध्यक्ष नितिन नवीन द्वारा सांसद राधामोहन सिंह को इंडो-यूरोपियन संसदीय फ्रेंडशिप ग्रुप का सदस्य नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति भारत और यूरोप के बीच संसदीय सहयोग को और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। आज नई दिल्ली में पार्लियामेंट शोध परिसर में इस नवगठित ग्रुप की पहली बैठक आयोजित की गई। बैठक में यूरोपियन संसदीय प्रतिनिधिमंडल के साथ भारत और यूरोप के बीच द्विपक्षीय संबंधों, व्यापार, निवेश, शिक्षा, और सांस्तिक आदान-प्रदान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य दोनों क्षेत्रों के बीच सहयोग को


कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

और मजबूत करना तथा वैश्विक चुनौतियों पर साझा ष्टिकोण विकसित करना रहा। सांसद राधामोहन सिंह ने इस अवसर पर कहा कि भारत और यूरोप के संबंध ऐतिहासिक, सांस्तिक और आर्थिक ष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, जिन्हें और गहराई देने की आवश्यकता है। इस पहल से भारत और यूरोप के बीच संसदीय संवाद को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# एक सफल शिक्षक बनने के लिए अनुशासित होना जरूरी : प्रो मृगेंद्र

**मोतिहारी(एन एस बी)।** शहर के लक्ष्मी नारायण दुबे महाविद्यालय के सत्र 2025 -27 के बीएड प्रशिक्षुओ को विद्यालयों में अवलोकन कार्य हेतु जाने के लिए विरमित किया गया। प्राचार्य प्रो(ड) मृगेंद्र कुमार ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि एक सफल शिक्षक बनने के लिए अनुशासित रहना अनिवार्य है। इतिहास विभागाध्यक्ष डसुबोध कुमार ने विद्यार्थियों को शुभकामना देते हैं कहा कि आप जहां भी जाएं वहां एक सफल शिक्षक के लिए आवश्यक गुणों को पहचान कर अपने आप को उस तरह तैयार होने की अपील की। अर्थशास्त्र के विभागाध्यक्ष डदुर्गेश मणि तिवारी ने प्रशिक्षुओ कों को बताया कि आपका कठिन परिश्रम ही आपको सफलता दिलाएगी। प्रधान सहायक श्री राजीव कुमार ने प्रशिक्षुओं कों को सफल होने की कामना की। बीएड विभागाध्यक्ष ड ष्ण कुमार सिन्हा ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए विद्यार्थियों को आगे की ओर अग्रसर होने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विभाग के सहायक प्राध्यापक श्री प्रियरंजन झा, ड मधुलिका कुमारी, ड मधुबाला कुमारी, ड प्रमोद कुमार, ड जयंती झा आदि उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रमों की जानकारी सहायक प्राध्यापक सह मीडिया प्रभारी जलेश्वर कुमार ने दी।


कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

# पीपराकोठी में मत्स्य पालकों को मिला प्रशिक्षण

**पीपराकोठी।** स्थित महात्मा गांधी केंद्रीय समेकित षि अनुसंधान संस्थान में उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ मंडल के तीन जिलों आजमगढ़, बलिया और मऊके प्रगतिशील मत्स्य पालकों के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आधुनिक मत्स्य पालन एवं प्रबंधन की तकनीकियों से किसानों को अवगत कराना था। कुल 15 मत्स्य पालकों ने इसमें भाग लिया।

यह प्रशिक्षण उत्तर प्रदेश सरकार की श्उत्तर प्रदेश मत्स्य पालक कल्याण कोष योजनाश के तहत मत्स्य विभाग, आजमगढ़ मंडल द्वारा प्रायोजित था। संस्थान के निदेशक ड़ सुशील कुमार पूर्वे ने इस अवसर पर बाढ़-प्रभावित क्षेत्रों में उत्पादकता बढ़ाने के लिए समेकित षि प्रणाली अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीकों के उपयोग से मत्स्य पालन को एक लाभकारी उद्यम बनाया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान किसानों को मछली


प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

पालन, समेकित मछली पालन, बायोफ्लक और आरएएस (तौ) प्रणाली की उन्नत तकनीकों तथा वैज्ञानिक प्रबंधन पद्धतियों की विस्तृत जानकारी दी गई।

मछलियों की प्रजाति चयन, स्टकिंग, जल गुणवत्ता प्रबंधन और स्वास्थ्य प्रबंधन पर विशेष जानकारी प्रदान की गई।कार्यक्रम के समन्वयक ड़ रवि कुमार ने मछली पालन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करते हुए किसानों को उद्यमिता विकास के लिए प्रेरित किया।

प्रशिक्षण के हिस्से के रूप में किसानों को संस्थान के अनुसंधान फार्म का भ्रमण कराया गया। यहां मछली-सह-मुर्गी, मछली-सह-बत्तख, मछली-सह-बकरी और धान-सह-मछली पालन जैसे एकीत षि प्रणाली (ष्टै) मडल प्रदर्शित किए गए। इसके अतिरिक्त संग्रामपुर स्थित कश्यप फिशरीज फार्म में एक्सपोजर विजिट के दौरान किसानों ने कार्प पलीकल्चर, बायोफ्लक, बीज उत्पादन और मछली आहार निर्माण की तकनीकों का अवलोकन किया।

उन्होंने एक सफल उद्यमी से संवाद कर व्यावहारिक ज्ञान भी प्राप्त किया। कार्यक्रम के तहत आईसीएआर-सीआईएफई (ष्ब्।त्-ब्थ्म्), क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र, मोतीपुर का भी भ्रमण कराया गया। यहां वैज्ञानिकों ने जल गुणवत्ता, पोषण, स्वास्थ्य प्रबंधन और मूल्य संवर्धन पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। पांच दिवसीय इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से लाभान्वित हुए किसानों ने इसे अत्यंत उपयोगी बताया। कार्यक्रम का संचालन संस्थान के वैज्ञानिकों द्वारा सफलतापूर्वक किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### मोतिहारी में जिला स्तरीय उर्दू वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

**मोतिहारी(एन एस बी)।** उर्दू निदेशालय, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना के निर्देशानुसार जिला उर्दू भाषा कोषांग, पूर्वी चंपारण द्वारा उर्दू भाषी विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन समाहरणालय मोतिहारी स्थित ड़ राजेंद्र प्रसाद भवन में किया गया। इस अवसर पर जिले भर से छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, पत्रकारों, उर्दू अनुवादकों एवं उर्दू प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी श्री सौरभ जोरवाल, उप विकास आयुक्त ड़ प्रदीप कुमार एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री सरफराज नवाज द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में जिलाधिकारी ने उर्दू को एक अत्यंत मधुर भाषा बताते हुए कहा कि यह भाषा हमारी साझा संस्ति और परंपरा को जीवित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने उर्दू के प्रचार-प्रसार हेतु सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की तथा विद्यार्थियों को इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से बच्चों में रचनात्मकता और आत्मविश्वास का विकास होता है। प्रभारी पदाधिकारी, जिला उर्दू भाषा कोषांग, श्री सरफराज नवाज ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य उर्दू भाषी विद्यार्थियों में भाषा के प्रति रुचि विकसित करना और उनकी अभिव्यक्ति क्षमता को सशक्त बनाना है। प्रतियोगिता को तीन वर्गोमैट्रिक, इंटरमीडिएट और ातकमें विभाजित किया गया था। प्रत्येक वर्ग के लिए अलग-अलग विषय निर्धारित किए गए थे।



मैट्रिक वर्ग में शिक्षा का महत्व, भाषा लोगों को जोड़ती है एवं उर्दू शायरी और साहित्यरू बिहार की पहचान और विरासत जैसे विषय शामिल थे। इंटरमीडिएट वर्ग के लिए उर्दू मीडिया और भाषा में बदलाव, साहित्य और शायरी का आईना तथा उर्दू भाषा की शुरुआत और विकास विषय निर्धारित किए गए। वहीं ातक वर्ग में उर्दू और हिंदी का भाषाई संबंध, उर्दू साहित्य में महिलाओं की भूमिका तथा बिहार में उर्दू पत्रकारिता की परंपरा और वर्तमान स्थिति जैसे विषयों पर प्रतिभागियों ने अपने विचार प्रस्तुत किए।मैट्रिक वर्ग में 32, इंटरमीडिएट में 18 तथा ातक वर्ग में 16 प्रतिभागियों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने उत्ष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता के परिणामों में मैट्रिक वर्ग में शादाब आलम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि द्वितीय स्थान पर फैसल रहमान, बुशरा तरन्नम और नूर फातिमा रहे। तृतीय स्थान हाजरा तरन्नम, अल्ताफ जिया, शाइस्ता परवीन और फलक नाज को मिला। इंटरमीडिएट वर्ग में दरख्शां परवीन ने प्रथम स्थान हासिल किया, द्वितीय स्थान रोशन आरा, अदीबा नाज और अंजुम आरा को मिला, जबकि तृतीय स्थान रईसिया फिरदौस, निकहत परवीन, अर्शिफा परवीन और कैफ आलम ने प्राप्त किया। ातक वर्ग में तूबी नाज प्रथम स्थान पर रहीं, जबकि द्वितीय स्थान आफताब आलम, मुहम्मद काशिफ और अरशद जमाल को मिला। तृतीय स्थान रुनाक जहां, शाहनवाज, इबादुर रहमान और तैयब तरन्नम को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका अस फैसल, ड़ तफजील अहमद, असिस्टेंट प्रोफेसर वसीम रजा (रामेश्वर सिंह कलेज, मुजफ्फरपुर), असिस्टेंट प्रोफेसर मशहूर आलम (एमएस कलेज, मोतिहारी), उर्दू शिक्षक श्री फिरोज आलम तथा वरिष्ठ पत्रकार अबू सलमान ने निभाई ।कार्यक्रम का संचालन उर्दू अनुवादक गुलाम रब्बानी ने प्रभावशाली ढंग से किया। अंत में प्रभारी पदाधिकारी श्री सरफराज नवाज ने सभी प्रतिभागियों एवं अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की।

### 2026- 2027 के लिए ढाका नगर परिषद का 153 करोड़ का होगा बजट

**ढाका(एनएसबी)।** आज ढाका नगर परिषद के बजट सत्र की अहम बैठक हुई, जिसमें वर्ष 2026- 2027 के लिए 153 करोड़ रुपए का अनुमानित बजट सभापति, उपसभापति और समस्त पार्षदों ने सर्वसम्मति से पास कर नगर विकास विभाग पटना को स्वीति एंव राशि आवंटन हेतू भेजा है। इस बजट में ढाका नगर के स्वच्छता, रोड नाला, पुल पुलिया, मशीनरी, सौंदर्यकरण, आदि मुनासिब व्यस्था है। विदित हो कि पिछले वर्ष ढाका नगर हेतू 146 करोड़ का बजट था, जिससे विकास का बहुत सारा कार्य हुआ। उच्च विद्यालय खेल मैदान को सम्पूर्ण और खूबसूरत ढंग से डे नाईट स्टेडियम बनाया गया, स्वच्छता प्रणाली को बेहतर बनाना गया, सैकड़ों रोड नाला का निर्माण किया गया, स्वच्छ पेय जल हेतू वाटर मशीन लगी गईं यानी पूर्ण रूप से विकास कार्यो पर फोकस किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता कर रहे नगर परिषद ढाका के सभापति मो इमतेयाज अख्तर ने कार्यपालक पदाधिकारी, स्वच्छता पदाधिकारी, आर्किटेक्ट अफिसर, सिटी मैनेजर एवं अन्य कर्मियों के कार्यो की समीक्षा करते हुए उनके द्वारा कार्यो में कमी कोताहि को दूर करते हुए पूरी मुस्तादी से नगर के विकास हेतु कार्य करने के लिए आदेशित किया।

### पुनर्वास 2013 से संबंधित बैठक

**रक्सौल(एनएसबी)।** सोमवार को अनुमंडल सभागार में अनु जाति/जनजाति(अत्याचार निवारण) अनुश्रवण सह सतर्कता समिति एवं मैनुअल स्कैवेंजर रोजगार निषेध एवं पुनर्वास 2013 से संबंधित बैठक अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई।बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी सदस्यों की समस्याओं को संज्ञान में लेते हुए संबंधित पदाधिकारी से त्वरित कारवाई कर निष्पादन करने का आदेश दिया। बैठक में उपस्थित अनुमंडल के सभी थाना प्रभारियों को लंबित चार्जशीट को जल्द से जल्द निष्पादित करने का भी आदेश दिया गया। अत्याचार के मामलों के अलावा अनुमंडल पदाधिकारी ने और भी अन्य जनमानस के समस्याओं जैसे वासभूमि, आवास जैसी समस्याओं को भी सुना एवं निष्पादन के लिए उचित दिशा निर्देश दिए। बैठक में समिति के सदस्यों के साथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनीष आनंद, प्रशिक्षु आईपीएस सह रक्सौल थानाध्यक्ष हेमंत कुमार, हरैया थानाध्यक्ष किशन पासवान,प्रभारी अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी ब्रजेश कुशवाहा, अनुमंडल षि पदाधिकारी एवं अन्य समाज सेवी मौजूद थे।

### पूर्वी चंपारण में सड़क विकास को रफ्तार पांच महत्वपूर्ण योजनाओं पर होगा कार्य

**मोतिहारी(एन एस बी)।** पूर्वी चंपारण जिले में आधारभूत संरचना को मजबूत करने की दिशा में प्रशासन द्वारा कई महत्वपूर्ण सड़क योजनाओं को अमल में लाने की तैयारी की गई है। इन योजनाओं का उद्देश्य आवागमन को सुगम बनाना, क्षेत्रीय संपर्क बढ़ाना तथा स्थानीय विकास को गति देना है। नगर निगम मोतिहारी के उप मेयर ड लालबाबू प्रसाद ने सूबे के उद्योग एवं पथ निर्माण मंत्री ड दिलीप जयसवाल को पत्र दे अवगत करायास उन्होंने बताया कि पहली योजना के तहत बेरिया देवी माई स्थान मंदिर (527) से गांधी आश्रम चंद्रअहिया (527) तक लगभग 2.5 किलोमीटर लंबाई में सड़क का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण किया जाएगा। इससे श्रद्धालुओं एवं आम लोगों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी।दूसरी योजना में बरियारपुर लिंक पथ के चौनेज 0.00 से 0.40 किलोमीटर (कुल 400 मीटर) तक सड़क को चौड़ा और सुढ़ किया जाएगा, जिससे स्थानीय ग्रामीण क्षेत्र को मुख्य मार्ग से बेहतर कनेक्टिविटी प्राप्त होगी।तीसरी योजना के अंतर्गत मोतिहारीतुरकौलियागोविंज (ꣳ 54) मार्ग के चौनेज 0.20 से 3.20 किलोमीटर (कुल 3 किलोमीटर) तक सड़क का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण किया जाएगा। यह मार्ग क्षेत्र के प्रमुख आवागमन मार्गो में से एक है, जिससे यातायात में सुधार की उम्मीद हैस चौथी योजना में हवाई अड्डा चौक से चीनी मिल होते हुए दुर्गा चौक (छभ-527क) तक 1.9 किलोमीटर लंबाई में सड़क को बेहतर बनाया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### किन्नर गुरु पल्लवी के नेतृत्व में दो दिवसीय विशाल भंडारा का आयोजन

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** बैजनाथपुर स्थित किन्नर आश्रम में हजारों श्रद्धालु, भक्त व ग्रामीणों ने किया महाप्रसाद ग्रहण नगर निगम क्षेत्र सहरसा वार्ड संख्या 23 बैजनाथपुर स्थित काली मैया मंदिर प्रांगण सह किन्नर आश्रम में किन्नर गुरु पल्लवी के नेतृत्व में रामनवमी पूजा के अवसर पर दो दिवसीय विशाल भंडारा



संपन्न हुई। इस विशाल भंडारे में आसपास के हजारों भक्त व श्रद्धालुओं सहित ग्रामीणों ने महाप्रसाद ग्रहण किया। भंडारा के पूर्व रामनवमी पूजा अर्चना के साथ कीर्तन-भजन का भी आयोजन किया गया। भंडारा व्यवस्था व आयोजन किन्नर गुरु पल्लवी व्यक्तिगत संसाधन से की। जबकि भंडारा महाप्रसाद ग्रहण करने वाले श्रद्धालु,भक्त व ग्रामीणों की सेवा में मेदनी यादव, हरिश्चंद्र यादव, रामचंद्र यादव, प्रकाश यादव, वकील यादव, आलोक यादव एवं कौशल यादव प्रमख रूप से शामिल थे।

### क्षितिज पोएट्री मीट कार्यक्रम में समाजसेवी सरिता राय को उनके उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों के लिए किया गया सम्मानित

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** क्षितिज संस्था द्वारा पटना में आयोजित क्षितिज पोएट्री मीट कार्यक्रम में समाजसेवी सरिता राय को उनके उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में साहित्य और समाजसेवा से जुड़े कई लोग उपस्थित थे। सरिता राय लंबे समय से बिहार में बाल मजदूरी, बाल विवाह और महिलाओं के खिलाफ हिंसा जैसे गंभीर सामाजिक मुद्दों पर सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं। उनके प्रयासों से कई बच्चों और महिलाओं को नई दिशा और




सुरक्षा मिली है। सम्मानित होने के बाद सरिता राय ने कहा कि हमें इंसानियत का बल्ब जलाने की जरूरत है, क्योंकि अंधेरा अपने आप नहीं जाता, उसे दूर करना पड़ता है। कार्यक्रम में उनके योगदान की सराहना करते हुए आयोजकों ने कहा कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए ऐसे समाजसेवी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।

### मैट्रिक के रिजल्ट में चण्डी उच्च विद्यालय बिराटपुर के छात्र भास्कर आनंद ने किया टॉप, बचपन से मेधावी छात्र थे, परिजनों सहित क्षेत्र में हर्ष।

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत श्री चंडी उच्च विद्यालय चंडी स्थान बिराटपुर के छात्र भास्कर आनंद ने अपने स्कूल में टॉप किया। बिराटपुर पंचायत के गाजीपैता गांव निवासी किशोर कुमार शर्मा के पुत्र भास्कर आनंद ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर क्षेत्र सहित सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाके में शिक्षा के क्षेत्र में एक दिशा



दिखाया है। जिससे क्षेत्र में हर्ष है। श्री चण्डी उच्च विद्यालय चण्डी स्थान विराटपुर के छात्र भास्कर आनंद ने 428 अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय में टॉप किया है। उनके अभिभावकों ने बताया की बचपन से ही भास्कर आनंद मेधावी रहे है। छात्र ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरु एवं अभिभावकों को दिया है।

### बनमा ईटहरी थाना में नए थानाध्यक्ष का स्वागत, पुराने को दी गई विदाई

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** थाना परिसर में नए थानाध्यक्ष कुंदन कुमार सहनी के स्वागत एवं पूर्व थानाध्यक्ष खुशबू कुमारी की विदाई को लेकर एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ. बालकिशोर सिंह ने किया, जबकि अध्यक्षता लोजपा के युवा प्रदेश उपाध्यक्ष अमरेंद्र कुमार ने की।




इस अवसर पर नए थानाध्यक्ष कुंदन कुमार सहनी को पाग और चादर भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं, पूर्व थानाध्यक्ष खुशबू कुमारी को भावभीनी विदाई दी गई। समारोह के दौरान वक्ताओं ने दोनों अधिकारियों के कार्यकाल की सराहना करते हुए नए थानाध्यक्ष से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ करने की अपेक्षा जताई। इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि पवन कुमार, लोजपा प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार शर्मा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रामकुमार पासवान, सोहन कुमार, पंकज यादव, अमेरिकन कुमार, अभद्र राम समेत कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

### जानलेवा बना एनएच 107 सड़क 7 सालों से लिंक रोड का निर्माण कार्य है अधूरा

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** नगर पंचायत क्षेत्र के मनौरी चैक पर स्थित एनएच-107 सिमरी बख्तियारपुर जाने वाली सड़क पर वाहनों का परिचालन पिछले तीन दिनों से बाधित है। एनएच 107 सड़क एवं लिंक रोड जानलेवा साबित हो रही है बड़ी एवं छोटी गाड़ी



कभी दुर्घटनाग्रस्त हो सकती है लेकिन विभागीय पदाधिकारी सुनने को तैयार नहीं है। जबकि मालूम हो कि सहरसा के जिलाधिकारी ने 20 फरवरी को सड़क सुरक्षा पर हुई बैठक में एनएच-107 के परियोजना निदेशक और कार्यकारी एजेंसी को मनौरी चैक स्थित आरओबी (रेलवे ओवरब्रिज) और वीयूपी (व्हीकुलर अंडरपास) को 15 मार्च तक पूरा करने का सख्त निर्देश दिया था। इसके बावजूद कॉन्ट्रैक्टर का रवैया उदासीन बना हुआ है जिससे आमजनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बीते शुक्रवार रात हुई बारिश के बाद से ही सिमरी बख्तियारपुर जाने वाला यह मार्ग अवरुद्ध है। इस मार्ग पर फ्लाईओवर और लिंक रोड का निर्माण कार्य वर्ष 2019 से अधूरा पड़ा है। पेटी कॉन्ट्रैक्टर द्वारा इसे सात वर्षों से पूरा नहीं किया गया है, जिसके कारण हल्की बारिश में भी यह मार्ग कारण हल्की बारिश में भी यह मार्ग आवागमन के लिए अनुपयोगी हो जाता है। एनएच-107 से सिमरी बख्तियारपुर अनुमंडल आने-जाने वाले वाहनों को अब सुगमा चैक होकर गुजरना पड़ रहा है।

# 7 लड़कियों का रेस्क्यू, सहरसा में हिरासत में जदयू नेता

## एक महिला को गोली मारने का भी आरोप डीएसपी बोले एसआईटी टीम गठित कर मामले की जांच की जा रही, चुन्ना मियां को पुलिस ने हिरासत में लिया है।



लड़कियों का रेस्क्यू लेकर जाती पुलिस



वीडीओ में चुन्ना मियां के हाथ में सिगरेट



**सहरसा कार्यालय (एनएसबी)।** नेता ओवेश करनी उर्फ चुन्ना मियां के ईंट भट्ठे से 7 नाबालिग लड़कियों का रेस्क्यू किया गया है। इन लड़कियों के परिजनों ने नेता पर डांस कराने और विरोध करने पर मारपीट और करंट का शॉक देने के आरोप लगाए हैं। परिवार वालों ने बेटियों के साथ बैड टच का भी आरोप लगाया है। पुलिस ने चुन्ना मियां को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। नाबालिग से डांस कराने का एक वीडियो भी सोमवार को सामने आया है। इसमें दिख रहा है चुन्ना मियां हाथ में सिगरेट लिए लड़की के लिए गाना बजाता है। इसके बाद उसे डांस करने के लिए इशारा करता है। ओवेश करनी उर्फ चुन्ना मियां पिछले 15 सालों से ईंट भट्ठा चला रहे हैं। इस दौरान 6 महीने पहले इनके ईंट भट्ठे पर असम से करीब 100 परिवार काम करने आए थे। जबकि इस विडियो का पुष्टी दैनिक नवसंदेष नहीं करता। मजदूरों ने बताया 2-3 महीने तक तो हमारे साथ सब कुछ अच्छा रहा, लेकिन कुछ महीने से मालिक हमें बहुत टॉर्चर करने लगे थे। मालिक पहले पूरे दिन हम लोगों से काम करवाते थे। इसके बाद रात में हमारी बच्चियों को अपने प्राइवेट कमरे में भेजने को कहते थे। जब हमलोग इसके लिए मना करते, तो वो हमारे साथ मारपीट करते थे। हमें करंट लगाते थे। हमलोग बाहर से आए थे, इस वजह से इसका विरोध नहीं कर पाए। मजदूरों को यहीं रखा जाता था। आरोप है कि रोज रात में मालिक यहां से लड़कियों के अपने साथ ले जाता था। मजदूरों को यहीं रखा जाता था। आरोप है कि रोज रात में मालिक यहां से लड़कियों के अपने साथ ले जाता था। मोहम्मद मकबुल बताते हैं, शनिवार की रात करीब 2 बजे की बात है। ज्यादातर मजदूर दिनभर की कड़ी मेहनत के बाद अपनी झोपड़ियों में सो हुए थे। तभी अचानक 5-6 राउंड फायरिंग की आवाज गूंजी। हमलोग नींद से जागे तो देखा कि एक बच्ची को भट्ठा मालिक जबरन अपने कमरे में ले जा रहा था। जब उसकी मां ने इसका विरोध किया, तो मालिक ने उस पर गोली चला दी। गोली महिला के जांघ में लगी। इसके बाद भी मजदूर कुछ नहीं कर सके। डर इतना था कि कोई आवाज उठाने की हिम्मत नहीं जुटा पाया। संवर अली बताते हैं कि वे असम से 100 से ज्यादा लोगों के साथ यहां मजदूरी करने आए थे। एक हजार ईंट बनाने पर 500 रुपए मिलते हैं, लेकिन काम के नाम पर टॉर्चर किया जाता है। अगर कोई बीमार हो जाए और काम पर न जाए, तो हाथ-पैर बांधकर रस्सी से ऊपर टांग देते हैं। करंट लगाया जाता है, मारपीट की जाती है। हमलोगों को जानवरों की तरह रखा जाता था। मजदूरों का कहना है कि मालिक खुलेआम धमकी देता था, अगर थाने गए तो गोली मार देंगे, किसी को जिंदा नहीं छोड़ेंगे। मोहम्मद नासिर अली अहमद के आरोप और भी गंभीर हैं। उन्होंने बताया, हर रात 12 बजे 8 से 15 साल की बच्चियों को अपने कमरे में ले जाता था। उनसे जबरदस्ती करने की कोशिश होती थी और डांस करवाया जाता था। रात 3 बजे उन्हें वापस झोपड़ी में छोड़ दिया जाता था। मजदूरों ने बताया कि यह पहली घटना नहीं थी। पहले भी कई बार महिलाओं और लड़कियों के साथ गलत व्यवहार हुआ, लेकिन डर के कारण किसी ने आवाज नहीं उठाई। हम गरीब लोग हैं साहब, बाहर से आए हैं। 15 घंटे काम करते हैं, दिन का 500 रुपए मिलता है। विरोध करते तो वो कुछ भी कर सकता था। जेसीबी में बांधकर मारने की धमकी देता था। कुछ दिन पहले भी कुछ मजदूरों के साथ इस तरह की घटना हुई थी इसके बाद वे सभी लोग रातों-रात यहां से भाग गए थे। मालिक हमें जान से भी मार सकता था। इस मामले का खुलासा तब हुआ जब एक महिला को गोली लगने की सूचना पुलिस को मिली। सहरसा डीएसपी ओम प्रकाश के अनुसार, सूचना मिलने के बाद एसआईटी टीम का गठन किया गया। डॉग स्क्वायड के साथ घटनास्थल की जांच की गई। वहीं कई लड़कियों को रेस्क्यू कर थाने लाया गया है। उनका काउंसलिंग कराया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि छेड़छाड़ और गलत व्यवहार की बात सामने आई है और हर पहलू पर जांच की जा रही है।

# सहरसा में महिला के मौत केस में पुलिस का खुलासा

## पत्नी का मर्डर कर फांसी दिखाने वाले पति-देवर गिरफ्तार, अन्य संभावित आरोपियों की तलाश के लिए छापेमारी जारी

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** जिले के चिरैया थाना क्षेत्र में एक महिला की संदिग्ध मौत का मामला 24 घंटे के भीतर सुलझा लिया गया है। पुलिस ने शुरूआती तौर पर इसे आत्महत्या माना था, लेकिन जांच में यह सुनियोजित हत्या निकली। इस मामले में मृतका के पति और देवर को गिरफ्तार किया गया है। इसको लेकर सिमरी बख्तियारपुर एसडीपीओ मुकेश कुमार ठाकुर ने रविवार की रात जानकारी दी। यह घटना 28 मार्च की है, जब पुलिस को एक महिला द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल को सुरक्षित कर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल और जिला आसूचना इकाई की टीम को भी बुलाया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल खगड़िया भेजा गया। जांच में तब नया मोड़ आया जब मृतका के पिता ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को बयान दिया। उनके बयान के आधार पर चिरैया थाना में हत्या का मामला दर्ज किया गया। इसके बाद एसडीपीओ सिमरी बख्तियारपुर के नेतृत्व में एक विशेष जांच टीम का गठन किया गया। तकनीकी और मानवीय साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतका के पति मनखुश कुमार उर्फ मन्नू चैधरी और देवर फनटुश कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने बताया कि मृतका के मायके वालों द्वारा पैसों की लगातार मांग को लेकर परिवार में विवाद चल रहा था। इसी विवाद से नाराज होकर दोनों भाइयों ने मिलकर महिला की हत्या कर दी। साक्ष्य छिपाने के लिए उन्होंने इसे आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की थी। पुलिस ने बताया कि इस मामले में अन्य संभावित आरोपियों की तलाश के लिए छापेमारी जारी है। इस हत्याकांड का खुलासा करने में एसआईटी टीम की अहम भूमिका रही, जिसमें एसडीपीओ मुकेश कुमार ठाकुर, अंचल निरीक्षक सुजाउद्दीन और थानाध्यक्ष इंद्रजीत तांती सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।



प्रेस में एसडीपीओ मुकेश कुमार ठाकुर व अन्य।

# आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदमः सहरसा में कृषि उद्यमी प्रशिक्षण शुरू

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** प्रोजेक्ट उन्नति के लाभुकों के लिए भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, सहरसा द्वारा 13 दिवसीय ह्लकृषि उद्यमीह्व विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ आज दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर आरसेटी निदेशक उमेश पासवान, मनरेगा के डीपीओ नीरज कुमार, जीविका के जॉब मैनेजर राकेश रंजन, संकाय सदस्य राहुल कुमार, राजीव कुमार एवं जेआरपी अंजली कुमारी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 30 मार्च 2026 से 10 अप्रैल 2026 तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें सहरसा जिले के प्रोजेक्ट उन्नति के 35 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। विशेष बात यह है कि इन प्रतिभागियों में जीविका दीदियाँ एवं उनके परिवार के सदस्य शामिल हैं, जो इस प्रशिक्षण के माध्यम से स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने का प्रयास कर रहे हैं ।प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को कृषि उद्यमिता से जुड़े विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी जा रही है । इसमें स्वरोजगार के अवसर, कृषि आधारित व्यवसाय, अनुसंधान, उत्पादन, विपणन तथा प्रबंधन से संबंधित आवश्यक ज्ञान और कौशल प्रदान किया जाएगा । इसका उद्देश्य प्रतिभागियों को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें अपना व्यवसाय शुरू कर सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए सक्षम बनाना है। सहरसा जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए प्रशिक्षु इस कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। यह प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क है, जिससे अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें और अपने जीवन स्तर में सुधार ला सकें। यह पहल न केवल महिलाओं और उनके परिवारों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में सहायक सिद्ध होगी, बल्कि क्षेत्र में रोजगार सृजन को भी बढ़ावा देगी।




ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण अधिकारी।

# कोशी प्रमंडलीय आयुक्त की अध्यक्षता में लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन की आवश्यकता पर बल



बैठक में निर्देष देते आयुक्त।

**सहरसा (एनएसबी)।** कोशी ,प्रमंडलीय आयुक्त राजेश कुमार की अध्यक्षता में प्रमंडल से संबंधित जिलों में अनुशासनिक कार्यवाहियों के वर्तमान स्थिति समीक्षा के क्रम में छह माह से अधिक अवधि से लंबित विभागीय कार्यवाही के लंबित रहने के कारणों के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई एवं ऐसे मामलों के त्वरित निष्पादन की आवश्यकता पर बल दिया गया है।उक्त अवसर पर प्रमंडलीय आयुक्त द्वारा अनुशासनिक कार्यवाही संचालित करने,निवारण से संबंधित प्रावधानों के संबंध विस्तृत जानकारी दी गई एवं निर्देश दिया गया की सभी संबंधित पदाधिकारी तत्संबंधी प्रावधानों का पूर्ण तत्परता से अध्धयन करे एवं स्थापित नियमों के आलोक में प्राकृतिक न्याय का अनुसरण करते हुए अनुशासनिक कार्यवाही संबंधित मामलों के सम्यक निवारण को प्राथमिकता दे।जिला स्तर पर भी इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन का निर्देश दिया गया है।प्रमंडलीय आयुक्त द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में तत्संबंधी मामलों की एक माह पश्चात पुनः समीक्षा की जाएगी,तब तक अनुशासनिक कार्यवाही संबंधित लंबित का निवारण अनिवार्य, अपेक्षित होगा। उक्त अवसर बैठक में उपस्थित मुख्य जांच आयुक्त निदेशालय,सामान्य प्रशासन विभाग,बिहार,पटना से संबंधित उप सचिव राज्यवर्धन ने संबोधित करते हुए कहा की अनुशासनिक कार्यवाहियों के स्थापित नियमों के अनुसार तत्संबंधी मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करना सरकार के प्राथमिकताओं में से एक है,इसका पर्यवेक्षण निदेशालय स्तर से किया जाना है, इसी को दृष्टि में रखते हुए तत्संबंधी नियमों के संबंध में विस्तृत जानकारी देने हेतु प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा की आज आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का उदेश्य अनुशासनिक कार्यवाहियों के सम्यक निष्पादन को अपेक्षित गति प्रदान करना है। बैठक में आयुक्त के सचिव दिनेश लाल दास, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन संजीव कुमार चैधरी, अपर समाहर्ता विभागीय जांच गणेश कुमार, अपर समाहर्ता निशांत मधेपुरा, सुपौल से संबंधित अपर समाहर्ता सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# श्री खाटू श्याम महोत्सव में छप्पन भोग, लड्डू भोग के साथ भव्य भंडारा महाप्रसाद आयोजित

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** दो दिवसीय अजब रंगीला गजब रंगीला श्री खाटू श्याम महोत्सव के दूसरे दिन सोमवार को सैकड़ो किलों प्रसाद एवं भंडारे का आयोजन किया गया। श्री खाटू श्याम भक्त मंडल सहरसा द्वारा अजब रंगीला गजब रंगीला का दो दिवसीय आयोजन के दूसरे दिन सुबह 6:00 बजे से ही ज्योत देनेवालों भक्तों का तांता लगा रहा। ज्योत देने के बाद बाबा के मंदिर में माथा टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया। 17 भक्तों ने बडा छप्पन भोग चढाया, 56 भक्तों ने बाबा को सवा-सवा मन प्रसाद चढाया, 24 भक्तों ने भण्डारा कराया,160 श्याम प्रेमी ने बाबा को छोटा छप्पन भोग का प्रसाद चढाया। लगभग 1500 भक्तों ने भण्डारा का प्रसाद ग्रहण किया।जो श्याम प्रेमी बाबा को छप्पन भोग, सवामणी प्रसाद चढाया। उन सभी भक्तों को प्रतीक चिह्न एवं दुपट्टा देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद कोलकाता से पधारी करिश्मा चावला के भजन से कार्यक्रम की शुरूआत हुई बाबा श्याम के एक से बढ़कर एक भजन पर श्रोता नाचने पर मजबूर हो गए। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि आज दोपहर 2 बजे से भजनों की अमृत वर्षा प्रारंभ हुई। कार्यक्रम की शुरूआत भजन गायक रवि शर्मा द्वारा गणेश वंदना से हुई। इसके उपरांत दरभंगा से आए अक्षय बरोलिया द्वारा भजनों की प्रस्तुति ने माहौल श्याममय कर दिया। दिल्ली से आए बंटी सोनिया तिलकधारी द्वारा कृष्ण राधिका की एक से बढ़कर एक झाँकी की प्रस्तुति दी। इसके उपरांत दिल्ली से पधारी किशोरी कनिष्का,कोलकता से दीपक,कृष्ण चावला,करिश्मा भी अपनी प्रस्तुति से भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दियक। कार्यक्रम को सफल बनाने में संरक्षक विनोद अग्रवाल, युगल भीमसरिया, जयप्रकाश शर्मा, अध्यक्ष श्रवण खेतान चीकू,उपाध्यक्ष गोपाल दहलान, दीपक पंसारी,सचिव आदित्य मित्तल सोनू,कोषाध्यक्ष रमेश भीमसरिया, राज अग्रवाल, सह सचिव, रोहित तुलस्यान, सौरभ दहलान गुड्डू, राजेश दारुका, राजेश पचेरिया, राजेश यादुका, टिंकू खेतान, रितेश तुलस्यान, मंटू भीमसरिया, विनोद बागड़िया, राजेश परसारामपुरिया, श्रवण सलामपुरिया, राजू जोशी, संजय मसकरा पिंकू, कृष्ण कुमार सुरेका ,कन्हैया सुरेका, ओमप्रकाश शर्मा, विकाश पचेरिया, चंदन डीडवानिया, माखन भीमसरिया, नीतेश अग्रवाल टिल्लू, श्रवण मित्तल, संजीव संघई, दीपक सुरेका, विष्णु दहलान, बिनोद परसारामपुरिया, विकास पचेरिया कुबेर तुलस्यान, श्याम सिरोहीवाल, विपुल दहलान, प्रीतम उदयपुरिया, आनन्द अग्रवाल, पंकज कुमार साह, रवि शर्मा, मनीष पचेरिया, विकास खेतान,नितेश दहलान, रमेश अग्रवाल एवं सहयोगी संस्था चाकर श्याम के नन्हें मुन्ने सदस्यों द्वारा शीतल जल एवं चाय की उत्तम व्यवस्था कर सभी सदस्यों का सहयोग रहा।



भंडारे में उमड़े भक्तजन।

# राघोपुर स्थित सिमराही रेलवे गुमटी को स्थायी रूप से किया गया बंद

**राघोपुर (सुपौल) ।** नगर पंचायत सिमराही स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग 106 (नया एनएच 131) पर बनी रेलवे गुमटी को सोमवार, 30 मार्च से स्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। रेल ओवरब्रिज (आरओबी) के शुरू होने के बाद रेलवे प्रशासन ने सुरक्षा और यातायात को सुचारु बनाने के उद्देश्य से यह बड़ा फैसला लिया है। पिछले कई दिनों से गुमटी बंद करने की प्रक्रिया जारी थी, जिसे अब पूरी तरह लागू कर दिया गया है। रेलवे सूत्रों के अनुसार, शुक्रवार से ही विभागीय टीम ने गुमटी स्थल पर बैरिकेडिंग, तकनीकी निरीक्षण और अन्य आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी थीं। सीनियर सेक्शन इंजीनियर सुभाष कुमार ने पहले ही इसके निर्देश जारी होने की पुष्टि कर दी थी। सोमवार को दोपहर 12 बजे रेलवे प्रशासन, एनएचआई के इंजीनियर और अन्य अधिकारी मौके पर मौजूद रहे और अंतिम कार्रवाई पूरी की


रेलवे गुमटी को बंद कराते रेल प्रशासन

गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने बताया कि आरओबी का निर्माण लोगों की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखकर किया गया है। पहले गुमटी के बार-बार खुलने और बंद होने से दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती थी और घंटों जाम लग जाता था। अब आरओबी चालू होने से एम्बुलेंस सहित अन्य वाहनों को बड़ी राहत मिली है और यातायात सुचारु हो गया है। गुमटी बंद होने के बाद अब रेलवे स्टेशन जाने के लिए केवल बाइपास मार्ग ही चालू रखा गया है। वहीं राघोपुर न्यू मार्केट, हुलास, गद्दी और हुसैनाबाद जाने के लिए लोगों को ओवरब्रिज का सहारा लेना होगा। सिमराही से गनपतगंज, पिपरा और मधेपुरा की ओर जाने वाले यात्रियों के लिए भी अब आरओबी से आवाजाही आसान हो गई है और जाम की समस्या से मुक्ति मिल गई है। हालांकि, इस फैसले से स्थानीय लोगों में नाराजगी भी है। ग्रामीणों का कहना है कि अब उन्हें एक ओर से दूसरी ओर जाने के लिए करीब एक किलोमीटर लंबा रास्ता तय करना पड़ रहा है, जिससे पैदल यात्रियों, साइकिल सवारों और छोटे व्यापारियों को अधिक परेशानी हो रही है। साथ ही दोनों ओर स्थित मंदिरों तक पहुंचने में भी दिक्कतें बढ़ गई हैं। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से वैकल्पिक पैदल मार्ग या सर्विस लेन की व्यवस्था करने की मांग की है। फिलहाल, गुमटी बंद होने के बाद लोगों की नजर प्रशासन के अगले कदम पर टिकी हुई है।

## संक्षिप्त खबरें

### बसंतपुर पशु चिकित्सालय द्वारा 1,82,250 हुआ वैक्सीनेशन, पशु पलकों को मिल रहा है लाभ

**वीरपुर (सुपौल) ।** किसानों और पशुपालकों के लिए वरदान साबित हुआ है पशु चिकित्सालय बसंतपुर. वित्तीय वर्ष 2025- 26 में अबतक नगर पंचायत समेत बसंतपुर प्रखंड क्षेत्र के 14 पंचायतों में पशुओं में अबतक 1,82,250 वैक्सीनेशन किए गए हैं । जानकारी देते हुए बसंतपुर पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 रविन्द्र नाथ टैगोर ने बताया कि नगर समेत प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में कैंप लगाकर और स्वचालित एंबुलेंस के माध्यम से अबतक 1,82,250 वैक्सीनेशन किया गए है. जिसमें 01 अप्रैल 2025 से 14 अप्रैल तक एमएफडी के तहत 56,950 पशुओं का टीकाकरण किया गया. एलएसडी के तहत 15 जुलाई से 27 जुलाई तक 32,400 पशुओं के टीकाकरण किए गए हैं. एचएसबीक्यू के तहत सात दिसंबर से 28 दिसंबर 2025 तक 45,500 पशुओं का टीकाकरण किया गया. वही एफएमडी के तहत 24 मार्च 2026 से अबतक 47,400 पशुओं के टीकाकरण किए गए है यानी कुल मिलाकर वित्तीय वर्ष 2025- 26 में 1,82,250 टीकाकरण किए गए हैं. वर्तमान समय में एफएमडी वैक्सीन उपलब्ध हैं जिससे भज्जहा, खुरपका, मुंहपका आदि रोगों से लाभ मिलते हैं. उन्होंने बताया कि चलंत पशु मोबाइल वेटनरी यूनिट में सामान्य रूप से 25 से 30 प्रकार की दवाएं उपलब्ध रहती है जिसे 1962 पर किसान कॉल करके इसका लाभ ले सकते हैं . सुबह 10 बजे से शाम के पांच बजे तक किसान कॉल कर सकते हैं ।


वैक्सीनेशन की जानकारी देते पशु चिकित्सा पदाधिकारी

### पीएलएन हाई स्कूल में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**वीरपुर (सुपौल) ।** बसंतपुर प्रखंड अंतर्गत रतनपुर पंचायत स्थित प्रोजेक्ट ललित नारायण हाई स्कूल में सोमवार को नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अनीता कुमारी ने की। इस अवसर पर जिप सदस्य प्रतिनिधि सुशील मेहता, रतनपुर मुखिया संतोष मेहता एवं पूर्व पंचायत समिति सदस्य तापेश्वर मिश्र बतौर अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों ने नशा मुक्ति विषय पर आधारित गीत, नुक्कड़ नाटक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया। छात्रों की प्रस्तुति ने उपस्थित लोगों को भावुक करने के साथ-साथ समाज को नशे के दुष्परिणामों के प्रति सोचने पर मजबूर किया। इस मौके पर मैट्रिक परीक्षा में जिला टॉपर सूची में पांचवां स्थान प्राप्त करने वाली विद्यालय की छात्रा कृति कुमारी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यालय के अन्य मेधावी एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को भी पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीईओ अनीता कुमारी ने कहा कि नशा समाज के लिए एक गंभीर समस्या बनता जा रहा है, जो खासकर युवाओं के भविष्य को बर्बाद कर रहा है। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और अपने परिवार व समाज को भी इसके प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही इस बुराई को जड़ से खत्म किया जा सकता है। वहीं प्रभारी एचएम ओमप्रकाश मेहता एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी सूखे नशे के बढ़ते प्रचलन और उससे होने वाली घटनाओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए समाज को सतर्क रहने की जरूरत बताई। इस अवसर पर प्रभारी एचएम ओमप्रकाश मेहता, पूर्व प्रभारी एचएम मनोज कुमार प्रभाकर, अनिल कुमार, प्रदीप कुमार प्रवीण, अनिल कुमार मेहता, संजय कुमार, राजीव कुमार, डॉ. मदन कुमार, रत्नेश कुमार, विनोद कुमार वर्मा, रामेश कुमार, विकास कुमार, राजेश कुमार, मीरा कुमारी, स्वेता कुमारी, प्रेरणा विंध्यवाशीनी समेत कई लोग मौजूद थे ।


जागरुकता कार्यक्रम में शामिल पदाधिकारी व अन्य

### अंधेरे में डूबा रहा सिमराही अस्पताल रोड, खराब हाई मास्ट लेम्प बना कारण

**राघोपुर (सुपौल)।** सिमराही बाजार स्थित अस्पताल रोड रामनगर मोहाने मैन चौक पर लगी हाई मास्ट पावर लाइट पिछले करीब एक महीने से खराब पड़ी है, जिससे पूरे इलाके में अंधेरा छाया हुआ है। इस समस्या के कारण स्थानीय दुकानदारों, राहगीरों और मरीजों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पहले जब यह लाइट सुचारु रूप से जलती थी, तब बाजार में चहल-पहल बनी रहती थी और लोगों को सुरक्षा का एहसास होता था, लेकिन अब अंधेरे के चलते चोरी-चकारी की आशंका भी बढ़ गई है। स्थानीय दुकानदारों के अनुसार यह मार्ग बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसी रास्ते से अस्पताल, हाई स्कूल, 106 करजाइन रोड, सिमरी बांध, शाहपुर और पृथ्वी पट्टी जैसे कई प्रमुख स्थान जुड़े हुए हैं। दिन-रात लोगों का आना-जाना यहां लगा रहता है, खासकर मरीजों को अस्पताल पहुंचाने वाले लोगों के लिए यह रास्ता जीवन रेखा है। लेकिन लाइट खराब होने के कारण रात के समय रास्ता पहचानना मुश्किल हो जाता है, जिससे लोगों को डर और असुविधा दोनों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि यह चौराहा चारों दिशाओं से जुड़ा एक अहम मोड़ है और इसके पास ही रेफरल अस्पताल भी स्थित है। ऐसे में यहां रोशनी का अभाव एक गंभीर समस्या बन गया है। स्थानीय नागरिक व दुकानदार भूपेंद्र साह, अमित सिंह, सुभाष यादव, मोहम्मद अरमान सहित कई लोगों ने नगर पंचायत व जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए जल्द से जल्द हाई मास्ट लाइट को ठीक कराने की मांग की है, ताकि क्षेत्र में पुनः रोशनी बहाल हो सके ।


खराब पड़ा हाई मास्ट लेम्प, किसी का ध्यान नहीं

### उर्वरक उपलब्धता को लेकर डीएम ने किया समीक्षात्मक बैठक



बैठक में शामिल डीएम सावन कुमार व अन्य

**सुपौल (एनएसबी)।** जिलाधिकारी सावन कुमार द्वारा उर्वरक उपलब्धता के संबंध में समीक्षा बैठक की गई । वर्तमान में जिला अंतर्गत यूरिया 6747 एम टी, डीएपी 5192 एम टी, एम ओ पी 1524 एम टी, एन पी के 7567 एम टी उर्वरक उपलब्ध हैं। जिलाधिकारी द्वारा सभी को निदेश दिया गया कि सभी अपने कार्य क्षेत्र में सतत भ्रमण करेंगे, अनियमिता पाए जाने पर आवश्यक कार्रवाई करेंगे। उक्त बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी, सभी अनुमंडल कृषि पदाधिकारी एवं प्रखंड कृषि पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सिसोनी में युवक को बाइक सवार अपराधीयों ने गला रेत कर दी हत्या


पोस्टमार्टम के लिए लाए गए शव ।

**सुपौल (एनएसबी) ।** किशनपुर थाना क्षेत्र के सिसोनी गांव में रविवार की संध्या कुछ अपराधियों द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर कटहारा गांव निवासी 26 वर्षीय राजेश सुरिहार को गोली मारने के बाद तेज हथियार से गाल काट कर हत्या कर दिया गया । घटना के बाद अपराधी सुपौल की ओर फरार हो गए, आनन फानन में आसपास के लोगों ने उसे सदर अस्पताल ले गया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया । जहां पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया है । बता दें कि मृतक के 5 वर्षीय पुत्र अंश कुमार से उन्हे मुखाग्नी दिलाया गया । घटना के बाद मृतक की पत्नी पूजा देवी की रो-रो का बुरा हाल है, परिजन द्वारा बताया गया कि मृतक के माता-पिता स्वर्गवास हो चुके है, मृतक दो भाई है बड़ा भाई दिलीप शर्मा 4 वर्ष पूर्व ही परिवार से अलग रह रहे हैं ।

जानकारी अनुसार मृतक चार माह पूर्व जेल से छूटकर घर आया हुआ था उसके बाद वह दिल्ली चल गया था, घटना से दो रोज पहले घर आया ही था, घटना के रोज करीब 5:00 बजे घर से खाना खाकर सिसौनी चौक तरफ घूमने के लिए निकला था, कुछ लड़का द्वारा उसे फोन कर चाय पीने के लिए चौक पर बुलाया, जहां सूरज चाय दुकानदार के पास पूर्व से चार लड़का बैठा हुआ था, कुछ देर के बाद उत्तर दिशा से दो मोटरसाइकिल पर सवार चार युवक आया जिसमे दो लड़का मोटरसाइकिल को स्टार्ट ही रखा, तथा दो लड़का हथियार लेकर चाय दुकान के अंदर जाकर तीन फायर किया, एक गोली मृतक को छाती में लगने के बाद देखा कि मृतक नहीं मारा है तब जाकर तेज हथियार से गला काट दिया गया, गला काटने के बाद सभी अपराधी सुपौल की ओर भाग निकला ।

**मृतक भी थे कई मामलो में वांछीत, हाल ही में जेल से आया था बाहर, जांच में जुटी पुलिस**

#### मृतक भी था अपराधीक प्रवृत्ति का : ग्रामीण

ग्रामीणों के अनुसार मृतक भी अपराधी प्रवृत्ति का था, वे गौरवगढ़ प्रिंस हत्याकांड में भी शामिल था, वही कईयो ने गांव के ही एक महिला से प्रेम प्रसंग होने की बात कही है । इसको लेकर एक बार कहा सुनी भी हुई है। वही घटना के कई कारण होने को लेकर पुलिस को भी विस्तविकता खंगालने में देर लग रही है। मामला जो भी हो पर अभी तक अपराधी पुलिस पकड़ से बाहर है, हालांकि पुलिस के द्वारा पूछताछ के लिए दो युवक को थाना लाया गया है। मामले में थाना अध्यक्ष ज्ञान रंजन कुमार ने कहा कि परिजन द्वारा अबतक आवेदन नहीं दिया गया है फीर भी घटना को लेकर छानबीन की जा रही है शीघ्र ही कार्रवाई कर वरीय पदाधिकारी द्वारा इसका खुलासा किया जाएगा ।

**वीरपुर अवर निबंधन कार्यालय को एक वर्ष हुए पूरे**

## वित्तीय वर्ष 2025-26 में 8.36 करोड़ रुपए राजस्व की हुई प्राप्ति : अभिनव


कार्यालय में मौजूद निबंधन पदाधिकारी ।

**वीरपुर (सुपौल)।** दो अप्रैल 2025 को वीरपुर में अवर निबंधन कार्यालय की स्थापना की गई थी. जिसका उद्घाटन तत्कालीन निबंधन मंत्री रत्नेश सादा और बिहार सरकार के पीएचईडी मंत्री सह छातापुर भाजपा विधायक नीरज कुमार सिंह ने किया था. अब निबंधन कार्यालय के लगभग एक साल पूरे होने हैं और इस दौरान निबंधन कार्यालय को 8.36 करोड़ राजस्व की प्राप्ति हुई है. जानकारी देते हुए निबंधन कार्यालय के निबंधक अभिनव कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025- 26 में 30 मार्च तक कार्यालय को 8.36 करोड़ राजस्व की प्राप्ति हुई है. हालांकि यह पूछे जाने पर कि पहली अप्रैल से रजिस्ट्री के डर में बढ़ोतरी होगी तो उनका कहना था कि विभाग के द्वारा इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है क्योंकि वर्ष 2012- 13 के दर से हीं आज जमीन का निबंधन किया जा रहा है और इस 12 - 13 वर्षों के दौरान काफी बदलाव हुए हैं. इन्फ्रास्ट्रक्चर और लोगों की सुविधा में काफी बदलाव हुआ है ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि नए वित्तीय वर्ष में निबंधन शुल्क में भी बदलाव किया जा सकता है ।

## जिला प्रशासन द्वारा गैस एजेंसियों एवं पेट्रोल पंपों का किया गया निरीक्षण

**सुपौल (एनएसबी)।** जिले में घरेलू एलपीजी गैस की आपूर्ति को सुचारू एवं पारदर्शी बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की कालाबाजारी एवं अनियमितता पर नियंत्रण हेतु जिला प्रशासन द्वारा सतत निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में विभिन्न प्रखंडों में संबंधित पदाधिकारियों द्वारा गैस एजेंसियों एवं पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया गया।

प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, राघोपुर द्वारा आनंद इंडेन गैस एजेंसी की जांच की गई, जिसमें उपलब्ध स्टॉक, वितरण व्यवस्था एवं अभिलेखों का सत्यापन किया गया। वहीं, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, बसंतपुर द्वारा वीरपुर एचपी गैस एजेंसी का निरीक्षण करते हुए उपभोक्ताओं को समय पर गैस आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, सरायगढ़ भपटियाही द्वारा शारदा एचपी गैस एजेंसी का निरीक्षण किया गया, जहां वितरण प्रणाली एवं उपभोक्ता शिकायत निवारण व्यवस्था की समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त, निर्मली स्थित पंसारी पेट्रोल पंप का निरीक्षण सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी, निर्मली एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, निर्मली द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। निरीक्षण के दौरान माप-तौल, स्टॉक रजिस्टर एवं अन्य आवश्यक अभिलेखों की जांच की गई तथा निर्धारित मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा सर्वोपरि है तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।


निरीक्षण करते पदाधिकारी ।

## महावीर जयंती पर सिमराही में मांस बिक्री पर रोक, प्रशासन का निकला कड़ा आदेश

**राघोपुर (सुपौल) (एनएसबी) ।** प्रखंड के नगर पंचायत सिमराही में महावीर जयंती के अवसर पर प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए 31 मार्च 2026 को मांसाहारी वस्तुओं की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया है। यह निर्णय क्षेत्र में धार्मिक भावनाओं के सम्मान और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से लिया गया है।

नगर पंचायत सिमराही के कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा जारी आधिकारिक आदेश में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि इस दिन नगर पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत मांस, मछली, खस्सी, पाठा, पाठी और मुर्गा समेत सभी प्रकार के मांसाहारी खाद्य पदार्थों की खरीद-बिक्री पूरी तरह बंद रहेगी। इसके साथ ही सभी बूचड़खानों (बुचरखाना) को भी बंद रखने का निर्देश दिया गया है। प्रशासन ने इस आदेश को लेकर खास सख्ती दिखाते हुए सभी दुकानदारों, व्यापारियों और संबंधित व्यवसायियों को चेतावनी दी है कि यदि कोई इस निर्देश का उल्लंघन करता पाया गया, तो उसके खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए निगरानी भी बढ़ाई जाएगी। इस पहल के पीछे मुख्य उद्देश्य जैन समुदाय के इस पवित्र पर्व को शांतिपूर्ण और सम्मानजनक माहौल में संपन्न कराना है। महावीर जयंती, भगवान महावीर के जन्मोत्सव के रूप में मनाई जाती है, जो अहिंसा, सत्य और करुणा के संदेश का प्रतीक है। ऐसे में मांस बिक्री पर रोक को इसी भावना से जोड़ा जा रहा है। नगर पंचायत प्रशासन ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे इस आदेश का पालन करते हुए प्रशासन का सहयोग करें और पर्व को शांति एवं भाईचारे के साथ मनाएं। स्थानीय लोगों से अपेक्षा की गई है कि वे आपसी सद्भाव बनाए रखें और इस दिन को धार्मिक मयार्दाओं के अनुरूप मनाएं।



नगर पंचायत कार्यालय सिमराही

## एनएच 106 पर मोटरसाइकिल की टक्कर से 12 वर्षीय बच्चे की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**वीरपुर (सुपौल) (एनएसबी)।** भीमनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 106 पर समदा चौक के समीप रविवार की देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में करीब 12 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई, जबकि बाइक सवार घायल हो गया। मृतक की पहचान भगवानपुर पंचायत के शिवनगर निवासी राजेश कुमार यादव के इकलौते पुत्र आयुष कुमार के रूप में हुई है।

घटना की सूचना मिलते ही भीमनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल वीरपुर पहुंचाया गया, जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने आयुष को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद अस्पताल में इंस्पेक्टर राजेश कुमार चौधरी, वीरपुर थानाध्यक्ष राज किशोर मंडल, भीमनगर थानाध्यक्ष मनीष कुमार, जिला परिषद सदस्य अर्चना मेहता उर्फ किरण कुशवाहा, भगवानपुर मुखिया चंदन राम सहित कई जनप्रतिनिधि पहुंचे।


घटना की जांच करते अधिकारी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आयुष अपने घर से समदा गढ़-शिवनगर में आयोजित रामनवमी मेला देखने जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रही बाइक (निबंधन संख्या इफ 50अङ 5145) ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार भी घायल हो गया। बताया जा रहा है कि बाइक चालक नशे की हालत में था। बाइक पर दो लोग सवार था। बाइक सवार घायल की पहचान भपटियाही थानाक्षेत्र के माकैर गढ़िया निवासी 19 वर्षीय गणित कुमार के रूप में हुई है। घायल युवक के इलाज के बाद भीमनगर पुलिस अपने कब्जे ले थाना ले गयी। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। इकलौते पुत्र की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सुपौल भेज दिया है तथा मामले की जांच में जुट गई है।

## भोजपुर में 4 एकड़ में लगेगी कार्डबोर्ड बॉक्स की निर्माण इकाई

**पटना (एनएसबी)।** बिहार का औद्योगिक परिदृश्य तेजी से गति पकड़ रहा है, जहां नए निवेश सीधे तौर पर बुनियादी ढांचे के निर्माण, रोजगार सृजन और क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों में परिवर्तित हो रहे हैं। उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल के निदेर्शानुसार परियोजना स्वीकृति समिति के हालिया निर्णय इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं, जिनके तहत इशिका पेपर एंड पैकेजिंग प्रा. लि. की परियोजना को भूमि आवंटन के माध्यम से 38 करोड़ से भी अधिक का निवेश हो रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच हुई जमकर मारपीट, दोनों पक्षों के आधा दर्जन लोग घायल

**बेलदौर।** दिघौन पंचायत के वार्ड नंबर तीन में भूखंड पर पक्का मकान बनाने को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हुई, जिसमें दोनों पक्षों से आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों को पीएचसी में भर्ती करवाया गया है। जानकारी के मुताबिक दिघौन गांव निवासी इमरान आलम की पत्नी खदीजा खातून पक्का मकान बना रही थी। इसका विरोध गांव के ही मोईन शाह की साठ वर्षीय पत्नी समीना खातून ने किया। उसके विरोध करने पर मामला तू-तू, मैं-मैं से बिगड़ कर मारपीट में तब्दील हो गया। इसमें एक पक्ष की 40 वर्षीय खदीजा खातून, इमरान का सत्रह वर्षीय पुत्र साकिब, 20 वर्षीय तमन्ना प्रवीण, 28 वर्षीय शमशेर आलम एवं 14 वर्षीय सलीम, जबकि दूसरे पक्ष के अहमद हुसैन की 21 वर्षीया पत्नी चांदनी खातून, 60 वर्षीया समीना खातून एवं 35 वर्षीया बेगम खातून घायल हो गई। इस संबंध में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पक्ष के लोगों को नामजद अभियुक्त बनाते हुए मारपीट कर घायल कर देने की शिकायत की है। आवेदन के आलोक में पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### नीरपुर पंचायत के डीलर अरुण पासवान के निधन पर जन विक्रेताओं ने जताई संवेदना

**चौथम।** प्रखंड नीरपुर पंचायत के जनवितरण विक्रेता अरुण पासवान का लम्बी बीमारी के बाद निधन हो गया। अरुण पासवान बहुत ही सरल स्वभाव के शांत प्रिय व्यक्ति थे। उनके निधन पर सम्पूर्ण खगड़िया जिला एवं चौथम के जन विक्रेताओं सहित संगठन से जुड़े सभी प्रखंड के विक्रेताओं ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। जन विक्रेता संघ के अध्यक्ष अशोक यादव ने कहा कि अरुण पासवान आज हमारे बीच नहीं रहे वह नेक दिल इंसान भी थे। भगवान से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शान्ति प्रदान करे और भगवान इस परिवार को दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे। वहीं प्रखंड जनवितरण प्रणाली उपभोक्ता कार्यालय के डाटा ऑपरेटर प्रिंस कुमार सहित डीलर चंद्रभूषण कुमार, ओम प्रकाश प्रसाद सिंह, गणपति पासवान, डोमी अली उमाकांत यादव एवं अन्य डीलर ने अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की तथा मृतक के परिवारों को इस पीड़ा को सहने की ईश्वर से क्षमता प्रदान करने की प्रार्थना की।

# किसानों को बताए गए जैविक खेती के फायदे

## 10 दिनों तक कृषि भवन में किसानों को दिया जाएगा प्रशिक्षण



किसानों को संबोधित करते प्रशिक्षक।

नवसंदेश ब्यूरो

**खगड़िया।** बिहार सरकार के युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित बिहार कौशल विकास मिशन ने खगड़िया जिले के युवाओं और अनुभवी किसानों के लिए महत्वपूर्ण कौशल विकास पहल की शुरुआत की है। इस विशेष कार्यक्रम के तहत पूर्वार्जित ज्ञान प्रमाणन योजना के माध्यम से उन किसानों को प्रशिक्षित किया जा रहा है जो पहले से ही कृषि कार्यों का अनुभव रखते हैं। जिला मुख्यालय स्थित कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा) के कौशल विकास केंद्र में 'वर्मी कम्पोस्ट प्रोड्यूसर वी-4.0 विषय पर आधारित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जैविक खेती को बढ़ावा देना और खाद उत्पादन की वैज्ञानिक विधियों से स्थानीय लोगों को अवगत कराना है। यह प्रशिक्षण सत्र 30 मार्च से संयुक्त कृषि भवन, खगड़िया के परिसर में विधिवत शुरू हो गया है, जो आगामी 10 दिनों तक निरंतर चलेगा। प्रशिक्षण में जिले के सभी प्रखंड के किसान मौजूद थे। कार्यक्रम के उद्घाटन के अवसर पर निदेशक अभियंत्रण मुरारी कुमार, उप परियोजना निदेशक (आत्मा) शंभु कुमार, बीज विश्लेषण अधिकारी रचना कुमारी, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक पंकज कुमार सिंह तथा सहायक तकनीकी प्रबंधक अंशु प्रणय मौजूद थे। अधिकारियों ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि सरकार की इस पहल का मूल लक्ष्य स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित करना और पारंपरिक खेती में आधुनिक तकनीकों का समावेश करना है। यह महत्वाकांक्षी कार्यक्रम न केवल आत्मनिर्भर बिहार के सपने को साकार करने की दिशा में सशक्त कदम है, बल्कि इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई मजबूती मिलेगी। इस पहल में युवाओं की सक्रिय भागीदारी ग्रामीण विकास के नए युग का सूत्रपात करेगी।

**किसानों के लिए 'वर्मी कम्पोस्ट' प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ**

# 50 प्रतिभागियों को दिया गया प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र

**लेट्स इंस्पायर बिहार मिशन के अंतर्गत ब्यूटी पार्लर में किया गया प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र वितरित**

**फिर शुरू होगा नया बैच महिलाओं को ब्यूटीशियन और सिलाई का दिया जायगा निःशुल्क प्रशिक्षण**

**खगड़िया (एनएसबी)।** लेट्स इंसपायर बिहार मिशन के अंतर्गत संचालित गार्गी कला कौशल प्रशिक्षण केंद्र सन्हौली के मनपुरनी ब्यूटी पार्लर में प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता लेट्स इंसपायर मिशन के खगड़िया जिला प्रमुख नयन कुमार और निर्मल देव ने की, समारोह का संचालन खगड़िया गार्गी अध्याय की समन्वयक शिक्षिका अनुराधा कुमारी ने किया। कार्यक्रम इस प्रशिक्षण केंद्र की संचालिका मनपुरनी ब्यूटी पार्लर की फांउडर रानी कुमारी के नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर गार्गी अध्याय की नेशनल हेड डॉ. प्रीति बाला मौजूद रहीं। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया।

समारोह में शामिल लगभग 50 प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र दिया गया। साथ ही नया बैच शुरू करने की घोषणा की गई। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत महिलाओं को ब्यूटीशियन एवं सिलाई का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जायगा। गौरतलब हो कि आईपीएस विकास वैभव मिशन के संस्थापक के तौर पर खुद पूरे बिहार में इस तरह के कार्यक्रम को प्रोत्साहित करते रहे हैं। मुख्य अतिथि डॉ. प्रीति बाला ने कहा कि खगड़िया जिले की महिलाओं को मनपुरनी ब्यूटी पार्लर की संचालिका रानी कुमारी ने निःशुल्क प्रशिक्षण देकर लेट्स इंसपायर बिहार को एक बड़ा सहयोग दिया है। हम उम्मीद करते हैं कि आगे भी और भी प्रशिक्षण केंद्र खुलेंगे और सहयोग मिलता रहेगा।

उन्होंने कहा कि महिला के हाथ में रोजगार हो इस मिशन का यही उद्देश्य है। लेट्स इंसपायर बिहार खगड़िया के जिला प्रमुख ने कहा कि नेशनल हेड प्रीति बाला और संस्था के संस्थापक आईपीएस विकास वैभव के सहयोग से खगड़िया जिले में लेट्स इंसपायर बिहार से और भी महिलाओं को फायदा मिलेगा।

# जल को संरक्षित रखने का लिया गया संकल्प

**गोगरी (एनएसबी)।** प्रखंड कार्यालय परिसर में स्वचछता पखवाड़ा के तहत जल संरक्षण को लेकर सामूहिक शपथ ली गयी। सामूहिक शपथ लेने के बाद लोगों के बीच जुलुस निकाल कर जल संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। इस मौके पर उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी रघुनन्दन आनंद ने कहा कि पानी बहुत ही अनमोल सम्पदा है। जल का जिम्मेदार से उपयोग करने, भू जल स्तर बढ़ाने और पारम्परिक जल स्त्रोत को बचाने का संकल्प लिया गया। मौके पर गोगरी प्रमुख अशोक पंत ने कहा की जल ही जीवन है और जिसके बिना जीवन नहीं चल पाता हो उसे बचाने का संकल्प लेना ही चाहिए। उन्होंने कहा कि खुद से तो जल का संरक्षण करें ही साथ मे अपने सगे संबंधियों एवं साथियों को भी इसका संरक्षण करने कहें। कहीं भी पानी बर्बाद हो तो उसे तुरंत रोकने का प्रयास करें। इस अवसर पर अपने गांव को साफ सुथरा रखने का भी संकल्प लिया गया। इस मौके पर बोरना मुखिया प्रतिनिधि मु नासिर इकबाल, मायाराम मंडल सहित कई जनप्रतिनिधि के अलावे कई पदाधिकारी मौजूद थे।




गोगरी के प्रखंड सह अंचल कार्यालय में बीडीओ के नेतृत्व में जल संरक्षण की शपथ लेते जन प्रतिनिधि व कर्मी।

## हम स्वयं स्वच्छ रहेंगे, अपने घर आंगन और गांव को स्वच्छ रखेंगे

**चौथम (एनएसबी)।** बिहार सरकार लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, मिशन स्वच्छ बिहार के तहत स्वच्छता कर्मियों के साथ-साथ तमाम अंचल, प्रखंड एवं आईसीडीएस के कर्मियों ने प्राकृतिक संरक्षण से संबंधित संरक्षण एवं स्वच्छता को लेकर संकल्प लिए गए। संकल्प के दौरान सभी कर्मियों के द्वारा प्रखंड आईटी भवन परिसर में सोमवार को यह संकल्प लिया गया कि, आज से हम सब मिलकर शपथ लेते हैं कि, हम स्वयं स्वच्छ रहेंगे, अपने घर, आंगन और गांव को स्वच्छ रखेंगे, इधर-उधर कचरा नहीं फेंकेंगे ना ही फेंकने देंगे, खुले में ना तो खुद शौच करेंगे ना ही किसी को करने देंगे। खाने से पहले षौच के बाद बच्चों को खाना खिलाने के पहले और बच्चों का मल साफ करने के बाद साबुन से हाथ धोएंगे। पीने के पानी का सुरक्षित स्रोत से लेंगे,इसकी तथा इसकी सुरक्षा,संरक्षण और सुरक्षित व्यवहार करेंगे। हमारी स्वच्छता हमारा दायित्व है, गांव की स्वच्छता भी हमारा दायित्व है, आज से हम इस दायित्व के लिए प्रतिबद्ध हैं, हम सब मिलकर यह संकल्प लेते हैं कि घर समाज के साथ-साथ राज्य एवं देश को स्वच्छ बनाने में अपनी भूमिका का निर्वाह करेंगे। शपथ ग्रहण के दौरान स्वच्छता प्रयवेक्षक संजीव कुमार, अमरदीप कुमार, रवि कुमार, सत्यम कुमार, लेखपाल सुमन कुमार, बड़ा बाबू रविंद्र कुमार, अंचल नाजिर राजेश कुमार, लेखपाल ऋषि राज, एलएस प्रेमलता कुमारी, आभा कुमारी, रेखा कुमारी, डाटा अपरेटर निशि कुमारी, अरविंद कुमार आदि मौजूद थे।

# शिक्षकों और अभिभवकों ने ली स्वच्छता की शपथ

**जल और पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी अभियान नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक का है नैतिक दायित्व**

**परबत्ता (एनएसबी)।** प्राथमिक विद्यालय जयंती, ग्राम औता, गोगरी में शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु नमामि गंगे प्रतिज्ञा एवं जल शपथ कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों, अभिभावकों एवं समुदाय में स्वच्छता, जल संरक्षण एवं पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना था।

इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने गंगा को स्वच्छ रखने, जल का विवेकपूर्ण उपयोग करने तथा समाज में जागरूकता फैलाने की सामूहिक शपथ ली।विद्यालय के प्रधान शिक्षक अविनाश कुमार के नेतृत्व में कार्यक्रम को सुव्यवस्थित रूप से संचालित किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जल और पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। इस आयोजन को सफल बनाने में शिक्षिका मधु कुमारी का विशेष योगदान रहा। उन्होंने बच्चों एवं अभिभावकों को सरल और प्रभावशाली तरीके से जल संरक्षण के महत्व को समझाया तथा उन्हें दैनिक जीवन में छोटे-छोटे प्रयासों के माध्यम से बड़ा परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी रही, जिससे यह आयोजन अत्यंत प्रभावशाली एवं प्रेरणादायक बना। अंत में, यह संदेश दिया गया कि हमारा छोटा प्रयास ही भविष्य की बड़ी सुरक्षा हैऔर इसी संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# मध्य विद्यालय हाजीपुर आवास बोर्ड में छात्रों के बीच प्रगति-पत्रक का वितरण



जिले के मध्य विद्यालय हाजीपुर आवास बोर्ड की छात्राएं प्रधानाध्यापक मनोज कुमार व अन्य शिक्षक और अभिभावकों के साथ।

**यदि अभिभावक थोड़ा सा कर्तव्य निर्वहन कर दें तो स्कूल और स्कूली छात्रों की प्रगति निरंतर ही आगे बढ़ती रहेगी**

**खगड़िया (एनएसबी)।** जिले के मध्य विद्यालय हाजीपुर आवास बोर्ड में पीटीएम का आयोजन किया गया। इसमें शिक्षा विभाग द्वारा प्रवेश से प्रगति थीम को मुख्य रूप से चर्चा का हिस्सा बनाया गया। अभिभावकों से चर्चा करते हुए प्रधानाध्यापक मनोज कुमार ने कहा कि, एक विद्यालय की उत्कृष्टता न केवल प्रधानाध्यापक और शिक्षक बल्कि छात्र और अभिभावकों के सहयोग से ही तय किया जा सकता है। यदि अभिभावक थोड़ा सा कर्तव्य निर्वहन कर दे तो स्कूल और स्कूली छात्रों की प्रगति निरंतर ही बढ़ती रहेगी। आज के दिन अभिभावकों के समक्ष ही छात्र - छात्राओं की प्रगति पत्रक का भी वितरण किया गया। सभी अभिभावकों ने समवेत स्वर में इस मुहिम में साथ निभाने का प्रण लिया। मौके पर विद्यालय के शिक्षिका रेणु साहा, रानी कुमारी,श्वेता साक्षी, सिंधु कुमारी, कंचन कुमारी, अंशु कुमारी, अर्पिता कुमारी, मनीषा, रानी,करुणा, सुनीता, पूजा, आराधना आदि मौजूद थे।

## शिक्षक और अभिभावक टीम की तरह करें काम तभी बच्चों का विकास संभव

**खगड़िया (एनएसबी)।** जिले के परबत्ता प्रखंड के मध्य विद्यालय सौढ़ भरतखण्ड में अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का अध्यक्षता प्रधानाध्यापक संजय कुमार पासवान ने किया। प्रधानाध्यापक ने कहा कि यह संगोष्ठी का आयोजन बिहार के सरकारी विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए किया गया है। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि एक बच्चे का सर्वांगीण विकास तभी संभव है जब शिक्षक और अभिभावक एक टीम की तरह काम करें। यह पीटीएम केवल एक बैठक नहीं, बल्कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए साझा प्रयास है। संगोष्ठी का थीम प्रवेश से प्रगति तक विद्यालय और अभिभावक के साथ निर्धारित की गई है। इस थीम के तहत नये सत्र में बच्चों का विद्यालय में शत प्रतिशत नामांकन के साथ- साथ उनके समग्र विकास में विद्यालय और अभिभावकों की साझा भूमिका को रेखांकित किया गया। मौके पर प्रधानाध्यापक संजय कुमार पासवान, शिक्षक सिद्धार्थ कुमार, निरंजन कुमार, रामविनोद साह, रामलाल पंडित, मीनाक्षी कुमारी, उत्कर्ष कुमार, सार्थक कुमार, अभिभावक जूली कुमारी, पूजा देवी, खुशबू देवी, सपना देवी, पूर्व वार्ड सदस्य गोविंद दास, फंटूश दास, सुशील दास, मुकेश साह, श्रवण दास, पूजा कुमारी सहित सैकड़ों छात्र और छात्राएं मौजूद थे।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिले सांसद राजेश वर्मा



**खगड़िया (एनएसबी)।** दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन के कल्चरल सेंटर में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा आयोजित अल्पाहार समारोह में लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान, खगड़िया के सांसद राजेश वर्मा तथा अन्य सम्मिलित हुए। इस अवसर पर सांसद वर्मा ने राष्ट्रपति से आत्मीय मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रपति के प्रेरणादायी व्यक्तित्व, सरलता और सौम्यता की सराहना की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति का व्यक्तित्व अत्यंत प्रभावशाली, विनम्र एवं प्रेरणास्पद है तथा उनसे हुई यह मुलाकात सुखद रही। कार्यक्रम के बाद सांसद राजेश वर्मा ने वरिष्ठ केंद्रीय मंत्रियों एवं विभिन्न सांसदों से भी शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान खगड़िया लोकसभा क्षेत्र एवं बिहार राज्य से जुड़े जनहित, विकास, आधारभूत संरचना, किसानों, युवाओं तथा आमजन की समस्याओं से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

## बंदेहरा के अंकित ने 472 अंकों के साथ मारी बाजी

**पसराहा के होनहारों ने गाड़े सफलता के झंडे**

**पसराहा (एनएसबी)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित मैट्रिक परीक्षा के परिणाम घोषित होते ही पसराहा थाना क्षेत्रों में जश्न का माहौल व्याप्त हो गया है। इस वर्ष के परीक्षा परिणामों में क्षेत्र के छात्र-छात्राओं ने अपनी मेधा का लोहा मनवाते हुए शानदार सफलता हासिल की है। विशेष रूप से बंदेहरा गांव के छात्रों का प्रदर्शन बेहद सराहनीय रहा, जिसमें ब्रजेश चौरसिया के पुत्र अंकित कुमार ने 472 अंक प्राप्त कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सफलता की इस दौड़ में छात्राएं भी पीछे नहीं रहीं। बंदेहरा की ही संगीता कुमारी ने 468 अंक अर्जित कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया, वहीं वीरेंद्र यादव की पुत्री खुशी प्रिया 462 अंकों के साथ उत्कृष्ट श्रेणी में सफल रहीं। क्षेत्र के अन्य गांवों में भी खुशी की लहर देखी गई। महद्दीपुर की ऋचा आनंद ने 452 अंक प्राप्त किए, जबकि सोंडीहा गांव से पायल प्रिया, वंशिका तथा आयुष राज तीनो ने 433-433 अंक लाकर अपनी मेहनत को सार्थक किया। इसी गांव के प्रिंस कुमार ने 431 अंक और उमेश सिंह की पुत्री ने 398 अंक हासिल कर गौरवान्वित किया। पसराहा के ललित वर्मा ने भी 406 अंकों के साथ अपनी सफलता दर्ज कराई। इन मेधावी परीक्षार्थियों की इस उपलब्धि पर उनके परिजनों और शिक्षकों ने मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। सफल छात्र-छात्राओं के चेहरों पर दिख रही मुस्कान उनकी साल भर की कड़ी मेहनत और समर्पण की गवाही दे रही है। क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों ने इन सभी होनहारों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# संगठन की विचारधारा को जन जन तक पहुंचाएं




कार्यकर्ताओं को संबोधित करते भाजपा के जिलाध्यक्ष।

**पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं को दिया गया प्रशिक्षण**

**खगड़िया (एनएसबी)।** भाजपा के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान के तहत मंडलों में प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बेलदौर विधानसभा अंतर्गत महेशखूंट दक्षिणी मंडल का प्रशिक्षण कार्यक्रम जवाहर इंटर विद्यालय में आयोजित किया गया। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अवनीश कुमार ने की, जबकि संचालन जिला मंत्री नवीन सिन्हा ने किया। मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न भगत उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी सह मुख्य प्रवक्ता एवं मंडल संगठन प्रभारी मनीष कुमार राय सहित सभी कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रशिक्षण सत्र में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अश्वनी सिंह, पूर्व युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष बिनय चौरसिया, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अनिल कुमार सोनी, सोशल मीडिया जिला संयोजक अविनाश केसरी एवं दलित प्रकोष्ठ के जिला संयोजक हरिलाल दास ने विभिन्न विषयों पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न भगत ने कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। वहीं परबत्ता विधानसभा अंतर्गत परबत्ता पश्चिम मंडल में भी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विकास कुमार ने की। ।

प्रशिक्षण सत्र में जिला महामंत्री नीतीश कुमार, जिला मंत्री अजीत कुमार उर्फ नटवर, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष गौरव चौधरी, ईबीसी मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता राजेश पंडित, जिला उपाध्यक्ष प्रीति प्रिया, पूर्व महामंत्री दीपक सिंह कुशवाहा, पूर्व मंडल अध्यक्ष उपेंद्र सिंह एवं पूर्व प्रखंड अध्यक्ष राजीव कुमार उर्फ गुड्डू हजारी सहित अन्य नेताओं ने विभिन्न विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। खगड़िया विधानसभा अंतर्गत मानसी मंडल का प्रशिक्षण कार्यक्रम पाटलिपुत्र सेंट्रल स्कूल, मानसी में आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रमेश चंद्र सूर्य ने की। इस अवसर पर राष्ट्रीय परिषद सदस्य रामानुज चौधरी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. सलिल यादव, जिला महामंत्री डॉ. इंदु भूषण कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह एवं जितेंद्र यादव, जिला प्रवक्ता प्रो अरविंद सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने प्रशिक्षण में सक्रिय सहभागिता निभाई। इसी क्रम में अलौली विधानसभा अंतर्गत बेला मंडल में भी मंडल अध्यक्ष पंकज महतो के नेतृत्व में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें जिला उपाध्यक्ष आलोक विद्यार्थी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इन सभी प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संगठन की रीति-नीति, विचारधारा, सेवा कार्यो एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत जानकारी दी गई।

## भाजपा की नीति और सिद्धांतों को जन जन तक पहुंचाएं

**खगड़िया (एनएसबी)।** विधानसभा अंतर्गत बेला मंडल के लाभ गांव स्थित पंचायत सरकार भवन में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भदास मंडल अध्यक्ष नीतीश पटेल ने की, जबकि मंच संचालन ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष ललित कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं ड् श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित एवं दीप प्रज्वलन कर विधिवत रूप से किया गया।

इस अवसर पर मंडल प्रशिक्षक के रूप में जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र यादव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अश्वनी चौधरी, जिला प्रवक्ता प्रो अरविंद सिंह, जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह एवं जिला मीडिया प्रभारी सह मुख्य प्रवक्ता मनीष कुमार राय उपस्थित रहे। सभी प्रशिक्षकों ने विभिन्न सत्रों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, कार्यशैली, सोशल मीडिया, सरकार की उपलब्धियां एवं आगामी कार्यक्रमों के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया।

प्रशिक्षकों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के सिद्धांत, संगठन की मजबूती, बूथ स्तर तक कार्य विस्तार तथा जनसंपर्क अभियान को प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पार्टी की नीतियों और विचारों को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

कार्यक्रम में भदास मंडल महामंत्री अविनाश सिंह, कंचन शाह, मंडल उपाध्यक्ष आयुषी लक्ष्मी, गंभीर पटेल, सुधीर कुमार,दीपक सिंह, राज किशोर सिंह, अरुण सिंह, राजकुमार सिंह एवं मुखिया वाल्मीकि पासवान सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने एवं आगामी चुनावों में उत्ष्ट प्रदर्शन करने का संकल्प लिया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यकर्ताओं के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक साबित हुआ।

# जीविका के सराहनीय कार्यों को व्यापक स्तर पर प्रसारित कर अधिक से अधिक लोगों को जागरूक किया जा सकता है : डीएम

**मुंगेर।** जिले के संग्रहालय भवन में आज जीविका के तत्वावधान में ज्ञान प्रबंधन एवं संचार विषय पर जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर, पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद एवं जिला परियोजना प्रबंधक अमित कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया ।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रभावी लेखन और संचार समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि जीविका द्वारा किए जा रहे सराहनीय कार्यों को व्यापक स्तर पर प्रसारित कर अधिक से अधिक लोगों को जागरूक किया जा सकता है। उन्होंने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते


जीविका को प्रमाण पत्र देते जिलाधिकारी।

हुए कहा कि वे अपने अनुभवों और सफलताओं को समाज के सामने लाने में सक्रिय भूमिका निभाएं, ताकि और लोग भी इससे लाभान्वित हो सके। कार्यक्रम के दौरान जिले के 12 संकुल संघ, जिनका को-अपरेटिव सोसाइटी के तहत पंजीकरण हुआ है, उन्हें जिलाधिकारी के हाथों प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

इस दौरान संकुल संघ से जुड़ी दीदियों ने उत्साहपूर्वक प्रमाण पत्र प्राप्त किए।जिला परियोजना प्रबंधक अमित कुमार ने कहा कि मुंगेर बिहार का ऐसा जिला बन चुका है जहाँ सभी संकुल संघों का को-अपरेटिव सोसाइटी के अंतर्गत पंजीकरण पूर्ण हो चुका है। उन्होंने कहा कि आगे इन समूहों को स्वरोजगार एवं आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे।

उन्होंने संचार के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि प्रभावी संचार के माध्यम से योजनाओं और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाया जा सकता है, जिससे जागरूकता और भागीदारी दोनों में वृद्धि होती है। कार्यक्रम की शुरुआत में प्रबंधक संचार रवि कुमार ने उपस्थित मीडिया प्रतिनिधियों एवं विभिन्न प्रखंडों से आए जीविका कर्मियों का स्वागत किया। उन्होंने जीविका के अंतर्गत संचालित संचार गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार ग्रामीण स्तर पर किए जा रहे कार्यों को प्रभावी संचार माध्यमों के जरिए आमजन तक पहुँचाया जा रहा है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि बेहतर संचार कौशल के माध्यम से इन प्रयासों को और अधिक व्यापक बनाया जा सकता है। कार्यशाला में उपस्थित मीडिया कर्मियों ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई।

उन्होंने प्रतिभागियों को लेखन शैली एवं संचार कौशल के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया गया कि किस प्रकार सरल, प्रभावी एवं तथ्यपूर्ण लेखन के माध्यम से बेहतर समाचार और प्रेरणादायक सफलता की कहानियाँ तैयार की जा सकती हैं। कार्यशाला में जिले भर से आए जीविका कर्मियों एवं मीडिया प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी रही।

## अन्नपूर्णा पूजा का 50वां महोत्सव मनाया गया

**जमालपुर (मुंगेर)।** ईस्ट कलोनी जमालपुर के हरी सभा में हर साल की भांति इस साल भी मां अन्नपूर्णा अन्नपूर्णापूजा का 50 वां साल गोल्डन जुबली मनाया गया।


अन्नपूर्णा माता के प्रतिमा विसर्जन को जाती महिलाएं।

अन्नपूर्णा पूजा के बारे में पूजा समिति के महासचिव तापसी सेन एवं अध्यक्ष शिवानी दास ने बताया कि जमालपुर में 1975 से मनाया जाता है। पांच दिवसीय इस पूजा महोत्सव बंगाली परंपरा के अनुसार बनाए जाने की प्रथा आज तक बरकरार है। नवद्वीप, बंगाल से आए महिला भजन कीर्तन गायक के साथ बाबुल गाने का कलाकारों द्वारा संगीत प्रस्तुत किए गए। इधर महोत्सव में काफी संख्या में बंगाली समुदाय की महिलाएं रंग-बिरंगे परिधानों से लैस होकर इस पूजा महोत्सव को भव्य रूप दिए। इधर अन्नपूर्णा माता के प्रतिमा विसर्जन के दौरान महिलाओं की अच्छी खासी भागीदारी देखी गई।

## डेढ़ घंटे का ब्लक लगाकर किया गया पटरी मेंटेनेंस का कार्य

**जमालपुर (मुंगेर)** । जमालपुर भागलपुर रेल खंड के रेलवे बड़ी पुल के नीचे डेढ़ घंटे का ब्लक लगाकर पटरी मेंटेनेंस का सावधानी पूर्वक करते कर्मचारी देखे गए। डाउन लाइन पर लगभग डेढ़ घंटे तक लगाए गए ब्लक के कारण परिचालन का खास ख्याल रखा गया। ब्लक के दौरान रेल खंड पर पटरी मरम्मत का कार्य रेलवे के बुनियादी ढांचे की सुरक्षा और ट्रेनों के सुचारू संचालन के लिए एक नियमित रूप से समय-समय पर किया जाता है किया जाता है।


ब्लक लगाकर पटरी मेंटेनेंस कार्य करते कर्मचारी।

रेल खंड पर लगने वाले ब्लक के दौरान आमतौर पर ट्रेन का परिचालन रोक दिया जाता है पर इस तरह के मेंटेनेंस कार्य को लेकर ट्रेन का परिचालन प्रभावित न हो इसको लेकर खास ख्याल रखा जाता है।पटरी की मजबूती रेलवे ट्रैक मेंटेनर रोजाना की जांच के आधार पर ढीली पटरियों, स्लीपरों और फिशप्लेट की मरम्मत को लेकर एक रूटीन की प्रक्रिया है जिस नजर अंदाज नहीं किया जा सकता है। इधर ब्लक के बारे में स्टेशन प्रबंधक दीपक कुमार ने बताया कि यह कार्य सुनिश्चित करता है कि रेल ट्रैक पर भारी भार और कंपन के कारण होने वाली टूट-फूट को ठीक किया जा सके।जिससे ट्रेन दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

## जमालपुर के मनोज दूसरी बार ईआरएमसी के केंद्रीय सहायक संगठन सचिव बने


केंद्रीय मंत्री बनने पर बधाई देते ईआरएमसी के कार्यकर्तागण।

**जमालपुर (मुंगेर)।** ईस्टर्न रेलवे मेंस कांग्रेस के 29 वें वार्षिक अधिवेशन में जमालपुर के मनोज कुमार को सर्वसम्मति से लगातार दूसरी बार केंद्रीय सहायक संगठन सचिव चुना गया।

इस उपलब्धि के बाद रविवार देर शाम उनके जमालपुर पहुंचने पर यूनियन नेताओं और रेल कर्मचारियों ने फूल-मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर मनोज कुमार ने यूनियन के प्रेसिडेंट विनोद शर्मा के प्रति आभार जताते हुए कहा कि दोबारा भरोसा जताया जाना, उनके लिए गर्व का विषय है। उन्होंने इसे जमालपुर रेल कारखाना के लिए सम्मानजनक क्षण बताया।

साथ ही वर्किंग प्रेसिडेंट बी़सी़ शर्मा का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त होगा। उन्होंने पुरानी पेंशन योजना (ओल्ड पेंशन) को लेकर संघर्ष तेज करने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि रेल कर्मचारी अपने अधिकारों के प्रति सजग हैं और अब यह आंदोलन और मजबूती के साथ आगे बढ़ेगा। हम सरकार को झकझोर देंगे और ओल्ड पेंशन लेकर रहेंगे।

इसे मिशन बनाकर जमालपुर के कर्मचारियों के साथ मिलकर लड़ाई को अंजाम तक पहुंचाएंगे। इधर ईआरएमसी जमालपुर वर्कशप के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया तथा बधाई दी।

## प्रतिमा विसर्जन के दौरान मारपीट, कई लोग घायल

### एसडीपीओ के पहल पर मामला हुआ शांत, घायल का किया गया इलाज

**जमालपुर (मुंगेर)।** चौती दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान जुबली बेल चौक पर आपसी विवाद को लेकर जमकर मारपीट हुई जिसमें एक युवक बुरी तरह घायल हुआ है जिसका उपचार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जमालपुर में कराया गया। प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुई मारपीट को लेकर बढ़ते तनाव को तो एसडीपीओ अभिषेक आनंद के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत आ गया।

मारपीट के घटना में घायल हुए मंगरौरा टेढ़ी गली निवासी रवि कुमार ने बताया कि हरिओम क्लिनिक पटना में काम कर हम ट्रेन से उतरकर अपने घर जा रहे थे। जुबली बेल चौक पर जैसे ही पहुंचे तो वहां प्रतिमा विसर्जन को लेकर भीड़ भार था। लोग विसर्जन में लोग झूम रहे थे इसी बीच एक लड़का हमसे टकरा गया जो शराब के नशे में था।

हमने सिर्फ इतना ही बोला कि भाई ठीक से झूमो इतना ही बोलते ही कई लोग मिलकर मेरी पिटाई कर दिए भला हो एसडीपीओ साहब का मौके पर पहुंचकर मामले को शांत करते हुए मेरा उपचार करने की दिशा में पल भी किया। इधर घटना को लेकर घायल ने कार्रवाई को लेकर जमालपुर थाने में सुमित कुमार,पप्पू ताती,बुचो ताती सहित अन्य के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज करने को लेकर लिखित आवेदन दिए हैं।

## स्टेशन पर राष्ट्रीय संगठन मंत्री का स्वागत

**जमालपुर (मुंगेर)।** भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री बी सुरेंद्रन भागलपुर से प्रदेश अभ्यास वर्ग का समापन करके नई दिल्ली जाने के दौरान जमालपुर स्टेशन पर कार्यकर्ताओं ने मुलाकात कर उनका स्वागत किया। मौके पर प्रशांत कुमार, भानु प्रताप पाठक, चंदन विभाष,हरे राम साहित कई मौजूद थे।

# सरस्वती विद्या मंदिर का वार्षिकोत्सव आयोजित

**जमालपुर (मुंगेर)।** सरस्वती विद्या मंदिर, दौलतपुर, जमालपुर में आज संघ शताब्दी वर्ष को समर्पित वार्षिकोत्सव सृजन भव्यता के साथ आयोजित हुआ। विद्यालय परिसर सांसतिक उमंग से गूंज उठा, जहां छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसमें सम्मानित अतिथियों ने दीप जलाकर माँ सरस्वती के आशीर्वाद से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद वंदना और प्रधानाचार्य छठु साह द्वारा अतिथि परिचय प्रस्तुत किया गया।

बहन मोहिता और सिमरन द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत गाया।मुख्य अतिथि सहायक थाना प्रभारी, जमालपुर सत्तो पासवान ने अपने ओधन में विद्यार्थियों को अनुशासन, देशभक्ति और नैतिक मूल्यों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे सांसतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों में छिपी प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ उन्हें संस्कारवान नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। छात्राओं के मनमोहक प्रस्तुतियों ने अभिभावकों का भरपूर मनोरंजन किया। वाटिका खंड के छात्र-छात्राओं रौनक , अर्पिता, नव्या,


वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि।

सुयांश, दक्ष, पार्थ झा , मान्या, अंकुर, यक्षित द्वारा शिशु मंदिर योजना के 12 आयाम वाले समूह नृत्य, फास्ट फूड एक्ट मे प्रिंस ,जीवा, आसना, वैष्णवी , आस्था, आरोही तिरिशा ने प्रस्तुति दी । महाभारत की द्रौपदी चीर हरण पर आधारित सामूहिक नृत्य शिवांगी, प्रगति , दिव्यांशी, अंकिता ,पीहू, आयशा, सुप्रिया ने प्रस्तुति की।योग नृत्य, पर्यावरण संरक्षण नृत्य मे आराध्या , अनिका, रेयांशी, आरव, साकेत , वैभव शर्मा, सोनाक्षी ने पर्यावरण जागरूकता मे भाग लिया और इन जैसी प्रस्तुतियों ने संसति, पर्यावरण जागरूकता और योग की महत्ता को जीवंत रूप में प्रस्तुत रानी, समीक्षा, आंसु , मन्नू, रक्षा, सृष्टि, रिया ,पीहू ने किया।विद्या मंदिर की ओर से प्रस्तुत नाटक समरसता ने सामाजिक सद्भाव और एकता का संदेश दिया, इस प्रस्तुति मे भैया आयुष, सुमंत, आर्यन, प्रिंस , समक्ष ने भाग लिया।

मौके पर विशिष्ट अतिथि विद्या भारती के अखिल भारतीय मंत्री प्रो. कमल किशोर सिन्हा, जिला निरीक्षक वीरेन्द्र कुमार ने विद्यालय की प्रगति की प्रशंसा की और छात्रों को भविष्य के लिए प्रेरित किया। इस दौरान प्रधानाचार्या किरण कुमारी, उप-प्रधानाचार्य संतोष कुमार,अध्यक्ष डा़बच्चन सिंह,उपाध्यक्ष रतन घोष , सचिव चंद्रशेखर खेतान,कोषाध्यक्ष सुधीर सिंह,विभाग प्रचारक देवेन्द्र कुमार ,शैल कुमारी , सुप्रिया सुमन, लक्ष्मी , खुशबु कुमारी , पूनम कान्ति , सीमा सिंह , श्वेता गुप्ता, शर्मीली बाला, पियूष कुमार , संजय ठाकुर, हरे ष्ण नारायण , विवेक कुमार , विनोद सिंह, विपिन चौधरी, उदय कुमार , कमल किशोर और नगर के विभिन्न शिशु विद्या मंदिरों के प्रधानाचार्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### लखीसराय में टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 100 दिवसीय विशेष अभियान शुरू

#### 114 गांव हाई रिस्क के रूप में चिन्हित

**लखीसराय (एनएसबी)।** भारत सरकार के एडिशनल सेक्रेटरी एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक ने टीबी मुक्त भारत अभियान की सफलता को लेकर सोमवार को जिला पदाधिकारी, लखीसराय के साथ वीडियो कन्फ्रेंसिंग के माध्यम से महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। 100 दिवसीय विशेष अभियान के तहत आयोजित इस बैठक में जिले में टीबी उन्मूलन की दिशा में हो रहे कार्यों की प्रगति जांची गई और आगामी रणनीतियों पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अभियान के दौरान स्वास्थ्य केंद्रों की ओपीडी में आने वाले 40 वर्ष या उससे अधिक आयु के मरीजों की स्क्रीनिंग पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया है। इसके तहत ऐसे सभी संभावित मरीजों का अनिवार्य रूप से एक्स-रे कराया जाएगा ताकि बीमारी की पहचान कर तुरंत उपचार शुरू किया जा सके और संक्रमण को फैलने से रोका जा सके। बैठक में स्पष्ट किया गया कि ओपीडी में आने वाले कुल मरीजों में से कम से कम 10 प्रतिशत की स्क्रीनिंग करना अनिवार्य होगा। समीक्षा के दौरान बताया गया कि लखीसराय जिले के कुल 114 गांवों को उच्च जोखिम वाले गांव के रूप में चिन्हित किया गया है। इन गांवों में स्वास्थ्य विभाग की टीमें विशेष अभियान


वीसी में भाग लेते डीएम।

चलाकर घर-घर सर्वेक्षण करेंगी और जांच व जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से छिपे हुए मरीजों की तलाश करेंगी। जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि अभियान के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी स्वास्थ्य कर्मियों को सक्रिय भूमिका निभाने और निर्धारित लक्ष्यों को समय सीमा के भीतर पूरा करने को कहा। जिला प्रशासन ने आम जनता से भी अपील की है कि वे टीबी के लक्षण दिखने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर मुफ्त जांच और इलाज की सुविधा का लाभ उठाएं ताकि जिले को टीबी मुक्त बनाने के राष्ट्रीय संकल्प को पूरा किया जा सके।

### डीएम ने सदर अस्पताल का किया निरीक्षण

#### स्वयं रक्तदान कर पेश की मानवता की मिसाल

**लखीसराय (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी मिथिलेश मिश्र ने सोमवार को सदर अस्पताल, लखीसराय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल के ब्लड बैंक की व्यवस्थाओं और रक्त की उपलब्धता की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को सख्त निर्देश दिए कि जिले में किसी भी आपात स्थिति के दौरान रक्त की कमी नहीं होनी चाहिए और जरूरतमंद मरीजों को बिना किसी विलंब के समय पर रक्त उपलब्ध कराना हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। डीएम ने ब्लड बैंक में मौजूद स्टक, रक्त की गुणवत्ता, भंडारण प्रणाली और रिकर्ड संधारण की बारीकी से जांच की। उन्होंने अधिकारियों को नियमित अंतराल पर रक्तदान शिविर आयोजित करने और आम नागरिकों को इस नेक कार्य के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। इस दौरे के दौरान जिला पदाधिकारी ने एक अत्यंत मानवीय पहल करते


रक्तदान करते डीएम।

हुए स्वयं रक्तदान किया और समाज के सामने एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। उनके इस कदम ने वहां मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों और आम लोगों में नया उत्साह भर दिया। इसी कड़ी में डीएम के साथ विकास कुमार एवं राहुल कुमार ने भी एक गंभीर स्थिति में भर्ती गर्भवती महिला की जान बचाने के लिए रक्तदान किया। समय पर रक्त मिलने से महिला का सफल उपचार हो सका, जिसके बाद परिजनों ने जिला प्रशासन की इस संवेदनशीलता के प्रति गहरा आभार प्रकट किया। जिला पदाधिकारी ने इस अवसर पर कहा कि रक्तदान महादान है और यह किसी का जीवन बचाने का सबसे सरल व महान माध्यम है। उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे स्वेच्छा से आगे आएं और रक्तदान को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाएं। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को ब्लड बैंक की कार्यप्रणाली को और अधिक सुढ़ करने का निर्देश देते हुए कहा कि मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशासन की इस पहल ने न केवल तंत्र की संवेदनशीलता को दर्शाया है, बल्कि समाज में सहयोग और मानवता के संदेश को भी मजबूती प्रदान की है।

### स्कूली शिक्षा में नवाचार, खटुहा और मोहनपुर विद्यालय के बीच हुआ शैक्षणिक आदान-प्रदान

**लखीसराय (एनएसबी)।** शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने और विद्यालयों के बीच आपसी समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से 'ट्यूनिंग अफ स्कूल' कार्यक्रम के तहत एक विशेष शैक्षणिक विनिमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पी़एम् श्री प्लस टू उच्च विद्यालय, खटुहा में आयोजित हुआ, जिसमें शैक्षणिक सहयोग और अनुभवों को साझा करने पर बल दिया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक ड़ मनोज कुमार चौधरी की देखरेख में हुआ, जबकि अध्यक्षता प्रभारी भागीरथ झा ने की। इस अवसर पर उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, मोहनपुर (पिपरिया प्रखंड) की प्रधानाध्यापिका प्रियंम्वदा कुमारी के नेतृत्व में चार शिक्षकों और 30 छात्र-छात्राओं की टीम ने सुबह 11रू30 बजे खटुहा विद्यालय का भ्रमण किया।


जानकारी साझा करते वरिष्ठ शिक्षक ड मनोज कुमार चौधरी।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत गान और स्वागत ओधन के साथ हुआ। इस दौरान दोनों विद्यालयों के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों के बीच बेहतर शिक्षण पद्धतियों, संवाद और अनुभवों का आदान-प्रदान किया गया। आगत विद्यार्थियों ने खटुहा विद्यालय के विभिन्न शैक्षणिक एवं भौतिक संसाधनों का बारीकी से अवलोकन किया। छात्रों ने विद्यालय के पुस्तकालय, प्रयोगशाला, आईसीटी कक्ष, प्राचार्य कक्ष, शिक्षक सदन, खेल के मैदान और आंतरिक एवं बाह्य परिसर का भ्रमण किया। साथ ही, विद्यालय में चल रहे पौधारोपण अभियान और पर्यावरणीय संरक्षण के प्रयासों की भी सराहना की गई। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्यक्रम के दौरान आपसी संवाद, भाषण, अंताक्षरी, कविता वाचन और अन्य रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की गईं, जिसमें दोनों विद्यालयों के बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। इस दौरान छात्रों के बीच आपसी सहयोग और सीखने की प्रबल जिज्ञासा देखी गई। इस गौरवशाली क्षण पर उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय मोहनपुर के शिक्षक राजीव कुमार, भारत कुमार एवं ज्योति कुमारी के साथ-साथ प्लस टू उच्च विद्यालय खटुहा के शिक्षक चुनचुन कुमार, बेलाल अहमद, प्रशांत कुमार सिन्हा, संजीव कुमार चौधरी, विजेंद्र कुमार, रतन कुमार, बुलबुल कुमार, धीरेंद्र कुमार, विनोद कुमार, विकास कुमार, खुशबू कुमारी, कुमारी ज्योति, कार्यालय सहायक सत्यम कुमार, मौसम कुमार, ष्णदेव मांझी और रात्रि प्रहरी पप्पू कुमार उपस्थित रहे। विशेष रूप से लखीसराय वन विभाग के फरेस्टर कुमुद कुमार और उनके सहयोगी वनरक्षी ने भी कार्यक्रम में शिरकत की और विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। संपूर्ण कार्यक्रम उल्लासपूर्ण और प्रेरणादायक वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंत में छात्रा रानी कुमारी द्वारा विदाई गीत प्रस्तुत किया गया और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का विधिवत समापन हुआ।

## संक्षिप्त खबरें

### अंडा खरीदने गई बच्ची के साथ दुष्कर्म

#### पुलिस ने आरोपी विधि विरुद्ध बालक को किया निरुद्ध

**आरा (एनएसबी)।** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के एक गांव में रविवार की शाम अंडा खरीदने गई छह वर्षीया बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। इस मामले में पीड़िता के परिजन के बयान पर स्थानीय थाना में मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस ने आरोपी विधि विरुद्ध बालक को निरुद्ध कर लिया। घटना को लेकर आसपास के इलाके में सनसनी मच गई। जानकारी के अनुसार छह वर्षीया बच्ची रविवार की शाम गांव के एक दुकान पर अंडा खरीदने गई थी। इस दौरान गांव का एक किशोर उसे बहला-फुसलाकर अपनी झोपड़ी में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद रोती-बिलखती बच्ची घर लौटी, तब उसने अपनी आपबीती मां को सुनाई। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी विधि विरुद्ध बालक को निरूद्ध कर लिया। इसे लेकर पीडिता के पिता के बयान पर प्राथमिकी की गई है। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल जांच सदर अस्पताल में कराया गया।

### फेल छात्रा ने फांसी लगा किया खुदकुशी का प्रयास

**संदेश (एनएसबी)।** संदेश थाना क्षेत्र के काजीचक गांव में सोमवार की सुबह मैट्रिक परीक्षा में फेल होने पर एक छात्रा ने गले में फांसी लगाकर खुद्कुशी का असफल प्रयास किया। गंभीर हालत में छात्रा को इलाज के लिए संदेश रेफरल अस्पताल से सदर अस्पताल लाया गया। जहां से उसे चिंताजनक हालत में पटना रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार उक्त छात्रा संदेश थाना क्षेत्र के काजीचक गांव निवासी कमलेश प्रसाद की 17 वर्षीया पुत्री चंचल कुमारी है। इधर, छात्रा के बड़े पिता राज बिहारी प्रसाद ने बताया कि रविवार मैट्रिक का रिजल्ट आया था। एक विषय में क्रॉस लगने के कारण वह फेल हो गई थी। सोमवार की सुबह वह अपने कमरे में पंखे की कुंडी से गले में फांसी लगाकर खुदकुशी करने का प्रयास कर रही थी।

### डीएम ने जनता दरबार में 44 आवेदकों की सुनी समस्याएँ

**आरा (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया के द्वारा सोमवार को ईज ऑफ लिविंग के तहत जिला जनता दरबारह्व का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 44 लोगों की समस्याओं को जिला पदाधिकारी द्वारा गंभीरता से सुना गया।

### सात लाख 31 हजार में हुआ वाहन पार्किंग सैरात का बंदोबस्त, बाजार की निविदा रही फेल

**शाहपुर (एनएसबी)।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत स्थानीय नगर पंचायत के सैरातो की नीलामी का आयोजन नपं के कार्यालय में हुआ। जिसमें सैरात वाहन पार्किंग की वसूली सात लाख 31 हजार रुपये में बंदोबस्त की गई। आयोजित नीलामी प्रक्रिया में कुल चार लोगों ने भाग लिया। जिसमें सबसे ऊंची बोली लगाकर रंजीत कुमार गुप्ता उर्फ आजाद गुप्ता ने वाहन पार्किंग सैरात की वसूली अपने नाम की। वहीं शाहपुर बाजार की निविदा प्रक्रिया में किसी भी अभ्यर्थी ने भाग नहीं लिया। जिसके कारण यह निविदा फिलहाल निष्फल रही। बाजार की सुरक्षित राशि पांच लाख 93 हजार रुपये निर्धारित की गई थी। निविदा प्रक्रिया मुख्य पार्षद जुगनू देवी, कार्यपालक पदाधिकारी शुभम कुमार, जेई जयनंदन चैधरी एवं सशक्त स्थायी समिति के सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न हुई।

### शिवम को मैट्रिक परीक्षा में मिले 95.4 प्रतिशत अंक

**पीरो (एनएसबी)।** पुष्पा उच्च विद्यालय पीरो के छात्र शिवम ने बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित मैट्रिक परीक्षा में 477 अंक हासिल जिले के टाप टेन में स्थान बनाया है। शिवम ने परीक्षा की तैयारी आदर्श एजुकेशन सेंटर के शिक्षक दीपक कुमार के मार्गदर्शन में किया था। दीपू की सफलता पर पुष्पा उच्च विद्यालय के साथ-साथ आदर्श एजुकेशन सेंटर में जश्न का माहौल है। शिवम ने गांव में रहकर सीमित साधनों के बीच यह सफलता अर्जित की है। शिवम के पिता कृष्ण मोहन सिंह सूरत (गुजरात) में रहकर निजी कंपनी में मामूली सिक्यूरिटीज गार्ड की नौकरी करते हैं शिवम के अनुसार उसने मैट्रिक परीक्षा की तैयारी के लिए आठ से दस घंटे पढाई की थी। उसने अपनी सफलता का श्रेय अपनी खुद की कठिन मेहनत, माता पिता से मिले आशीर्वाद, आदर्श एजुकेशन सेंटर व पुष्पा उच्च विद्यालय के शिक्षकों से मिले प्रोत्साहन को दिया है।

### निकहत परवीन बनी टीचर आफ दी ईयर

पीरो (एनएसबी)। कांप्लेक्स रिसोर्स सेन्टर उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय अमेहता में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान टीचर आफ दी ईयर चुनी गई उत्क्रमित मध्य विद्यालय अमेहता की शिक्षिका निकहत परवीन को सम्मानित किया गया। मुखिया



श्रीमन नारायण तिवारी, शिक्षक नेता परमात्मा पांडेय, कांप्लेक्स रिसोर्स सेन्टर अमेहता के संचालक अनिल कुमार गुप्ता व रविकांत किशोर द्विवेदी ने निकहत को प्रशस्ति पत्र व उपहार देकर सम्मानित किया। छात्र-छात्राओं के बीच प्रगति पत्रक का वितरण किया गया। मौके पर सतीश कुमार तिवारी, पंकज कुमार सिन्हा, सुशीला कुमारी, रुही परवीन, अनिता रानी, निर्मला कुमारी, उमा कुमारी, उमाशंकर पांडेय आदि उपस्थित थे।

### 8वीं रैंक हासिल शिवशक्ति को किया गया सम्मानित

**पीरो (एनएसबी)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित वार्षिक माध्यमिक परीक्षा (मैट्रिक) में 483 अंकों के साथ बिहार में 8 वीं रैंक हासिल करने वाले उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय कटरियां के छात्र शिवशक्ति कुमार को यहां आयोजित



एक कार्यक्रम के दौरान सम्मानित किया गया। प्रधानाध्यापिका अनिता शर्मा व शिक्षकों ने शिवशक्ति को सम्मानित करते हुए कहा कि पूरे बिहार में 8 वीं रैंक हासिल कर शिवशक्ति ने परिवार के साथ साथ विद्यालय को गौरवान्वित किया है। शिक्षक मनोरंजन कुमार, संजय कुमार पांडेय, अविनाश कुमार, अमित कुमार, बृजेश प्रसाद, अनुराग मिलन, प्रिया कुमारी, सचिन कुमार, सोनू कुमार आदि ने शिवशक्ति की प्रतिभा को सम्मान देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### लोदीपुर मध्य विद्यालय का वार्षिक परीक्षाफल घोषित, सभी छात्र-छात्राएं सफल, प्रधानाध्यापक ने छात्रों की मेहनत को बताया सफलता का आधार

**कोईलवर (एनएसबी)।** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, लोदीपुर में सोमवार को वर्ग 1 से 8 तक का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला, क्योंकि इस वर्ष सभी



छात्र-छात्राएं परीक्षा में सफल रहे और विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के प्रधानाध्यापक चंद्रभूषण सिंह ने बताया कि इस बार उत्तर पुस्तिकाओं की जांच दूसरे विद्यालय के शिक्षकों द्वारा कराई गई, जिससे मूल्यांकन प्रक्रिया और अधिक निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनी। उन्होंने कहा कि बेहतर मूल्यांकन के कारण ही इस वर्ष का परीक्षा परिणाम काफी संतोषजनक रहा है। उन्होंने आगे कहा, हमारे विद्यालय के सभी बच्चों ने मेहनत और लगन के साथ परीक्षा दी है, जिसका परिणाम आज देखने को मिला है। शिक्षकों की मेहनत और अभिभावकों के सहयोग से ही यह संभव हो पाया है। आगे भी हम बच्चों के शैक्षणिक स्तर को और बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयासरत रहेंगे। परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम के दौरान प्रधानाध्यापक चंद्रभूषण सिंह, वरीय शिक्षक राधेश्याम राय एवं वरीय पत्रकार रंजन बाबा के हाथों छात्रों को रिजल्ट प्रदान किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी।

## महाराजा कॉलेज भूगोल विभाग और नई आशा की सर्वेक्षण रिपोर्ट एडीएम को सौंपी

**अपर समाहर्ता डॉ शेखर ने की प्रशंसा, कहा- यह यह समाज और सरकार के लिए उपयोगी होगी**

**आरा (एसएनबी)।** महाराजा कॉलेज स्नातकोत्तर भूगोल विभाग एवं नई आशा द्वारा संयुक्त रूप से चैरई महादली तोले का सर्वेक्षण रिपोर्ट आज अपारसम्हर्ता डॉ शशि शेखर को सोपा गया। इस अवसर परस्नातकोत्तर भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. संजय कुमार, डॉ. द्वीपिका शेखर सिंह और इतिहास विभाग के डॉ. कमलेश सिंह थे। विदित हो कि गत वर्ष भोजपुर जिला के उदवंतनगर प्रखंड के चैराई मुसहर टोला का आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक सर्वेक्षण किया गया था। बाद में उस सर्वेक्षण रिपोर्ट को विभाग द्वारा वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित कराया गया।आयोजित सर्वेक्षण कार्यक्रम पर भोजपुर एडीएम ने टीम के प्रयासों की प्रशंसा की।

उन्होंने न केवल इस कार्य को सराहा, बल्कि भविष्य में भी जिला स्तरीय सामाजिक जागरूकता कार्यक्रमों में साथ मिलकर कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई। डॉ शेखर ने कहा सर्वेक्षण रिपोर्ट काफी महत्वपूर्ण होता है। यह समाज और सरकार के लिए उपयोगी होने के साथ इतिहास के बतौर भावी पीढ़ी के लिए मददगार साबित होता है। विभाग की तरफ से एडीएम डॉ. शशि शेखर को चैराई सर्वे रिपोर्ट की एक प्रति प्रस्तुत की गई। उन्होंने




पूरी टीम को इस सफल आयोजन और भविष्य की नई संभावनाओं के लिए हार्दिक बधाई दी। डॉ संजय ने कहा कि एडीएम द्वारा चैराई गाँव में आयोजित सर्वेक्षण कार्यक्रम की सराहना किया जाना एक गर्व का विषय है।

**आरा स्टेशन पर मानव तस्करी का बड़ा खुलासा**

## महाप्रबंधक रिवॉर्ड से पुरस्कृत हुए रेलवे सुरक्षा बल के जवान कन्हैया

**आरा (एनएसबी)।** आरा रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की टीम ने मानव तस्करी के एक बड़े मामले का खुलासा किया है। आरक्षी कन्हैया कुमार और श्रीमति चंदा गुप्ता ने प्लेटफार्म संख्या-02/03 पर दो मानव तस्करों को 9 बच्चों के साथ पकड़ा, जिन्हें सिकंदराबाद (तेलंगाना) ले जाया जा रहा था।



बच्चों ने बताया कि उन्हें फोम (गद्दा) और चैकलेट फैक्टरी में काम दिलाने का झांसा दिया गया था, जहां उन्हें प्रति माह 15000 रुपये मिलेंगे। आरपीएफ ने बच्चों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया और तस्करों को रेल थाना आरा को सौंप दिया। इस मामले में कांड संख्या-09/26 दिनांक 12.01.2026 को अंतर्गत धारा 143/3 (5) बीएनएस-79 जे जे एक्ट पंजीकृत किया गया है। आरक्षी कन्हैया कुमार को इस उत्कृष्ट कार्य के लिए महाप्रबंधक पूमरे हाजीपुर द्वारा जीएम रिवॉर्ड से पुरस्कृत किया गया है।

**फेसबुक पर हुए गाली-गलौज को लेकर हिंसा, जख्मी का सदर अस्पताल में हो रहा इलाज**

## दरवाजे पर चढ़ युवक को मारी गोली

**बड़हरा (एनएसबी)।** पैगा गांव में रविवार की देर शाम फेसबुक पर हुए गाली-गलौज को लेकर हथियारबंद बदमाशों ने दरवाजे पर चढ़कर युवक को गोली मार दी। युवक को दाहिने हाथ के कलाई के ऊपर गोली लगी है। परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। घटना को लेकर गांव एवं आसपास के इलाके में सनसनी मच गई है।

जानकारी के अनुसार जख्मी बड़हरा थाना क्षेत्र के पैगा गांव वार्ड नंबर-14 निवासी स्व. संत सिंह का 25 वर्षीय पुत्र अमित सिंह है। इधर, जख्मी के भाई सुमित कुमार सिंह ने बताया कि परशुराम सिंह नामक व्यक्ति ने उनके मामा कौशल सिंह के साथ फोटो खींचवाया था। जिसे लेकर दो दिन पूर्व फेसबुक पर दोनों ने एक-दूसरे को गाली-गलौज किया था। हालांकि उसके बाद बात खत्म हो गई थी। शनिवार को जब वह गांव में ही स्थित गुमटी पर था। तभी परशुराम सिंह द्वारा उनके साथ मारपीट की गई थी। जिसके बाद उसके द्वारा परशुराम सिंह सहित स्थानीय थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

रविवार की देर शाम जब उसका भाई अमित सिंह अपने दरवाजे पर था। तभी परशुराम सिंह अपने अन्य लोगों के साथ दरवाजे पर आ धमका तो वह छत पर चल गया। तभी उनके द्वारा फायरिंग कर दी गई। इस दौरान उनके भाई अमित सिंह को गोली लग गई। वहीं दूसरी तरफ जख्मी अमित सिंह के भाई सुमित कुमार सिंह ने परशुराम सिंह, गुड्डू सिंह, सुमन सिंह सहित उनके साथ रहे अन्य लोगों पर गोली मारने एवं दो राउंड फायरिंग करने का आरोप लगाया है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

### गड़हनी में मामूली बात पर हिंसा, खेत में मवेशी जाने के विवाद में चाचा-भतीजे को मारा चाकू

**गड़हनी (एनएसबी)।** गड़हनी थाना क्षेत्र के पहरपुर गांव में सोमवार की सुबह खेत में मवेशी चले जाने के विवाद में चाचा-भतीजे को चाकू मार दी गई। जिससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उन्हें इलाज के लिए गड़हनी पीएचसी से सदर अस्पताल लाया गया। घटना को लेकर गांव में आसपास की इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गई है। जानकारी के अनुसार जख्मियों में गड़हनी थाना क्षेत्र के पहरपुर गांव निवासी अमित सिंह का 15 वर्षीय पुत्र मनीष कुमार एवं उसी गांव के निवासी बच्चन यादव का 25 वर्षीय पुत्र विजेंद्र यादव शामिल है। दोनों रिश्ते में चाचा-भतीजे लगते है। इसमें बिजेंद्र यादव को पेट व छाती एवं उसके भतीजे मनीष कुमार को पीठ पर दो जगहों पर चाकू लगी है। इधर, बिजेंद्र यादव ने बताया कि उनकी बकरी गांव के ही हरेराम बाबू के टमाटर के खेत में चरने चली गई थी। उसी बात को लेकर उन लोगों से उसके घर वालों के बीच नोकझोंक हो रही थी। तभी वह वहां पहुंचा और कहा कि चलो बात खत्म करो। सभी की बकरी खेत में चली जाती है। इसी बात पर उक्त युवक द्वारा उसे एवं उसके भतीजे मनीष कुमार को चाकू मार दी गई। जिससे दोनों जख्मी हो गए।

### ईज ऑफ लिविंग जन संवाद कार्यक्रम आयोजित

**आरा (एनएसबी)।** डीएम के निदेर्शानुसार आज दिनांक 30 मार्च 2026 को ह्लईज ऑफ लिविंग जन संवादह्व कार्यक्रम के तहत जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जन सुनवाई आयोजित की गई, जिसमें पदाधिकारियों द्वारा आमजनों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना गया। इस दौरान जन समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुना गया तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी समाधान पर विशेष जोर दिया गया। सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त शिकायतों एवं आवेदनों का विवरण निर्धारित पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड करना सुनिश्चित करें, ताकि उनकी प्रभावी मॉनिटरिंग एवं समयबद्ध निष्पादन किया जा सके। जन सुनवाई के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान की दिशा में प्रशासन द्वारा संवेदनशीलता, तत्परता एवं जवाबदेही का परिचय दिया गया, जिससे सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी रूप से पहुंच सके।

### यूपी के ट्रक चालक से लूटपाट मामले में एक गिरफ्तार, अन्य की तलाश जारी

**आरा/सहार (एनएसबी)।** सहार थाना क्षेत्र के एकवारी बस स्टैंड के पास यूपी के ट्रक चालक से लूटपाट करने में शामिल एक अपराधी को पुलिस द्वारा महज चैबीस घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया गया। वैज्ञानिक अनुसंधान के आधार पर उसे रविवार की रात सहार क्षेत्र से ही गिरफ्तार किया गया।

वह एकवारी गांव निवासी रामईश्वर साह का पुत्र सूरज कुमार है। उसके पास से चालक से लूट के 45 सौ रुपए और दोनों मोबाइल के अलावे ट्रक की तीन चाबी भी बरामद हुआ। घटना में शामिल अन्य अपराधियों की भी पहचान कर ली गयी और गिरफ्तारी को लेकर लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस अधीक्षक राज की ओर से सोमवार को यह जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि 28 मार्च की रात करीब साढ़े 11 बजे सहार थाना क्षेत्र के एकवारी बस स्टैंड के पास यूपी के आजमगढ़ निवासी ट्रक चालक सत्येंद्र यादव और उनके भाई सुशील यादव से लूटपाट की गयी थी। तीन-चार-की संख्या में रहे अपराधियों द्वारा सड़क पर पत्थर रख ट्रक को रोक दिया गया था और हथियार के बल पर 21 हजार रुपए एवं दो मोबाइल लूट लिया गया था। विरोध करने पर ट्रक के खलासी के साथ मारपीट भी की गयी थी।

### एसपी ने बबुरा थाना का किया निरीक्षण

**आरा (एनएसबी)।** पुलिस अधीक्षक राज द्वारा सोमवार को बबुरा थाना का निरीक्षण किया गया। इस दौरान थाना परिसर की स्वच्छता, कार्यालय व्यवस्था, सीसीटीएनएस, अभिलेखों के संधारण, अपराध नियंत्रण से संबंधित विभिन्न तख्तियों, दस्तावेजों एवं अन्य आवश्यक अभिलेखों का गहन निरीक्षण किया गया। इसके उपरांत थाना में लंबित कांडों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी अनुसंधानकताओं को मामलों के शीघ्र, निष्पक्ष एवं प्रभावी अनुसंधान एवं निष्पादन सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

वही, पुलिस अधीक्षक द्वारा विधि-व्यवस्था के प्रभावी संधारण, अपराध नियंत्रण को सुदृढ़ बनाने तथा जनता को त्वरित एवं बेहतर पुलिस सेवा उपलब्ध



कराने पर विशेष बल दिया गया। एवं पुलिस कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने का भी निर्देश दिया गया। दूसरी ओर पुलिस अधीक्षक राज द्वारा बबुरा थाना के निमार्णाधीन नये भवन का भौतिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने तथा निर्धारित समयसीमा के भीतर निर्माण कार्य पूर्ण कराने हेतु संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### नवनिर्मित भवन का उद्घाटन सह कार्यशाला का आयोजन

**चरपोखरी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालय नगरी में सोमवार को नवनिर्मित भवन का उद्घाटन सह एक दिवसीय कार्यशाला का भव्य आयोजन किया



गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अगिआंव विधायक महेश पासवान ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व प्रभारी चितरंजन कुमार एवं मो. कमालुद्दीन ने संयुक्त रूप से किया। प्रधानाध्यापक अविनाश कुमार ने विद्यालय से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और आवश्यकताओं को विधायक के समक्ष रखा। उन्होंने विद्यालय परिसर में मिट्टी भराव व पक्कीकरण, खेल मैदान की चारदीवारी निर्माण, मुख्य द्वार का निर्माण तथा मध्य विद्यालय सारोपुर से उच्च माध्यमिक विद्यालय नगरी तक संपर्क मार्ग बनवाने की मांग की। विधायक महेश पासवान ने इन सभी मांगों को जल्द पूरा कराने का आश्वासन दिया। नोडल शिक्षक आदर्श कुमार पांडे ने साइबर सुरक्षा और करियर मार्गदर्शन विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस मौके पर सीआरसी अंतर्गत सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, शिक्षक एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### क्राइसिस मैनेजमेंट को लेकर जिलाधिकारी की बैठक

**आरा (एनएसबी)।** डीएम की अध्यक्षता में क्राइसिस मैनेजमेंट को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (जूम) के माध्यम से किया गया। क्राइसिस मैनेजमेंट के संबंध में जिला पदाधिकारी ने सभी अनुमंडल पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी तथा अन्य क्षेत्रीय पदाधिकारियों को गैस एजेंसियों, उर्वरक दुकानों, औद्योगिक क्षेत्रों, पेट्रोल पंपों एवं अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का नियमित निरीक्षण करने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी ने निर्देशित किया की यदि कोई प्रतिष्ठान आवश्यक वस्तुओं की अवैध जमाखोरी करते हुए पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

इसके साथ ही जिला पदाधिकारी ने श्रम अधीक्षक को निर्देशित किया कि जिले के उन श्रमिकों का एक विस्तृत डाटाबेस तैयार करें जो मध्य-पूर्व (मध्य पूर्व) देशों में कार्यरत हैं। साथ ही यह भी जानकारी संकलित की जाए कि वहां उन्हें किसी प्रकार की समस्या का सामना तो नहीं करना पड़ रहा है तथा कितने श्रमिक वापस जिले में लौटे हैं। जिला आपूर्ति पदाधिकारी को सभी गैस एजेंसियों द्वारा घरेलू एलपीजी गैस की आपूर्ति की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी ने सभी प्रखंड के वरीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में उपर्युक्त सभी बिंदुओं पर सतत निगरानी रखते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें।

## भगवान महावीर जन्मकल्याणक पर निकाली शोभायात्रा

**आरा (एनएसबी)।** भगवान महावीर मार्ग स्थित श्री दिगंबर जैन शांतिनाथ मंदिर प्रांगण में आयोजित त्रिदिवसीय महोत्सव के क्रम में सोमवार को शांतिनाथ परिसर से गाजे-बाजे के साथ भगवान महावीर स्वामी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। प्रातः समय में युवाओं के द्वारा प्रभातफेरी निकाली गई, जिसमें बच्चें एवं युवा हाथों में जैन पचरंगा ध्वज लिए हुए थे।

भगवान महावीर का अमर संदेश जियो ओर जीने दो .. इत्यादि जयकारा लगाते हुए जैन समाज के घर-घर पहुंचे वहां लोगों को जैन ध्वज एवं मिष्ठान वितरण किए। मीडिया प्रभारी निलेश कुमार जैन ने बताया कि जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर के जन्म



शोभायात्रा में थिरकतीं महिलाएं।

कल्याणक के अवसर पर आरा स्थित सभी जैन मंदिरों में भव्य अभिषेक, पूजन संपन्न हुआ तत्पश्चात श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर परिसर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा शांतिनाथ मंदिर से निकलकर गोपाली चैक, जेल रोड, हॉस्पिटल रोड, बड़ी मठिया, महादेवा रोड, चित्रटोली रोड होते हुए जैन स्कूल पहुंचीं। वहां पाण्डुकशिला पर भगवान महावीर को विराजमान कर सौभाग्यशाली पात्रों के द्वारा जन्माभिषेक, पंचामृत अभिषेक, पूजन, मंगल आरती, शांतिधारा, पालना इत्यादि का कार्यकम हुआ। महोत्सव में समिति के कमलेश कुमार जैन, डॉ. आदित्य जैन, डॉ. विकास जैन, रमेश जैन, श्वेता जैन, शशांक जैन, वैभव जैन, डॉ. जया जैन, आकाश जैन, रौशन जैन, धीरेन्द्र जैन, अजय जैन, मृगांक जैन, ओंकार अग्रवाल, अमन जैन, सिद्धांत जैन, जूही जैन, रश्मि जैन, वार्ड पार्षद रेखा जैन के साथ सैकड़ों की संख्या में भक्तगण शामिल थे।

### नहीं रहे पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्यामा प्रसाद

**आरा (एनएसबी)।** न्यायिक जगत के वरिष्ठ एवं सम्मानित व्यक्तित्व, पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा उपभोक्ता संरक्षण फोरम के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय श्यामा प्रसाद सिंह का निधन रविवार की सुबह पटना में हो गया। वे 88 वर्ष के थे। उनके निधन की खबर से न्यायिक एवं सामाजिक क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। जानकारी के अनुसार, उन्होंने 29 मार्च 2026 को सुबह करीब 5:00 बजे पटना में अंतिम सांस ली। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन से न केवल न्यायिक क्षेत्र को अपूरणीय क्षति हुई है, बल्कि समाज ने एक अनुभवी एवं निष्पक्ष व्यक्तित्व को भी खो दिया है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश के रूप में उन्होंने कई महत्वपूर्ण मामलों का निष्पादन किया।

# स्वतंत्रता सेनानी एवं भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के संस्थापक कामरेड सुनील मुखर्जी की प्रतिमा निर्माण का शिलान्यास



शिलान्यास करते डॉ. एके गौड़ व डॉ. शकील।

**पटना (एनएसबी)।** सोमवार को स्वतंत्रता सेनानी, कम्युनिस्ट पार्टी बिहार के संस्थापक एवं बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष रहे सुनील मुखर्जी की स्मृति दिवस पर मैत्री शांति भवन, बी. एम. दास रोड, पटना में प्रतिमा निर्माण हेतु भव्य समारोह का आयोजन किया गया। शिलान्यास पटना के प्रख्यात डाक्टर एवं जनस्वास्थ्य के लिए अपने जीवन को समर्पित करने वाले डॉ ए के गौड़ एवं डॉ शकील ने संयुक्त रूप से किया। सभा की अध्यक्षता पटना विश्वविद्यालय भूगोल विभाग के पूर्व अध्यक्ष एवं मगध विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. कार्यानंद पासवान ने किया एवं संचालन पटना विश्वविद्यालय के शिक्षक प्रो. सुधीर कुमार ने किया।

इस अवसर पर आयोजित ऐतिहासिक सभा को संबोधित करते हुए डॉ सत्यजीत सिंह ने बताया कि सुनील मुखर्जी को हम लोग सुनील दा के नाम से बचपन से जानते हैं। सुनील दा के नेतृत्व में बिहार में कम्युनिस्ट पार्टी अपने बड़े ही जुझारू तेवर के साथ विभिन्न संघर्षों का नेतृत्व किया। इस सभा को सम्बोधित करते हुए डॉ ए के गौड़ ने कहा कि सुनील मुखर्जी भारतीय कम्युनिस्ट आंदोलन के एक महत्त्वपूर्ण हस्ताक्षर थे।प्रतिपक्ष के नेता के रूप में उन्होंने जो प्रतिमान स्थापित किया वह आज भी मिशाल पेश किया जाता है। इस सभा को सम्बोधित करते हुए डॉ शकील ने कहा कि सुनील मुखर्जी के नेतृत्व में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी अपने विभिन्न जन आंदोलनों का नेतृत्व किया और एक वैसी पार्टी का निर्माण किया जिसमें समाज के वंचित तबकों के

**डॉ ए के गौड़ एवं डॉ शकील ने संयुक्त रूप से किया शिलान्यास**

अधिकारों के लिए व्यापक भागीदारी सुनिश्चित हो। इस सभा को सम्बोधित करते हुए इस्कफ के राज्य महासचिव रवींद्रनाथ राय ने कहा कि का. सुनील मुखर्जी जीवनपर्यंत एक सर्वमान्य नेता के रूप से स्थापित थे। विभिन्न दलों के लोग भी उनसे समय समय पर राय मशविरा किया करते थे। इस अवसर पर पूर्व विधान परिषद सदस्य प्रो वसी अहमद ने संबोधित करते हुए कहा कि आज जिस तरह से अमेरिकी साम्राज्यवाद पूरी दुनिया में खलबली मचा रखी है उसे देखते हुए लगता है कि साम्राज्यवाद विरोधी संघर्ष के दवाब में आकर हमने आजादी हासिल किया था आज लग रहा है कि फिर से हम साम्राज्यवादी शासकों के हाथों कठपुतली बन गए हैं। एआईपीएसओ के राज्य महासचिव रामबाबू कुमार ने कहा कि सुनील मुखर्जी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिस समय प्रतिपक्ष के नेता चुने गए थे उस समय संयुक्त बिहार से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के पैंतीस विधायक जीत दर्ज किए थे। लोगों का अपार सहयोग मिला था। आज जरूरत है कि उनके विचारों को आम लोगों तक ले जाया जाए। इस आयोजन को शिक्षाविद् डॉ अनिल कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि सुनील मुखर्जी जन नेता थे। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य कां जानकी पासवान ने संबोधित करते हुए कहा कि सुनील मुखर्जी की प्रतिमा का शिलान्यास के लिए किया गया प्रयास काफी सराहनीय है इसके लिए यथासंभव सहयोग करेंगे।

## कांग्रेस के वरिष्ठ नेता झुन्नु भाई अपने समर्थकों के साथ राजद में हुए शामिल



राजद नेता रणविजय साहू के समक्ष सदस्यता लेते कांग्रेस नेता।

**पटना (एनएसबी)।** बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रधान महासचिव रणविजय साहू के समक्ष कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं बिहार विधान परिषद के वैशाली के पूर्व प्रत्याशी मोहम्मद खालीकुल्लाह उर्फ झुन्नु भाई ने आज अपने समर्थकों के साथ राष्ट्रीय जनता दल की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर वैशाली विधानसभा क्षेत्र से राजद के पूर्व प्रत्याशी अजय कुशवाहा, राजद आपदा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष पी के चौधरी एवं प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद भी उपस्थित थे।

इस आशय की जानकारी देते हुए प्रदेश राजद प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि खलीकुल्लाह को राजद की सदस्यता रसीद के साथ प्रतीक चिन्ह गमछा एवं फूलों का माला देकर पार्टी नेताओं ने पार्टी में शामिल होने पर स्वागत किया। इनके पार्टी में शामिल होने से राष्ट्रीय जनता दल को मजबूती मिलेगी। रणविजय साहू ने कहा इनके पार्टी में शामिल होने से सामाजिक न्याय और धर्मनिरपेक्षता की धारा को मजबूती मिलेगी। और लालू प्रसाद के विचारों और तेजस्वी के कार्यों को आगे बढ़ाने में पार्टी को काफी फायदा मिलेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### बिजली दरों में बढ़ोतरी जनता के साथ धोखा, 125 यूनिट मुफ़्त बिजली का वादा पूरा करे सरकार : कुणाल

**पटना (एनएसबी)।** भाकपा माले राज्य सचिव कुणाल ने बिहार में नीतीश भाजपा सरकार द्वारा बिजली दरों में की गई नई बढ़ोतरी को जनता के साथ खुला धोखा करार दिया है. पार्टी ने कहा कि चुनाव के समय 125 यूनिट मुफ़्त बिजली देने का वादा कर जनता को गुमराह किया गया, लेकिन महज चार महीनों में ही सरकार अपने वादों से मुकर गई है. नई दरों के अनुसार अलग-अलग समय पर महंगी बिजली दरें लागू कर आम उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ डाला जा रहा है. यह स्पष्ट करता है कि सरकार राहत देने के बजाय वसूली की नीति पर चल रही है. भाकपा माले ने आरोप लगाया कि चुनाव के दौरान किए गए लोकलुभावन वादों और सरकारी संसाधनों के दुरुपयोग की कीमत अब आम जनता से वसूली जा रही है. पहले से ही महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से जूझ रही जनता पर यह अतिरिक्त बोझ असहनीय है. पार्टी ने मांग की है कि बिजली दरों में की गई बढ़ोतरी को तत्काल वापस लिया जाए और 125 यूनिट मुफ़्त बिजली देने के वादे को लागू किया जाए. साथ ही, बिजली क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए. भाकपाझमाले ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने जनता पर यह बोझ डालना बंद नहीं किया, तो पार्टी व्यापक जनआंदोलन खड़ा करेगी.

### एएन कॉलेज अब वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन (ओनेस) से जुड़ गया

**पटना (एनएसबी)।** ए. एन. कॉलेज, पटना अब भारत सरकार की महत्वपूर्ण शैक्षणिक पहल वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन (ओनेस) से जुड़ गया है। इस पहल के अंतर्गत महाविद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को देश-विदेश की अनेक लाइब्रेरियों एवं शोध संस्थानों के उच्च गुणवत्ता वाले शोध-पत्रों तथा ई-संसाधनों तक पहुँच सुनिश्चित की जा सकेगी। उल्लेखनीय है कि यह सुविधा महाविद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के इनफेड प्लेटफॉर्म के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही है। इस योजना के अंतर्गत शिक्षक एवं विद्यार्थी ऑफ कैंपस (रिमोट एक्सेस) सुविधा का उपयोग करते हुए घर बैठे ही देश-विदेश की लाइब्रेरियों एवं शोध संस्थानों के शैक्षणिक संसाधनों तक पहुँच प्राप्त कर सकेंगे। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रेखा रानी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ह्णवन नेशन वन सब्सक्रिप्शन योजना से जुड़ना ए. एन. कॉलेज, पटना के लिए एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक उपलब्धि है। पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के इनफेड प्लेटफॉर्म के माध्यम से उपलब्ध यह सुविधा शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता वाली शोध-सामग्री तक सहज पहुँच प्रदान करेगी, जिससे शिक्षण-अधिगम एवं शोध गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

### पटना के ए एन कॉलेज में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**पटना (एनएसबी)।** स्वास्थ्य जागरूकता और निवारक देखभाल को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय पहल के तहत, ए एन कॉलेज की एनएसएस इकाई ने 30 मार्च 2026 को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक अपने परिसर में एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह शिविर आदित्य बिरला हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के सहयोग से और पटना के पारस अस्पताल के योग्य डॉक्टरों और स्वास्थ्य पेशेवरों की एक टीम द्वारा आयोजित किया गया था। शिविर में सामान्य स्वास्थ्य जांच, रक्तचाप और रक्त शर्करा परीक्षण, बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई), अस्थि घनत्व परीक्षण, इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम, नेत्र जांच और व्यक्तिगत चिकित्सा परामर्श सहित व्यापक चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गईं। इस कार्यक्रम में छात्रों, संकाय सदस्यों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने



उत्साहपूर्वक भाग लिया। 500 से अधिक व्यक्तियों (संकाय, गैर-शिक्षण और छात्र) ने निःशुल्क चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठाया और स्वस्थ जीवन शैली बनाए रखने के लिए बहुमूल्य मार्गदर्शन प्राप्त किया।

सभा को संबोधित करते हुए, प्रधानाचार्य प्रो. रेखा रानी ने नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व पर प्रकाश डाला और चिकित्सा दल की समर्पित सेवा के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, इस तरह की पहल न केवल स्वास्थ्य समस्याओं का शीघ्र पता लगाने में सहायक होती हैं, बल्कि संस्थान में स्वास्थ्य और कल्याण की संस्कृति को भी बढ़ावा देती हैं। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नवीन कुमार, डॉ. शीरीन मसरूर और डॉ. अमृता चक्रवर्ती ने योजना बनाने से लेकर कार्यान्वयन और अनुवर्ती कार्रवाई तक सभी कार्यों का प्रबंधन करके नेतृत्वकारी भूमिका निभाई, जिससे यह स्वास्थ्य शिविर कॉलेज समुदाय के लिए प्रभावी और लाभकारी साबित हुआ। शिविर का सफल समापन हुआ और प्रतिभागियों ने आयोजकों और चिकित्सा दल के प्रयासों की सराहना की। कॉलेज प्रशासन ने भविष्य में भी इसी तरह के स्वास्थ्य-केंद्रित कार्यक्रमों के आयोजन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

### आनंद विहार और पुरुलिया के मध्य एक नई एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन होगा

**हाजीपुर (एनएसबी)।**यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर आनंद विहार और पुरुलिया के मध्य 02.04.2026 से एक नई साप्ताहिक ट्रेन 14022/14021 आनंद विहार-पुरुलिया-आनंद विहार एक्सप्रेस का परिचालन प्रारंभ किया जा रहा है। यह नई ट्रेन आनंद विहार से प्रत्येक गुरूवार को तथा पुरुलिया सेप्रत्येक शुक्रवार को परिचालित की जाएगी। इस नई ट्रेन का परिचालन डीडीयू-डेहरी ऑन सोन-जपला-गढ़वा रोड-डालटनगंज-बरवाडीह-लातेहार-टोरी-लोहरदगा-रांची-मुरी के रास्ते किया जाएगा। इस नई ट्रेन में प्रथम वातानुकूलित श्रेणी का 01, द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी के 02, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी को 06, शयनयान श्रेणी के 07, सामान्य श्रेणी के 04 कोच एवं एसएलआरडी के 02 कोच सहित कुल 22 कोच होंगे।

### कोडिन युक्त 12050 बोतल कफ सिरप तीन कार के साथ तस्कर गिरफ्तार

# नशे के चार सौदागर पटना में धराये

**नव संदेश ब्यूरो**

**पटना।** शराब बंदी के बाद मादक पदार्थो की तस्करी बढ़ गई है। पुलिस ने गौरीचक थाना क्षेत्र में छापेमारी कर 12050 बोतल प्रतिबंध कोडीन युक्त कफ सिरप तीन कार के साथ चार तस्करों को दबोचा है। मामले की जानकारी सिटी एसपी पूर्वी परिचय कुमार ने पत्रकारों को दी।

पुलिस के मुताबिक 29मार्च की रात्रि में करीब 20:30 बजे सूचना प्राप्त हुआ कि दो स्कॉरपियों गाडी नं0-BR10PB-4187 एवं BR11AZ-9768 तथा एक आर्टिगा गाडी नं0-BR11BN-1598 पर अवैध रुप से नशीली दवा लेकर सोहगी गौरीचक होते हुये ले जाने की सूचना प्राप्त हुयी। इस संबंध में वरीय पदाधिकारी एवं औषधि निरीक्षक पटना को सूचना दिया गया।

सूचना के आलोक में एक टीम का गठन किया गया जिसमें पुलिस पदाधिकारी एवं औषधी निरीक्षक पदाधिकारी एवं बल को शामिल किया गया। गठीत टीम के द्वारा उषा मार्टिन स्कुल के पास वाहन चेकिंग लगाया गया। वाहन चेकिंग के दौरान उक्त तीनों गाडी आते दिखे जब गाडी को रोकने का प्रयास किया गया तो गाडी को रोड के किनारे छोडकर गाडी से उतरकर चार-पाँच व्यक्ति उत्तर कर भागने का प्रयास करने लगे जिसमें से चार व्यक्ति





को बल के सहयोग से पकड लिया गया परन्तु एक व्यक्ति अंधेरा का फायदा उठाकर भाग गया।

जब तीनों गाडी का जाँच किया गया तो गाडी से 6800 बोतल कोडिन युक्त कफ सिरफ शिफेक्स टी बरामद किया गया। जब पकडाये हुये व्यक्ति से सिरप के संबंध में पुछताछ किया गया तो उनके द्वारा बताया गया कि सुभाष कुमार जो ग्राम हण्डेर के रहने वाले है उनके गोदाम से लेकर आ रहे है।

उसके बाद टीम के साथ बताये हुये गोदाम पर छापेमारी किया गया तो गोदाम से 5250 बोतल कोडिन युक्त कफ सिरफ शिफेक्स टी बरामद किया गया।

पुलिस ने इस मामले में मो० आदिल निवासी हलदिया पोखरा थाना सिमराहों जिला अररिया, अनवर आलम सिमरिया थाना कोड़ा जिला कटिहार, करण कुमार रेलवे न्यू कॉलोनी थाना सहायक जिला कटिहार और बमबम कुमार सादलपुर कला थाना रोतारा जिला कटिहार को गिरफ्तार किया है। अन्य की तलाश पुलिस टीम कर रही है।

## सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों को 31 मार्च तक जीवन प्रमाणीकरण कराने की अपील

**पटना (एनएसबी)।** सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के पेंशनधारियों के लिए 31 मार्च तक जीवन प्रमाणीकरण करा लेने की अपील की गई है। समाज समाज कल्याण विभाग (सामाजिक सुरक्षा निदेशालय) ने सभी सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं (जैसे वृद्धजन पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन आदि) के लाभार्थियों से अपील की है कि वे 31 मार्च तक अपना जीवन प्रमाणीकरण अनिवार्य रूप से पूरा करा लें।

प्रमाणीकरण की समय-सीमा पूरी होने के बाद सिर्फ उन्हीं पेंशनधारियों को पेंशन का भुगतान जारी रहेगा, जिन्होंने निर्धारित समय में अपना जीवन प्रमाणीकरण करा लिया है। यदि कोई लाभार्थी इस अवधि में प्रमाणीकरण नहीं कराते हैं, तो अप्रैल से उसकी पेंशन बाधित हो सकती है। अब तक 85 लाख 52 हजार से अधिक पेंशनधारियों ने अपना जीवन प्रमाणीकरण पूरा कर लिया है। इसके लिए पेंशनधारी अपने नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) या वसुधा केंद्र पर जाकर इसे करवा सकते हैं। अति वृद्ध एवं दिव्यांग पेंशनधारियों के

**अबतक 85 लाख 52 हजार से अधिक पेंशनधारियों ने कराया जीवन प्रमाणीकरण**

मामले में यदि फिंगरप्रिंट से प्रमाणीकरण संभव न हो तो आईरिस स्कैन के माध्यम से आसानी से जीवन प्रमाणीकरण करने की योजना है। जिन लाभार्थियों का बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण नहीं हो पा रहा है, उनके लिए भौतिक सत्यापन की भी व्यवस्था की गई है। ऐसे पेंशनधारी अपने प्रखंड कार्यालय, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग से संपर्क कर सकते हैं या हेल्पलाइन नंबर 1800-345-6262 पर फोन करके सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

### परीक्ष्यमान राजस्व अधिकारियों पर सामूहिक अवकाश मामले में कार्रवाई

# 69वीं बैच के 69 अफसरों को शोकॉज

**पटना (एनएसबी)।** राज्य सरकार ने सामूहिक अवकाश और सरकारी कार्यक्रमों से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने वाले 69 परीक्ष्यमान राजस्व अधिकारियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के उप सचिव श्री संजय कुमार सिंह ने संबंधित परीक्ष्यमान राजस्व अधिकारियों के पास पत्र भेजकर स्पष्टीकरण देने का आदेश दिया है।

सरकार ने स्पष्ट किया है कि इन अधिकारियों द्वारा लिया गया सामूहिक अवकाश अवैध घोषित किया जा चुका है और इसे डाईस नॉन माना गया है, यानी इस अवधि को सेवा में नहीं गिना जाएगा। संबंधित अधिकारियों पर आरोप है कि 25 मार्च 2026 की शाम 5 बजे तक उन सभी ने अपने-अपने पदों पर योगदान नहीं दिया है। पत्र में कहा गया है कि यह

**13 अप्रैल तक जवाब नहीं देने वालों पर होगी कार्रवाई**

**रोहतास, मधुबनी व गयाजी के सर्वाधिक अधिकारी जद में**

आचरण न केवल सरकारी आदेशों की अवहेलना है, बल्कि बिहार सरकारी सेवक आचरण नियमावली, 1976 के नियम 3(1) का भी उल्लंघन है। ऐसे में संबंधित अधिकारियों से पूछा गया है कि उनके खिलाफ सेवा से बर्खास्तगी की कार्रवाई क्यों नहीं की जाए। सख्त चेतावनी देते हुए कहा गया है कि यदि 13 अप्रैल 2026 तक स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होता है, तो यह मान लिया जाएगा कि अधिकारियों को इस विषय में कुछ नहीं कहना है, और उनके विरुद्ध एकतरफा अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

24 जिलों में तैनात परीक्ष्यमान अधिकारियों में सबसे अधिक गयाजी, रोहतास और मधुबनी जिले के हैं। स्पष्टीकरण मांगने की यह कार्रवाई राज्य के 24 जिलों में तैनात परीक्ष्यमान राजस्व अधिकारियों पर की गई है। इनमें गयाजी जिले में आठ, रोहतास जिले में सात और मधुबनी जिले के पांच राजस्व अधिकारी शामिल हैं। इसके अलावा बक्सर, बेगूसराय, कटिहार, मधेपुरा, पूर्वी चंपारण, वैशाली और जमुई जिलों में तैनात चार-चार, सिवान, सीतामढ़ी और नालंदा जिलों में तैनात तीन-तीन तथा औरंगाबाद जिले में तैनात दो अधिकारी शामिल हैं। पटना सहित किशनगंज, खगड़िया, पूर्णिया, सुपौल, नवादा, अररिया, अरवल और लखीसराय जिलों में तैनात एक-एक अधिकारी भी इस कार्रवाई के दायरे में आए हैं।

## गंगोत्री धाम से गंगासागर तक अखंड गंगा ज्योति यात्रा जारी

**पटना (एनएसबी)।** सनातनी गंगा फाउंडेशन एवं क्रीड़ा कला भारती के संयुक्त तत्वावधान में अखंड गंगा ज्योति यात्रा का शुभारंभ 8 मार्च 2026 को गंगोत्री धाम से हुआ, जो गंगासागर तक निरंतर अग्रसर है। यह आध्यात्मिक एवं जनजागरण यात्रा माँ गंगा के प्रति श्रद्धा, पर्यावरण संरक्षण तथा खेल संस्कृति को एक सूत्र में पिरोते हुए समाज को प्रेरित कर रही है। यात्रा में माँ गंगा की चरण पादुका एवं अखंड ज्योति के साथ बच्चे मैराथन और रोलर स्केटिंग करते हुए गंगोत्री से गंगासागर तक का संदेश लेकर आगे बढ़ रहे हैं। गंगोत्री से प्रारंभ हुई यह यात्रा उत्तरकाशी, कमांद, ऋषिकेश, हरिद्वार व शुक्रताल किला परीक्षितगढ़, गढ़मुक्तेश्वर,गुन्नौर, कछला, कंपिल, गुरसहायगंज, बिठूर, डलमऊ, प्रयागराज, विंध्याचल, बनारस, गाजीपुर, गहमर ह बिहार के बक्सर,आरा,होते हुए आज पटना पहुंची जहां दीघा पटना के विधायक डॉ. संजीव चौरसिया और पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद जी और उनकी टीम द्वारा स्वागत सत्कार किया गया।

# आंधी-तूफान व ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को मिलेगी क्षतिपूर्ति : मंत्री

**पटना (एनएसबी)।** राज्य सरकार मार्च 2026 के तीसरे एवं चौथे सप्ताह में विभिन्न जिलों में आई आंधी-तूफान, असामयिक वर्षापात एवं ओलावृष्टि के कारण फसलों को हुए नुकसान का व्यापक आकलन करवा रही है। इस संबंध में संबंधित जिलों के जिला कृषि पदाधिकारियों द्वारा क्षति की रिपोर्ट कृषि विभाग को उपलब्ध कराई गई है। प्रभावित किसानों को जल्द ही राहत देते हुए फसल क्षतिपूर्ति राशि उपलब्ध करवाई जाएगी।

इस संबंध में राज्य के कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा है कि कि अब तक राज्य के 36 जिलों से प्राप्त प्रतिवेदनों के अनुसार 12 जिलों सहरसा, मुजफ्फरपुर, अररिया, बेगूसराय, मधुबनी, पूर्णिया, खगड़िया, किशनगंज, मधेपुरा,

**कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा- 12 जिलों में 33 प्रतिशत से ज्यादा फसल क्षति का आकलन, जल्द मिलेगी क्षतिपूर्ति**

दरभंगा, सुपौल एवं भागलपुर के कुल 111 प्रखंडों में व्यापक फसल क्षति की सूचना प्राप्त हुई है। इन क्षेत्रों में लगभग 2,06,658.12 हेक्टेयर में लगी गेहूं, मक्का, दलहन, तेलहन सहित अन्य फसलों को 33 प्रतिशत अथवा उससे अधिक क्षति होने का आकलन किया गया है। उन्होंने कहा है कि प्रभावित किसानों को नियमानुसार फसल क्षतिपूर्ति के लिए सहायता राशि शीघ्र उपलब्ध कराई जाएगी। राज्य सरकार स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है तथा किसानों को राहत प्रदान करने के लिए आवश्यक प्रशासनिक प्रक्रिया तेजी से पूरी की जा रही है। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार हर परिस्थिति में किसानों के साथ खड़ी है। प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों को हरसंभव सहायता प्रदान करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि फसल क्षतिपूर्ति में धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी, क्योंकि सरकार का मानना है कि सरकारी खजाने पर पहला अधिकार आपदा पीड़ितों का है।कृषि मंत्री ने सभी प्रभावित किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार उनके नुकसान की भरपाई के लिए प्रतिबद्ध है तथा जल्द ही राहत राशि उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि किसान पुनः खेती की तैयारी कर सकें।

## मुख्य न्यायाधीश संगम कुमार साहू ने हाईकोर्ट परिसर में स्वास्थ्य डिस्पेंसरी के विस्तार पटल का किया उद्घाटन

**पटना (एनएसबी)।** पटना हाईकोर्ट परिसर में स्वास्थ्य से जुड़ी सेवाओं का विस्तार किया गया है। मुख्य न्यायाधीश श्री संगम कुमार साहू ने कोर्ट परिसर में मौजूद स्वास्थ्य केंद्र के विस्तार पटल का उद्घाटन सोमवार को किया। इस स्टेट डिस्पेंसरी की विस्तारित सुविधाओं की शुरूआत होने से यहां कार्यरत न्यायाधिशों से लेकर अधिवक्ताओं समेत सभी स्तर के कर्मियों को काफी सुविधा होगी, खासतौर से किसी आपात स्थिति में यह अस्पताल चिकित्सीय सुविधा मुहैया कराने में सक्षम होगा। यह पहल न्यायिक तंत्र से जुड़े सभी व्यक्तियों के स्वास्थ्य एवं कार्यक्षमता को सुदृढ़ करने की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। उद्घाटन के बाद मुख्य न्यायाधीश ने नव-विकसित चिकित्सा सुविधाओं का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर पटना उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सुधीर सिंह, न्यायामूर्ति राजीव रंजन प्रसाद, न्यायमूर्ति मोहित कुमार साह समेत अन्य न्यायाधीश मौजूद थे। स्वास्थ्य विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह के अलावा हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता, कर्मी समेत अन्य भी मौजूद थे। मुख्य न्यायाधीश ने नवनिर्मित विस्तार पटल में लगाए गए एक्स-रे केंद्र, फिजियोथेरेपी केंद्र, दवा वितरण केंद्र और डिस्पेंसरी का मुआयना किया। इस नए विस्तारित भवन में चिकित्सा पदाधिकारी या डॉक्टर के अलावा विशेषज्ञ डॉक्टर रोस्टर के आधार पर मरीजों का इलाज करेंगे। यहां एक क्यूआर स्कैनर भी लगाया गया है, जिस पर कोई व्यक्ति स्कैन कर-के डॉक्टर के उपलब्ध रहने का समय के साथ ही किस दिन कौन से डॉक्टर देखेंगे, इसकी पूरी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

इस नए चिकित्सा केंद्र में रोस्टर के आधार पर त्वचा रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, होमियोपैथी समेत अन्य विशेषज्ञ डॉक्टर रोजाना बैठेंगे। जबकि, स्त्री रोग विशेषज्ञ सोमवार, फिजिशियन मंगलवार, हड्डी रोग विशेषज्ञ बुधवार, हृदयरोग विशेषज्ञ गुरुवार और नेत्र रोग विशेषज्ञ शुक्रवार को बैठेंगे। इस तरह की चिकित्सीय सुविधा शुरू होने पर अधिवक्ता संघों ने खासतौर से हर्ष व्यक्त किया है। एडवोकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि इस तरह की सुविधा परिसर में उपलब्ध होने से यहां के वकीलों के साथ कर्मियों को भी काफी सहूलियत होगी। वहीं, लॉयर एसोसिएशन के महासचिव राजीव कुमार सिंह एवं संयुक्त सचिव शैलेंद्र कुमार सिंह ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि अब एक्स-रे मशीन यहां लगने से लोगों को बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।